दैनिक जयन्त
स्थापित : 1979
संस्थापक
स्व0 श्री नरेन्द्र उनियाल
वर्ष-44, अंक 251
कोटद्वार शनिवार
14 जनवरी 2023, पृष्ठ-8

गढ़वाल जनपद का प्रथम दैनिक

# जयन्त

निर्भीक-निष्पक्ष-जनसरोकार

खबर बड़ी होती है, अखबार नहीं
दैनिक जयन्त
www.dainikjayantnews.com

कोटद्वार एवं गैरसैंण से प्रकाशित डाक पंजीयन यू.ए./पी.ए.ओ.07-2021-23 फोन नं0 01382-222383, मो0 नं0 8384897348, 9412081969 e-mail : dainikjayant@rediffmail.com, nagendra.uniyal@gmail.com मूल्य-2 रुपये

## जोशीमठ भू-धंसाव प्रभावितों का एक साल का लोन स्थगित



**देहरादून ।** भूधंसाव से अस्तित्व संकट का सामना कर रहे जोशीमठ को बचाने और स्थानीय नागरिकों के पुनर्वास को सरकार ने रणनीतिक कदम उठाने की तैयारी कर ली है।

धंसाव के लिए अब तक बड़े कारण के रूप में अलकनंदा नदी से जोशीमठ की तलहटी में हो रहे कटाव (टो इरोजन) को आंका गया है। पुष्कर सिंह धामी मंत्रिमंडल की शुक्रवार को होने वाली बैठक में जोशीमठ प्रभावितों के लिए और टो इरोजन रोकने के संबंध में महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। आज हुई बैठक में प्रभावितों को बड़ी राहत देते हुए प्रभावितों द्वारा सहकारिता से लिए गए ा ण की किस्त एक साल के लिए स्थगित कर दी गई है। वहीं राष्ट्रीयत और निजी बैंक लोन की किस्त को एक साल स्थगित माफ करने के लिए केंद्र को प्रस्ताव भेजा जाएगा। वहीं सरकार ने कहा कि भर्ती परीक्षाओं में नकल रोकने को पेपरलीक मामले में सख्त कानून लाएगी। इसे लेकर आज बैठक के दौरान चर्चा हुई। इसके साथ ही राज्य कैबिनेट की बैठक में और भी कई महत्व्वूपर्ण लिए गए।

### भूधंसाव का कारण जानने को लेकर अलग-अलग हो रही जांच

◆आपदा प्रबंधन सचिव ने बताया कि जोशीमठ में भूमि धंसने के विभिन्न पहलुओं को ध्यान में रखकर अलग-अलग जांच की जा रही हैं। ◆आइआइटी रुड़की भू-तकनीकी अध्ययन कर रही है। ◆इंडियन इंस्टीट्यूट आफ रिमोट सेंसिंग (आइआइआरएस) लैंड मूवमेंट के सेटेलाइट फोटो उपलब्ध कराए जाएंगे। ◆जीएसआइ प्रभावित क्षेत्र का भूमि सर्वेक्षण एवं पुनर्वास के लिए चयनित भूमि का भूगर्भीय अध्ययन किया जा रहा है। ◆वाडिया हिमालय भूवैज्ञानिक संस्थान क्षेत्र का भूकंपीय दृष्टि से अध्ययन कर रहा है। तीन भूकंपीय स्टेशन लगाए जा चुके हैं। इसके अतिरिक्त भूमिगत उप सतही सर्वेक्षण के भू-भौतिकीय अन्वेषण शुरू किया गया है। ◆डा सिन्हा ने बताया कि राष्ट्रीय भू-भौतिकीय अनुसंधान संस्थान (एनजीआरआइ) प्रभावित क्षेत्र का भू-भौतिकीय अध्ययन कर रहा है। इसका हाइड्रोलाजिकल मैप भी उपलब्ध कराया जाएगा।

### जोशीमठ भू-धंसाव के संबंध में लिए गए महत्वपूर्ण फैसले

◆बैठक में राहत शिविरों को लेकर मानक तय

◆वास्तविक रेंट या 950 रुपए प्रतिदिन अधिकतम तय

◆450 रुपए खाने के लिए प्रति व्यक्ति प्रति दिन तय

◆पुनर्वास को लेकर कोटि फार्म, पीपलकोटी, गौचर, ढाक और एक अन्य स्थान चिन्हित

◆किराया राशि को 4000 से बढ़ाकर 5000 किया गया

◆भारत सरकार से एक सप्ताह के भीतर राहत पैकेज का प्रस्ताव भेजा जाएगा

◆विस्थापित परिवारों को जिंद्गी बसर के लिए एसडीआरएफ की गाइडलाइन के अनुसार परिवार के दो व्यक्ति को मनरेगा के नियमानुसार मजदूरी दी जाएगी

◆पशुओं के लिए 15000 रुपये विस्थापन और 80 रुपए प्रतिदिन चारे के लिए तय

बिजली पानी के बिल नवंबर माह से अगले 06 माह के लिए माफ

◆राष्ट्रीयत और निजी बैंक लोन की किस्त को एक साल स्थगित करने के लिए केंद्र को भेजेंगे प्रस्ताव

◆सहकारिता से लिए गए ा ण की किस्त एक साल के लिए स्थगित

◆आपदा प्रबंधन विभाग पहाड़ी शहरों की धारण क्षमता की करेगी जांच

◆पेपरलीक मामले में सरकार सख्त कानून लाएगी सरकार

◆मुख्य सचिव डा एसएस संधु ने बताया कि कैबिनेट में निर्णय लिया गया है कि भर्तियों में भ्रष्टाचार को रोकने के लिए सरकार द्वारा शीघ्र ही एक सख्त नकल विरोधी कानून लाया जाएगा, जिसमें दोषी को उम्रकैद तक की सजा का प्रविधान किया जाएगा।

◆साथ ही, इस कार्य में अर्जित की गयी संपत्ति को भी जब्त किया जाएगा।

◆उन्होंने कहा कि राज्य लोक सेवा आयोग द्वारा लेखपाल की परीक्षा को दोबारा आयोजित किया जाएगा। जिन अभ्यर्थियों ने पूर्व में इसके लिए आवेदन किया है, उन्हें दोबारा आवेदन नहीं करना होगा। न ही इसके लिए कोई फीस देनी होगी।

◆साथ ही यह भी निर्णय लिया गया कि उत्तराखंड परिवहन निगम की बसों में अभ्यर्थियों को किराया नहीं देना होगा, अभ्यर्थियों का प्रवेश पत्र ही उनका बसों में टिकट माना जाएगा।

◆राज्य सरकार की मशीनरी और केंद्रीय एजेंसियां अलर्ट मोड में

◆जोशीमठ में बीती दो जनवरी से भूधंसाव की विकट स्थिति सामने आने के बाद राज्य सरकार की मशीनरी और केंद्रीय एजेंसियां अलर्ट मोड में हैं। शहर और शहरवासियों की सुरक्षा को विभिन्न स्तर पर फौरी कार्यों को अंजाम दिया जा रहा है। साथ में राज्य सरकार के साथ ही केंद्रीय संस्थानों के स्तर से भूधंसाव के कारणों की पड़ताल भी की जा रही है। अभी तक प्रारंभिक तौर पर जो भी निष्कर्ष सामने आए हैं, उन पर अब मंत्रिमंडल की मुहर लगेगी।

◆आपदा प्रबंधन सचिव डा रंजीत सिन्हा ने गुरुवार को पत्रकारों से बातचीत में बताया था कि जोशीमठ की सुरक्षा और पुनर्वास को लेकर शुक्रवार को मंत्रिमंडल की बैठक में अहम निर्णय लिए जाएंगे।

◆पुनर्वास के लिए चिह्नित किए जा रहे स्थलों का भी भूगर्भीय सर्वेक्षण होगा। जोशीमठ में ड्रेनेज संबंधित कार्यों और टो-इरोजन की रोकथाम को ईपीसी मोड में तत्काल कार्य प्रारंभ करने को सिंचाई विभाग से प्रस्ताव प्राप्त हो गया है। इसमें प्रस्तावित एकल स्रोत की संस्था नामित करने को पत्रावली वित्त को भेजी गई है।

### गंगोत्री, यमुनोत्री धाम सहित ऊंचाई वाले क्षेत्र में बर्फबारी

**उत्तरकाशी।** जिले के गंगोत्री, यमुनोत्री धाम समेत हर्षिल धराली, मुखबा गांव सहित अन्य ऊंचाई वाले क्षेत्र में शुक्रवार को भी जमकर बर्फबारी हुई। जबकि जिला मुख्यालय और आसपास के क्षेत्र में आसमान में काले बादल छाए रहे। वहीं बर्फबारी से हर्षिल क्षेत्र के काश्तकारों के चेहरे खिल उठे हैं। काश्तकारों की माने तो साल के शुरुआती दौर में होने वाली यह बर्फबारी सेब की फसल के लिए लाभदायक है। जिले में पिछले दो-तीन दिन से मौसम खराब है। बीती देर रात और शुक्रवार को दोपहर में गोमुख, गंगोत्री धाम, नेलांग, हर्षिल, मुखबा, धराली, बगोरी, सुक्की, झाला, पुराली छोलमी सहित यमुनोत्री धाम और अन्य ऊंचाई वाले इलाकों में बर्फबारी हुई, जो गुरुवार को भी जारी रही। गंगोत्री धाम के तीर्थ पुरोहित राजेश सेमवाल ने बताया कि गंगोत्री से लेकर सुक्की टप तक बर्फबारी का सिलसिला जारी है। साल में दूसरी बार हुई यह बर्फबारी सेब की फसल के लिए वरदान है। उन्होंने कहा कि बर्फबारी के बाद सर्द हवाओं के साथ ठिठुरन बढ़ गई है। वहीं दूसरी ओर जिला मुख्यालय में गत दो दिन से आसमान में घने काले बादल छाये रहे। कहीं-कहीं पर हल्की बारिश देखने को मिली है।

### राज्यपाल ने दी प्रदेशवासियों को मकर संक्रांति, पोंगल, बिहू पर्व की बधाई एवं शुभकामनाएं

**देहरादून।** राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने राज्य के सभी नागरिकों को मकर संक्रांति, पोंगल, बिहू पर्व की बधाई देते हुए उनके सुखी, समृद्ध तथा स्वस्थ जीवन की कामना की है। अपने संदेश में राज्यपाल ने कहा है कि उत्सव, तीज-त्योहार हमारे जीवन की नीरसता को कम करके जीवन में एक नई उमंग, उत्साह और ऊर्जा का संचार करते हैं। हमारी यह समृद्ध परम्पराएं सामाजिक सौहार्द तथा अच्छा वातावरण बनाये रखने में मदद करती हैं। हमें अपनी इन गौरवशाली परम्पराओं को निभाते रहना चाहिए क्योंकि स्वस्थ सामाजिक वातावरण में देश-प्रदेश तथा समाज की प्रगति सुनिश्चित है।

### सरेंडर न करने वाले फरार आरोपी की संपत्ति की होगी कुर्की

**पिथौरागढ़।** स्मैक तस्करी के मामले में फरार चल रहे वारंटी के सरेंडर न करने पर पुलिस उसकी संपत्ति की कुर्की करेगी। इसके लिए पुलिस ने वारंटी के घर पर नोटिस चस्पा भी कर दिया है। पुलिस के मुताबिक जुलाई 2022 में पुलिस ने सिनेम लाइन निवासी पारस बोरा और सेरा के तरूण सिंह सामंत को स्मैक के साथ पकड़ा। विवेचना के दौरान यूपी मुरादाबाद निवासी रजीउल्ला का नाम भी सामने आया। आरोपी लंबे समय से फरार चल रहा है। अब पुलिस ने आरोपी के न्यायालय में पेश न होने पर संपत्ति की कुर्की करने का निर्णय लिया है।

### गंगा के पानी की गुणवत्ता की करें नियमित निगरानी : हाईकोर्ट

**प्रयागराज, एजेंसी।** इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने माघ मेले के मद्देनजर संबंधित अधिकारियों को कानपुर और प्रयागराज में गंगा के पानी की गुणवत्ता की नियमित निगरानी सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है। नदी में प्रदूषण से संबंधित एक जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए मुख्य न्यायाधीश राजेश बिंदल, न्यायमूर्ति मनोज कुमार गुप्ता और न्यायमूर्ति अजीत कुमार की तीन-न्यायाधीशों की पीठ ने संबंधित अधिकारियों को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया कि माघ मेले के दौरान किसी भी प्रकार का अपशिष्ट गंगा और यमुना में न छोड़ा जाए।अदालत ने कहा, यदि सेप्टिक टैंक में सीवेज एकत्र किया जाता है, तो यह सुनिश्चित किया जाए कि इसे मेले के अंत में हटा दिया जाए और यहां छोड़ा न जाए।अदालत ने माघ मेले का प्रबंधन करने वाले अधिकारियों को यह सुनिश्चित करने का भी निर्देश दिया कि मेला क्षेत्र में सिंगल यूज प्लास्टिक पर प्रतिबंध को ठीक से लागू किया जाए।

### पूर्व केंद्रीय मंत्री शरद यादव का निधन, 75 की उम्र में ली अंतिम सांस

**पटना , (एजेंसी)।** पूर्व केंद्रीय मंत्री और बिहार के दिग्गज समाजवादी नेता शरद यादव का लंबी बीमारी के बाद गुरुवार देर शाम 75 साल की उम्र में निधन हो गया। उनकी बेटी सुभाषिनी यादव ने सोशल मीडिया पर इस खबर की पुष्टि की। उन्होंने फेसबुक पर लिखा, पापा अब नहीं रहे। शरद यादव लंबे समय से बीमार थे और गुरुग्राम के फोर्टिस अस्पताल में उनका इलाज चल रहा था। शरद यादव को बिहार के सबसे सम्मानित समाजवादी नेताओं में से एक माना जाता था। उनमें गजब की राजनीतिक समझ है। उन्हें राज्य की राजनीति में एक महान क्यूरेटर भी माना जाता था। उन्होंने लालू प्रसाद यादव को बाद के मुख्यमंत्री कार्यकाल के साथ-साथ जब केंद्रीय मंत्री थे, तब कई राजनीतिक सुझाव दिए थे। उनका राज्यसभा का कार्यकाल जून 2022 में समाप्त हुआ था। इसके बाद वे अपना 7 तुगलक रोड बंगला खाली कर दक्षिणी दिल्ली के छतरपुर इलाके में अपनी बेटी के घर चले गए।

### पटवारी भर्ती परीक्षा प्रश्नपत्र लीक प्रकरण के सभी आरोपियों को जेल भेजा

**हरिद्वार।** पटवारी भर्ती परीक्षा प्रश्नपत्र लीक करने के हाईप्रोफाइल प्रकरण में शामिल लोकसेवा आयोग के अनुभाग अधिकारी, मास्टरमाइंड उसकी पत्नी, पलिटेक्निक शिक्षक समेत सात आरोपियों को एसटीएफ ने गिरफ्तार कर लिया। शुक्रवार को औपचारिकताएं पूरी करने के बाद एसटीएफ एवं कनखल पुलिस ने आरोपियों को न्यायिक मजिस्ट्रेट द्वितीय की कोर्ट में पेश किया, जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

गुरुवार को उत्तराखंड एसटीएफ ने पटवारी भर्ती परीक्षा प्रश्नपत्र लीक मामले का भंडाफोड़ करते हुए लोकसेवा आयोग के अनुभाग अधिकारी संजीव चर्तुवेदी, उसकी पत्नी रितु, राजपाल, रामुकमार और संजीव कुमार को गिरफ्तार किया था। आरोपियों के कब्जे से 41 लाख रुपये की रकम, कुछ चेक, मोबाइल फोन बरामद किए थे। सामने आया था कि अनुभाग अधिकारी ने ही प्रश्नपत्र लीक किया था, जिसके बाद उसकी पत्नी ने पेशे से पलिटेक्निक शिक्षक राजपाल के साथ मिलकर प्रश्नपत्र को बाजार में उतार दिया था। देर शाम आरोपियों को एसटीएफ टीम देहरादून से लेकर कनखल थाने पहुंची थी। इधर, एसटीएफ ने का-र्रवाई करते हुए मुकदमे में नामजद अन्य आरोपी प्रमोद एवं मनीष को भी हिराससत में ले लिया। देर रात लंबी पूछताछ के बाद उनकी भी गिरफ्तारी कर ली गई। शुक्रवार को औपचारिकताएं पूरी करने के बाद आरोपियों को न्यायिक मजिस्ट्रेट द्वितीय की कोर्ट में पेश किया, जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में भेजने के आदेश दिए गए। एसटीएफ एवं कनखल पुलिस ने सभी आरोपियों को जेल भेज दिया है।

## प्रभावितों की उपेक्षाओं के अनुरूप होगा पुनर्वास और सेटलमेंट : सीएम

**जयन्त प्रतिनिधि**

**देहरादून :** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि भू-धंसाव से प्रभावित जोशीमठ क्षेत्र की समस्याओं के समाधान की दिशा में हम चरणबद्ध तरीके से आगे बढ़ रहे हैं।

प्रभावित लोगों को त्वरित राहत एवं बचाव पहुंचाना हमारी सबसे बड़ी प्राथमिकता है। प्रभावितों के हित में उनकी जो भी अपेक्षाएं हैं उन अपेक्षाओं के अनुरूप उनके पुनर्वास और सेटलमेंट के लिए काम कर रहे हैं, प्रधानमंत्री भी स्वयं और उनका कार्यालय भी लगातार इस बात की चिंता कर रहा है। प्रभावितों के विस्थापन के लिए उनके सुझावों के आधार पर इतनी बेहतर व्यवस्था की जायेगी यह पूरे देश के लिए नजीर बने।

मुख्यमंत्री ने कहा कि जोशीमठ के लोगों की जानमाल की सुरक्षा ही इस समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। प्रभावित परिवारों को तात्कालिकता के साथ सुरक्षित स्थानों में भेजा जा रहा है। प्रभावित भवनों के चिन्हीकरण का कार्य निरन्तर जारी है। भूवैज्ञानिकों तथा विशेषज्ञों की टीमें भूधसांव के कारणों की जांच के कार्य में लगी है।

प्रशासन प्रभावितों के निरन्तर सम्पर्क में है। राहत शिविरों में उनकी मूलभूत सुविधाओं का ध्यान रखा जा रहा है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने भू-धंसाव से प्रभावित जोशीमठ क्षेत्र के लोगों के हित में राज्य कैबिनेट द्वारा लिये गये महत्वपूर्ण निर्णयों को प्रभावितों के व्यापक हित में बताया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि विपदा की इस घड़ी में सरकार प्रभावितों के साथ खड़े हैं, इसमें कहीं किसी को भी किसी प्रकार का संदेह नहीं होना चाहिए।

## जल्द बनेगा नकल विरोधी कानून, दोषी को होगी उम्र कैद, अर्जित संपत्ति होगी जब्त

### उत्तराखंड के युवा का हक मारने वाले किसी भी दोषी को नहीं छोड़ेगें

**जयन्त प्रतिनिधि**

**देहरादून :** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की जीरो टॉलरेंस आन करप्शन की नीति और नकल माफियाओं के विरुद्ध कठोर कार्यवाही के निर्देश के क्रम में शुक्रवार को एक और बड़ी कार्रवाई हुई है। राज्य कैबिनेट द्वारा प्रदेश में भर्तियों में भ्रष्टाचार रोकने के लिए प्रदेश में शीघ्र सख्त नकल विरोधी कानून बनाये जाने का निर्णय लिया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस कानून को इतना सख्त बनाया जायेगा कि भविष्य में कोई इस बारे में सोचे भी नहीं। सख्त नकल विरोधी कानून में दोषी का उम्र कैद की सजा का प्राविधान तो होगा ही उसके द्वारा अर्जित संपत्ति को जब्त किये जाने का भी व्यवस्था रहेगी।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने लगातार जीरो टॉलरेंस ऑन करप्शन की नीति से कोई समझौता न करने की बात कही है। उन्होंने कहा है भर्ती प्रक्रिया में यदि कोई अनियमितता है तो इसमें संलिप्त लोगों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी। अपने प्रदेश के ईमानदार और परिश्रमी युवाओं के साथ हमारी सरकार अन्याय नहीं होने देगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि भर्ती परीक्षाओं में हुई गड़बड़ी की जांच करने वाली एजेंसियां अपना काम कर रही हैं। उत्तराखंड के युवा का हक मारने वाले किसी भी दोषी को छोड़ा नहीं जाएगा। सरकार ये सुनिश्चित कर रही है कि भविष्य की सभी भर्ती परीक्षाएं स्वच्छ और पारदर्शी हो। अब भविष्य में कोई इन परीक्षाओं में गड़बड़ी करने की हिम्मत न कर सके। नकल विरोधी कानून के प्रविधानों से यह व्यवस्था बन जायेगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि युवाओं का मनोबल बनाये रखने के लिये राज्य लोक सेवा आयोग के माध्यम से शीघ्र परीक्षाएं कराकर युवाओं को नौकरी देना सरकार की पहली प्राथमिकता है।

युवा बेरोजगारों को स्वस्थ प्रतिस्पर्धी माहौल देने के लिये सरकार कृत संकल्पित है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा अब यह भी व्यवस्था बनायी गई है कि लोक सेवा आयोग एवं अधीनस्थ चयन सेवा आयोग द्वारा भविष्य में आयोजित होने वाली परीक्षाओं में अभि सूचना इकाई को भी सक्रिय किया जायेगा, ताकि इन परीक्षाओं की कड़ी निगरानी हो सके। इस संबंध में अपर मुख्य सचिव श्रीमती राधा रतूड़ी के स्तर पर आदेश भी निर्गत किये जा चुके हैं। उन्होंने कहा कि नकल माफियाओं के लगातार सक्रिय रूप से तैनात होने तथा परीक्षा पेपर को लीक आउट कराये जाने से परीक्षा देने वाले अन्य अभ्यर्थी, जो दिन-रात मेहनत करते हैं, उनके भविष्य के साथ खिलवाड़ हो रहा है।



### पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं मध्य प्रदेश की पूर्व सीएम सुश्री उमा भारती ने की सीएम धामी से भेंट

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से शुक्रवार को मुख्यमंत्री आवास में पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं मध्य प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री सुश्री उमा भारती ने भेंट की। इस अवसर पर जोशीमठ के भूधंसाव क्षेत्र में प्रभावित परिवारों की सुरक्षा एवं क्षेत्र में सरकार द्वारा की जा रही विभिन्न व्यवस्थाओं पर चर्चा की गई। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि जोशीमठ के भू धंसाव क्षेत्र में प्रभावित परिवारों को अंतरिम पैकेज दिया जा रहा है। अंतरिम पैकेज एवं पुनर्वास की दर निर्धारण करने के लिए कमेटी का गठन किया गया है। प्रभावित हितधारकों के हितों का पूरा ध्यान रखते हुए मुआवजा दिया जाएगा।

## कर्णप्रयाग में 8 घरों को खाली करने का नोटिस

**चमोली।** बदरीनाथ यात्रा मार्ग पर मंडी समिति के आसपास बसे बहुगुणानगर में भूधंसाव के चलते अति संवेदनशील 8 घरों को प्रशासन ने खाली करने के नोटिस दे दिए हैं। आवासीय भवनों में दरारें बढ़ जाने की शिकायत के बाद प्रशासन ने सुरक्षा के मद्देनजर यह कदम उठाया है। लेकिन नोटिस मिलते ही प्रभावितों ने भवन सहायता राशि मिलने पर ही खाली करने की बात कहते हुए इसे शासन-प्रशासन द्वारा सौतेला व्यवहार का आरोप लगाया है। गुरुवार शाम आठ भवन स्वामियों को नोटिस मिलने के बाद प्रभावित परिवारों ने कहा नोटिस के साथ राहत के नाम पर जोशीमठ प्रभावितों के समान उन्हें भी सहायता दी जानी चाहिए। नगर क्षेत्र कर्णप्रयाग के अंतर्गत बीते एक दशक से बहुगुणानगर के 20 से अधिक भवन मंडी परिषद के भवन निर्माण के दौरान चली जेसीबी मशीन और कर्णप्रयाग-नैनीसैंण मोटर मार्ग की समुचित नाली निकासी न होने से खतरे की जद में है। कई मकानों पर बीती बरसात में दरारें बढ़ जाने से लोगों ने सुरक्षित स्थानों पर जाना सही समझा, लेकिन कई परिवार आज भी खतरायुक्त भवनों में रहने को मजबूर है। जोशीमठ में भूधंसाव की घटना के बाद घबराए लोगों ने शासन-प्रशासन से क्षेत्र का स्थलीय निरीक्षण कर राहत देने की गुहार लगाई। जिस पर गत दिनों प्रशासन की टीम ने लोनिवि, सिंचाई, एनएच, व नगर पालिका के अधिकारियों के साथ भवनों का निरीक्षण किया और 28 भवनों में दरारें पाई। जिसमें से आठ भवनों को रहने लायक नहीं बताते हुए सुरक्षा के मद्देनजर नगर पालिका के रैन बसेरे में शिफ्ट करने की बात कही। गुरुवार शाम आठ भवनस्वामियों को नोटिस देते हुए अधिशासी अधिकारी नगर पालिका को नोडल अधिकारी नियुक्त करते हुए रैन बसेरे में कमरे उपलब्ध कराने के निर्देशित किया गया। नोटिस मिलने के बाद भूधंसाव की जद में आए भवन स्वामी पंकज डिमरी, हरेन्द्र बिष्ट ने कहा भूधंसाव जोशीमठ और कर्णप्रयाग में भी हुआ है, लेकिन शासन-प्रशासन इसके लिए समान नीति लागू नहीं कर पाया है यहां प्रशासन द्वारा नोटिस थमा दिया गया है।

## उच्च शिक्षा के लिए ग्लोबल साउथ स्कॉलरशिप शुरू करेगा भारत: पीएम

**नई दिल्ली, एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को वइस अफ ग्लोबल साउथ समिट के समापन सत्र को संबोधित किया। पीएम मोदी ने कहा कि पिछले 2 दिन में इस समिट में 120 से ज्यादा विकासशील देशों ने शिरकत की। यह ग्लोबल साउथ की सबसे बड़ी वर्चुअल सभा है। उन्होंने कहा कि पिछले 3 साल खासकर हमारे जैसे विकासशील देशों के लिए कठिन रहे हैं। पीएम मोदी ने कहा कि नए साल की शुरूआत एक नई आशा का समय है। हम सभी ग्लोबलाइजेशन का समर्थन करते हैं। भारत ने



हमेशा विश्व को एक परिवार के रूप में देखा है।पीएम मोदी ने कहा कि विकासशील देश ऐसा ग्लोबलाइजेशन चाहती हैं, जिससे जलवायु संकट या ा ण संकट उत्पन्न न हो। उन्होंने कहा कि हम ऐसा ग्लोबलाइजेशन चाहते हैं, जिससे वैक्सीन का असमान वितरण न हो, जिसमें समृद्धि और मानवता की भलाई हो।

पीएम मोदी ने कहा, श्हमें संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद और ब्रेटन वुड्स संस्थानों सहित प्रमुख अंतरराष्ट्रीय संगठनों में तत्काल एक मौलिक सुधार की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि भारत एक ग्लोबल साउथ सेंटर अफ एक्सीलेंसश स्थापित करेगा। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, श्मुझे एक नए प्रोजेक्ट आरोग्य मैत्रीश के बारे में बताते हुए खुशी हो रही है। इसके तहत भारत प्रातिक आपदाओं और मानवीय संकट का सामना कर रहे विकासशील देशों को मेडिकल सहायता उपलब्ध कराएगा।

पीएम मोदी ने कहा, श्हमारी कूटनीतिक आवाज को सक्रिय करने के लिए, मैं युवा अधिकारियों को हमारे विदेश मंत्रालयों से जोड़ने के लिए एक ग्लोबल साउथ यंग डिप्लोमैट्स फोरम का प्रस्ताव करता हूं। भारत विकासशील देशों के छात्रों के लिए भारत में उच्च शिक्षा हासिल करने के लिए ग्लोबल साउथ स्कलरशिप भी शुरू करेगा।

### 12 दिनों में ही 5.4 सेमी धंसा जोशीमठ, इसरो ने किया खुलासा

**देहरादून ।** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के नेशनल रिमोट सेंसिंग सेंटर (एनआरएससी) ने जोशीमठ की सेटेलाइट तस्वीरें और भू-धंसाव पर एक प्रारंभिक रिपोर्ट जारी की है, जिससे पता चलता है कि पूरा शहर धंस सकता है। तस्वीरें काटोसैट-2एस सेटेलाइट से ली गई हैं। हैदराबाद स्थित एनआरएससी ने धंसते क्षेत्रों की सेटेलाइट तस्वीरें जारी की हैं। तस्वीरों में सेना के हेलीपैड और नरसिम्हा मंदिर सहित पूरे शहर को संवेदनशील क्षेत्र के रूप में चिह्नित किया गया है। इसरो की प्रारंभिक रिपोर्ट के आधार पर उत्तराखंड सरकार खतरे वाले इलाकों में रेस्क्यू अपरेशन चला रही है और इन इलाकों के लोगों को प्राथमिकता के आधार पर सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया जा रहा है।

# पेपर लीक मामले को लेकर कांग्रेस ने सरकार का पुतला दहन किया



उत्तरकाशी : पटवारी पेपर लीक मामले को लेकर शुक्रवार को पुरोला में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने सरकार का पुतला फूंका। इस दौरान कांग्रेसियों ने सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी और प्रदर्शन किया तथा सरकार पर भ्रष्टाचार में लिप्त होने का आरोप लगाया। पुरोला बाजार में प्रदेश सरकार का पुतला फूंकते हुए कांग्रेसियों ने कहा कि गत 8 जनवरी को हुई पटवारी भर्ती परीक्षा का पेपर लीक होना दुर्भाग्य की बात है। इसके लिए पूरी तरह से प्रदेश सरकार जिम्मेदार है। कहा कि भाजपा सरकार की कथनी और करनी में कितना अंतर है, यह पटवारी भर्ती परीक्षा में साफ हो गया है। नगर अध्यक्ष जयेंद्र रावत ने कहा कि अभी यूकेएसएसएससी पेपर लीक का मामला अभी ठंडा भी नहीं हुआ था कि पटवारी भर्ती परीक्षा का पेपर लीक हो गया। जिससे कि साफ जाहिर हो रहा है कि इस पूरे मामले में सरकार की संलिप्तता है और प्रदेश के बेरोजगार युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ किया जा रहा है। उन्होंने इस पूरे प्रकरण की सीबीआई से निष्पक्ष जांच करा कर दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा दिलाने की मांग रखी। पुतला फूंकने वालों में जगदीश गुंसाई, देवेंद्र नौटियाल, बिहारी लाल शाह, दिनेश खत्री, सुरेन्द्र नेगी, प्रशांत नेगी, आशीष नेगी, राजपाल रावत, ओमप्रकाश रावत, धीरेन्द्र नेगी आदि थे। (एजेंसी)

### किसानों की समस्याओं पर चर्चा की

नई टिहरी : नैलचामी पट्टी के मंजारी एग्रो फार्मिंग में किसान एंव उद्यान मित्रों ने बैठक कर किसानों की समस्याओं पर चर्चा की। बैठक में महिला काश्तकारों ने कहा कि किसानों के सामने जंगली जानवरों से फसल सुरक्षा, खेतों की घटती उपज, तैयार उत्पादन को बाजार न मिलने के साथ अन्य समस्याएं हैं। खंड विकास अधिकारी ने सरकार की ओर से किसानों के लिये संचालित योजनाओं की जानकारी दी। उद्यान मित्रों ने संरक्षित खेती व एरोमेटिक क्रोप पर जोर दिया, जिसमें लेमनग्रास, रोजमेरी, काली हल्दी, अश्वगंधा, मछली पालन, पशुपालन, पोल्ट्री फार्म स्वरोजगार हेतु इच्छा जाहिर की। बैठक क्यारदा जैविक कल्स्ट के किसानों को प्रमाण पत्र भी वितरित किये गये। मौके पर मंजारी एग्रो फार्मिंग संचालक बद्री प्रसाद अंथवाल, राजेन्द्र रावत, वासुदेव सेमवाल, विकास गुसाई, बसंती देवी, राखी देवी, मुनी देवी आदि मौजूद थे। (एजेंसी)



## पेट्रोलियम और एनर्जी स्टडीज विवि के चांसलर डॉ. सुनील राय ने की सीएम धामी से भेंट

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से शुक्रवार को सचिवालय में पेट्रोलियम और एनर्जी स्टडीज विश्वविद्यालय (वढएर) के चांसलर डॉ. सुनील राय ने भेंट की। इस अवसर पर उन्होंने जोशीमठ में भूधंसाव से प्रभावितों की सहायता के लिए मुख्यमंत्री राहत कोष हेतु 05 लाख रुपए का चेक मुख्यमंत्री को सौंपा। इस अवसर पर वी.सी डॉ. राम शर्मा भी उपस्थित थे।

# बीडीसी में छाए रहे सड़क, शिक्षा पेयजल के मुद्दे

चमोली : नारायणबगड़ विकासखंड की त्रैमासिक बैठक ब्लॉक प्रमुख यशपाल नेगी की अध्यक्षता में आहूत की गई। जिसमें सड़क, शिक्षा, पेजयल समेत कई मुद्दे छाए रहे। अधिकारियों द्वारा जनप्रतिनिधियों का फोन नहीं उठाना और पूरी तैयारी के साथ नहीं आने से सदन के अध्यक्ष एवं जनप्रतिनिधियों ने गहरी नाराजगी व्यक्त की गई।

नारायणबगड़ विकासखंड सभागार में शुक्रवार को क्षेत्र पंचायत सदस्यों की त्रैमासिक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य, समाज कल्याण, पेयजल निगम समेत विभिन्न विभागों को लेकर बैठक में जनप्रतिनिधियों ने हंगामा किया। सबसे अधिक शिकायत विकासखंड में सड़कों को लेकर रही। क्षेत्र पंचायत सदस्य कन्हैया सती ने नारायणबगड़ मोटर मार्ग पर टूटे हुए पुस्तों का शीघ्र निर्माण करने की बात कही। वहीं नारायणबगड़–किमोली, नारायणबागड़–झिंझोनी, नारायणबगड़–कफारतीर समेत कई अन्य सड़कों की दयनीय स्थिति को ठीक करने की मांग की गई। वहीं ग्राम प्रधान डूंगरी नैन सिंह ने परखाल–जुनेर–घुलेट–डूंगरी मोटर मार्ग का शीघ्र निर्माण करने की बात कही। ग्राम प्रधान भंगोटा भूपेंद्र मेहरा ने 7 माह से अधिक समय से बंद भंगोटा कुशदेव मोटर मार्ग नहीं खुलने से नाराजगी व्यक्त की। ग्राम प्रधान सणकोट अंशी देवी ने नारायणबगड़, परखाल सणकोट मोटर मार्ग की जर्जर स्थिति का मुद्दा सदन के समक्ष रखा। वहीं क्षेत्र पंचायत सदस्य पृथ्वी पाल सिंह बिष्ट ने नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि अधिकारियों के द्वारा जनप्रतिनिधियों का फोन नहीं उठाया जाता है। वहीं ग्राम प्रधान कौब लक्ष्मण कुमार ने राजकीय इंटर कॉलेज कौब के भवन निर्माण का मुद्दा सदन के समक्ष रखा। प्रधान संगठन के उपाध्यक्ष महेश कुमार ने राजकीय प्राथमिक विद्यालय देवली में एकल शिक्षक होने के कारण प्रभावित हो रहे शिक्षण कार्य का मुद्दा उठाया। वहीं जनप्रतिनिधियों द्वारा हर घर जल हर घर नल योजना के तहत कई सवाल विभागों से पूछे।

## भाकियू ने सहकारी समिति कार्यालय पर की तालाबंदी

विकासनगर। भारतीय किसान यूनियन के कार्यकर्ताओं ने किसानों को नैनो खाद को जबरदस्ती बेचे जाने पर शुक्रवार को किसान सेवा सहकारी समिति विकासनगर में तालाबंदी कर प्रदर्शन किया। किसान यूनियन के कार्यकर्ताओं ने आरोप लगाया कि विशेष कंपनी की नैनो खाद बेचने के लिए किसानों पर आर्थिक बोझ डाला जा रहा है। तालाबंदी करने सहकारी समिति के कार्यालय पहुंचे किसान यूनियन के कार्यकर्ताओं ने कहा कि कोविड संक्रमण के बाद से ही किसान आर्थिक तंगी के दौर से गुजर रहे हैं। बीते वर्ष मौसम की बेरुखी और धान में रोग लगने से फसल बर्बाद हुई। पछुवादून में करीब अस्सी प्रतिशत धान की फसल बर्बाद हो गई थी, जिससे किसानों को बड़ा नुकसान हुआ।

अभी तक बारिश नहीं होने से फसल की बुआई प्रभावित हुई है, जिससे उत्पादन पर असर पड़ेगा। ऐसे में किसान के सामने आर्थिक संकट गहरा गया है। बैंक का ऋण चुकाना किसानों के लिए भारी साबित हो रहा है। सरकार किसानों को राहत देने के बजाय उन पर आर्थिक बोझ बढ़ा रही है। सहकारी समिति से खाद खरीदने पर उन्हें जबरदस्ती नैनो खाद भी बेची जा रही है, जबकि आम किसान इस नैनो खाद को खरीदने से मना कर रहे है। इससे किसानों पर डेढ़ सौ से दो सौ रुपये तक का अतिरिक्त भार बढ़ रहा है। किसान यूनियन के कार्यकर्ताओं ने इसे किसानों का आर्थिक शोषण करार देते हुए जबरदस्ती नैनो खाद की बिक्री पर रोक लगाने की मांग की है।

# विवाद सुलझाने गई पुलिस टीम पर आरोपियों ने झोंका फायर

रुड़की। कोतवाली क्षेत्र के गांव में झगड़े की सूचना पर पहुंची पुलिस ने हालात को नियंत्रित करना चाहा तो आरोपियों ने पुलिस टीम पर ही फायर झोंक दिया। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ हत्या के प्रयास, सरकारी कार्य में बाधा उत्पन्न करने के आरोप में मुकदमा दर्ज किया है। एक आरोपी को पुलिस ने अवैध हथियार के साथ गिरफ्तार कर लिया है। कोतवाली क्षेत्र के गांव बुक्कनपुर में 12 जनवरी को किसी बात को लेकर आपस में झगड़ा शुरू हो गया। इस संबंध में आरोपियों की ओर से चलाई गई गोली एक युवक को भी लगी थी। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने हालात को नियंत्रित करने का प्रयास किया। लेकिन आरोपियों ने पुलिस पार्टी पर ही हमला कर दिया। जिसमें पुलिसकर्मियों को भी चोट आई हैं। बाद में अतिरिक्त पुलिस बल मौके पर पहुंचा और गांव में गश्त करने के बाद शांति व्यवस्था बहाल की गई। लंढौरा चौकी प्रभारी पुष्पेंद्र सिंह की ओर से तीन नामजद आरोपियों के खिलाफ कोतवाली में हत्या के प्रयास, सरकारी कार्य में बाधा उत्पन्न करने का मुकदमा दर्ज कराया गया है। आरोपियों के नाम तमरेज, नदीम तथा तस्लीम सभी निवासी बुक्कनपुर हैं। पुलिस ने आरोपियों की तलाश शुरू की। इस दौरान लंढौरा चौकी प्रभारी को सूचना मिली कि एक आरोपी नदीम लंढौरा क्षेत्र में देखा गया है। पुलिस ने घेराबंदी कर उसे शिकारपुर रोड से गिरफ्तार कर लिया आरोपी के कब्जे से एक तमंचा तथा कारतूस बरामद किया गया। आरोपी के खिलाफ शस्त्र अधिनियम के तहत अतिरिक्त मुकदमा दर्ज किया गया है।

### प्रतिबंधित मांस व उपकरण के साथ दो गिरफ्तार

रुड़की। पुलिस ने गुरुवार रात दौड़बसी स्थित गांव के समीप मुर्गा फार्म में गोकशी की सूचना पर छापेमारी कर दो युवकों को गिरफ्तार किया। उनका एक साथी मौके से फरार हो गया। मौके से 35 किलो प्रतिबंधित मांस व काटने के उपकरण भी बरामद किया।

## एक नजर

### सांसद अजय भट्ट ने किया नैनीताल दौरा ,जन समस्याएं सुनीं

नैनीताल। केंद्रीय रक्षा एवं राज्यमंत्री व नैनीताल सांसद अजय भट्ट ने शुक्रवार को नैनीताल का दौरा किया। उन्होंने राज्य अतिथि गृह में जन समस्याएं सुनीं। यहां दर्जन भर से अधिक फरियादियों ने समस्याएं रखी। उन्होंने तत्काल अधिकारियों को निस्तारण के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने शहर के विभिन्न स्थानों का स्थलीय निरीक्षण किया। यहां आयोजित जन संवाद के बीच लंबे समय से गंभीर बिमारी से ग्रसित बिडला चुंगी निवासी युवती के उपचार के लिए हंस फाउंडेशन संस्था से फोन में बात कर युवती को जल्द उपचार देने की बात कही। नारायण नगर के सभासद भगवत रावत ने क्षेत्र में बीएसएनएल मोबाइल टावर लगावने की मांग की। जनसमस्या सुनने के बाद भट्ट ने शहर के संवेदनशील और अति संवेदनशील क्षेत्र बैड हाउस, पंत पार्क, क्षतिग्रस्त मालरोड, बलियानाला, सूखाताल का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि नैनीताल का बैंड हाउस को दुरुस्त करने के लिए सरकार से 76 लाख का बजट जारी किया गया है। साथ ही आलूखेत, भूमियाधार गांव में हो रहे भूस्खलन को रोकने के लिए सरकार ने क्षेत्र में भू वैज्ञानिकों की टीम भेजी है। उनकी रिपोर्ट के आधार पर गांव में हो रहे भूस्खलन का ट्रीटमेंट किया जाएगा।

### खुशहालपुर में लगा निशुल्क उपचार शिविर

विकासनगर। राजकीय होम्यौपैथिक चिकित्सालय छरबा की ओर से शुक्रवार को खुशहालपुर में निशुल्क उपचार शिविर लगाया गया। शिविर में ग्रामीणों के रोगों की जांच करने के साथ ही उन्हें दवा वितरित की गई।

इसके साथ ही ग्रामीणों को संक्रमक रोगों के लक्षण, बचाव और उपचार की जानकारी दी गई। शिविर में कुल 143 ग्रामीणों के स्वास्थ्य की जांच की गई। प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ. आभा शर्मा ने ग्रामीणों को बताया कि संक्रमक रोग एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति तक पहुंचते हैं।

# विधायक पुंडीर ने अधिकारियों को दिए क्षतिग्रस्त पेयजल लाइन मरम्मत के निर्देश

विकासनगर। विधायक सहदेव पुंडीर ने सहसपुर के आरकेडिया में पेयजल निगम और चाय बागान प्रबंधन समिति की स्थानीय बाशिंदों की मौजूदगी में बैठक ली। विधायक ने संबंधित अधिकारियों को ग्रामीणों की सभी समस्याओं का त्वरित निस्तारण करने के निर्देश दिए। शुक्रवार को स्थानीय लोगों ने विधायक को बताया कि उनकी बस्ती में लंबे समय से पेयजल संकट बना हुआ है। क्षेत्र में नई पेयजल लाइन बिछाने के दौरान पुरानी लाइन क्षतिग्रस्त हो गई थी, जिसे ठीक नहीं किया गया। कई पाइप अभी तक मुख्य लाइन से नहीं जोड़े गए हैं।



जगह–जगह लीकेज की समस्या भी बनी हुई है, जिससे बस्ती में पर्याप्त पानी नहीं आ रहा है। बताया कि लोगों को पीने के पानी की व्यवस्था करने के लिए घर से दो किमी दूर हैंडपंप तक जाना पड़ता है। विधायक ने पेयजल निगम के अधिकारियों को सभी क्षतिग्रस्त पेयजल लाइनों की मरम्मत कर पर्याप्त पेयजल आपूर्ति सुचारु करने के निर्देश दिए। चाय बागान से संबंधित समस्या की जानकारी देते हुए स्थानीय लोगों ने बताया कि श्यामपुर, लक्ष्मीपुर, मोतीपुर, उम्मेदपुर की सीमाओं से लगे चाय बागान का रखरखाव चाय बागान कंपनी के जिम्मे था। लेकिन बीते आठ वर्षों से कंपनी ने रखरखाव करना छोड़ दिया। इससे चाय बागान क्षेत्र जंगल में तब्दील हो गया।

### किशोरियों को कानून और स्वास्थ्य की जानकारी दी

विकासनगर। आइडीएस इंपैक्ट संस्था की ओर से चलाए जा रहे बालिका शिक्षा केंद्रों पर इन दिनों किशारियों को स्वास्थ्य और कानून संबंधी जानकारी दी जा रही है। इसी कड़ी में शुक्रवार को आदूवाला और बद्रीपुर के कलस्टरों पर शिविर आयोजित किया गया। संस्था के राज्य समन्वयक सुरेश उनियाल ने पॉक्सो ऐक्ट और हिंसा से संबंधित कानूनों की जानकारी दी। उन्होंने नई योजनाओं, नए कानूनों की जानकारी रखने को कहा।

इसके साथ ही उन्होंने समाज में फैली कुरीतियों, बाल विवाह से होने वाले नुकसान और शिक्षा के महत्व की विस्तृत जानकारी मुहैया कराई। साथ ही किशोरियों में एनीमिया के कारण, रोकथाम और आईएफए टेबलेट्स के बारे में बताया।

## जीवित व्यक्ति को मृत दिखाकर बेच दी जमीन, दंपति सहित चार लोगों पर केस

विकासनगर। सहसपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत दंपति सहित चार लोगों ने सभावाला निवासी एक जीवित व्यक्ति को मृत दिखाकर उसकी जमीन के फर्जी दस्तावेज तैयार कर जमीन को अपने नाम करवा लिया। आरोप है कि आरोपियों ने फर्जी दस्तावेज तैयार करने के बाद जमीन को अन्यत्र लोगों को बेच डाला। इस मामले में पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ फर्जी दस्तावेज तैयार कर धोखाधड़ी करने के आरोप में मुकदमा दर्ज किया है। जगदीश पुत्र करतार सिंह ने सहसपुर थाना पुलिस को दी तहरीर में बताया कि मो. जैदरथी अंसारी पुत्र मो. रफी, सुरेंद्र पुत्र करतार सिंह, बुद्धो पत्नी करतार सिंह और सत्तार अहमद पुत्र मोहरी आदि निवासीगण सभावाला ने मिलकर उनकी जमीन से संबंधित फर्जी दस्तावेज तैयार किए। आरोप लगाया कि आरोपियों ने जगदीश के पिता करतार सिंह को मृत दर्शाकर तहसील और सब रजिस्टार कार्यालय के कर्मियों की मिलीभगत से उनकी जमीन अपने नाम दर्ज करा दी। इसमें कुछ भूमि को मो. जैदरथी ने अपनी मां के नाम करवा दिया। कुछ जमीन को सुरेंद्र को करतार सिंह का वारिश दिखाकर उसके नाम दर्ज करवा दी। शिकायत करने के बाद तहसीलदार विकासनगर ने निरस्त करवा दिया था। लेकिन आरोपी मो. जैदरथी ने फिर फर्जी दस्तावेज तैयार कर उसके पिता को मृत दिखाकर उक्त जमीन को फिर सुरेंद्र पुत्र करतार सिंह के नाम करवा दिया।

## धूमधाम से मनाया लोहड़ी पर्व

विकासनगर। सुंदरिए–मुंदरिए हो, तेरा कोन विचारा हो, दुल्ला भट्टी वाला हो, गई लोहड़ी वे, बना लो जोड़ी वे...जैसे पारंपरिक गीत–संगीत के साथ पछुवादून में लोहड़ी का पर्व धूमधाम से मनाया गया। विकासनगर ,चकराता समेत अन्य स्थानों पर बच्चों ने घर–घर जाकर लोहड़ी मांगी। लोगों ने मूंगफली, गजक, रेवड़ी का आनंद उठाया। सूरज ढलने के बाद धीरे–धीरे लोहड़ी जलाना शुरू किया गया। गीत–संगीत, ढोल–नगाड़ों की थाप पर लोगों ने जमकर भांगड़ा किया। इस दौरान एक दूसरे को गले मिलकर लोहड़ी की शुभकामनाएं दीं।

लोहड़ी को लेकर विकासनगर, हरबर्टपुर में जगह–जगह मूंगफली, गजक की दुकानें सजी थीं। बच्चों ने सुबह से ही लोहड़ी मांगना शुरू कर दिया था। घरों में कई प्रकार के पकवान बनाए गए। विकासनगर के रामकुमार चौक, पंजाबी कालोनी, अजीतनगर में ढोल–नगाड़ों की थाप पर पारंपरिक गीतों पर नृत्य कर लोहड़ी जलाई गई। इस दौरान महिलाओं ने आओ भंगड़ा पाएं इस बार, ट्विंकल, ट्विंकल लिटिल स्टार..., फिर गई भंगड़े दी बारी, लोहड़ी मनोदी करो तैयारी.., आग दे कोल सारे आओ, सुंदर, मुंदरिए जोर नाल गाओ, गई लोहड़ी वे, बना लो जोड़ी वे....जैसे पारंपरिक लोहड़ी के गीत गाए। बच्चे, बड़े और बुजुर्गों ने एक–दूसरे को गले–मिलकर लोहड़ी की बधाई दी। पंजाबी समाज के लोगों ने चकराता में लोहड़ी का पर्व हर्षोल्लास से मनाया। छावनी बाजार स्थित गुरुद्वारे और एमईएस लाइन गुरुद्वारे में समाज के लोगों ने लोहड़ी जला एक दूसरे को बधाई देकर ढोल की थाप पर भांगड़ा किया।

### मोथरोवाला में निर्माणाधीन मकान में चोरी, केस दर्ज

देहरादून। नेहरू कॉलोनी के मोथरोवाला में एक निर्माणाधीन मकान में चोरी कर ली गई। उनकी तहरीर पर पुलिस केस दर्ज कर जांच में जुटी है।

द्वारिकापुरम मोथरोवाला निवासी नरेन्द्र सिंह पुत्र गोपाल सिंह ने तहरीर देकर बताया कि उनका नया मकान बन रहा है और वह किराए पर रहते हैं। वह लखनऊ से अपना सामान लेकर आए थे और यहां निर्माणाधीन मकान के एक कमरे में रखकर ताला लगाकर चले गए। अगली सुबह पड़ोसियों ने सूचना दी कि कॉरपेंटर बोल रहा है कि ताले टूटे हुए हैं। जाकर देखा तो फर्नीचर, तांबे पीतल के बर्तन, महंगे कपड़े और अन्य कीमती सामान चोरी था।

# चरस समेत तीन आरोपी गिरफ्तार

विकासनगर। कोतवाली पुलिस ने दो अलग–अलग मामलों में कार्रवाई कर 650 ग्राम चरस की तस्करी में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से पुलिस ने करीब छह जार रुपये की नगदी, मोटरसाइकिल और मोबाइल फोन बरामद किया है। आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने एनडीपीएस ऐक्ट में मुकदमा दर्ज किया है। आरोपियों को कोर्ट में पेश कर न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया है। कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत नशे के खिलाफ चलाये जा रहे अभियान के दौरान पुलिस की गश्ती टीमों ने अलग–अलग क्षेत्र से तीन आरोपियों को चरस तस्करी के आरोप में गिरफ्तार किया है। इसमें चौकी बाजार क्षेत्र के अंतर्गत खेड़ा के पास



अजीतनगर से आरोपी जयपाल सिंह पुत्र दलीप सिंह उर्फ देबू निवासी लावडी तहसील चकराता को गिरफ्तार किया है। जयपाल के पास से पांच सौ ग्राम चरस, मोबाइल फोन, 5950 रुपये बरामद हुए हैं। जलालिया पीर के समीप आम के बाग से बाइक सवार मोहम्मद मेहताह पुत्र तस्लीम निवासी कैथोडा थाना मीरापुर मुजफ्फरनगर उत्तर प्रदेश और मुवशिर अहमद पुत्र मुस्सबीर निवासी भट्टा रोड विकासनगर को एक सौ पचास ग्राम चरस के साथ गिरफ्तार किया है। कोतवाल शंकर सिंह बिष्ट ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस ऐक्ट में मुकदमा दर्ज कर कोर्ट में पेश किया। जहां से आरोपियों को न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया है।

## पटवारी पेपर लीक मामले को लेकर सेलाकुई में प्रदर्शन

विकासनगर। पटवारी भर्ती पेपर लीक मामले को लेकर सेलाकुई में लोगों ने प्रदेश सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया। आक्रोशित लोगों ने प्रदेश सरकार का पुतला आग के हवाले कर पूरे मामले की सीबीआई जांच की मांग की। शुक्रवार को पूर्व दर्जाधारी आकिल अहमद के नेतृत्व में एकत्र हुए लोगों ने पेपर लीक होने के मामले में राज्य सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया। उन्होंने लेखपाल पटवारी पेपर लीक होने पर राज्य सरकार पर गंभीर आरोप लगाए।उन्होंने कहा कि पहले अधीनस्थ सेवा चयन आयोग के



पेपर लीक हुए और अब पटवारी भर्ती के पेपर लीक का मामला सामने आया है। आरोप लगाया कि इससे साफ जाहिर होता है परीक्षा माफिया की सरकार के साथ साठगाठ है। सरकार और परीक्षा माफिया मिलकर प्रदेश के युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं। राज्य गठन के 22 साल बाद भी प्रदेश का युवा रोजगार के लिए दर दर की ठोकरें खाने को मजबूर हैं। गरीब वर्ग युवा मेहनत कर भर्ती परीक्षाओं की तैयारी करते हैं, लेकिन प्रदेश सरकार की मिलीभगत से नौकरियों को बेचने का धंधा चल रहा है। इससे युवा खुद को ठगा महसूस कर रहे हैं। कहा कि राज्य अधीनस्थ सेवा चयन आयोग के पेपर लीक का मामला पूरे देश में चर्चाओं में रहने के बावजूद एक बार फिर पेपर लीक होना सरकार की नाकामी का परिणाम है।

### हरिपुर खैरी की टीम पहुंची दूसरे राउंड में

विकासनगर। क्षत्रिय बाहती विकास मंच समिति की ओर से शुक्रवार को हरिपुर खैरी के रामलीला मैदान में स्वामी विवेकानंद मैमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट आयोजित किया गया। टूर्नामेंट में पहले दिन हरिपुर खैरी की टीम ने मैच जीत कर दूसरे राउंड में प्रवेश किया। उद्घाटन मुख्य अतिथि पूर्व जिला पंचायत सदस्य यशपाल नेगी ने किया। उन्होंने कहा कि खेलों से शारीरिक के साथ ही बौद्धिक विकास भी होता है।

## भोजनमाताओं ने शिक्षा मंत्री से की मानदेय बढ़ाने की मांग

विकासनगर। भोजनमाता संगठन के प्रतिनिधि मंडल ने मानदेय बढ़ाए जाने समेत अन्य कई मांगों को लेकर शुक्रवार को शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत से मुलाकात की। बताया कि एक ओर सरकार महिला सशक्तीकरण के लिए कई योजनाएं संचालित करने का दावा कर रही है, वहीं दूसरी ओर सरकारी विद्यालयों में कार्यरत भोजनमाताओं को अल्प मानदेय दिया जा रहा है। जो भोजनमाताओं के आर्थिक शोषण के समान है। प्रतिनिधि मंडल ने शिक्षा मंत्री को ज्ञापन सौंपते हुए बताया कि तीन हजार से कम मानदेय में काम करना श्रम कानूनों के भी विपरीत है। भोजनमाता संगठन लंबे समय से आठ रुपए प्रतिमाह मानदेय दिए जाने की मांग कर रहा है, लेकिन सरकार उनकी मांग को अनदेखा कर रही है। भोजनमाताओं को मानदेय के अलावा अन्य कोई सुविधाएं नहीं दी जाती है। कहा कि 65 वर्ष की आयु पर भोजनमाताओं को भोजनमाता कल्याणार्थ कोष से सम्मानजनक राशि देकर सेवानिवृत्त किया जाना चाहिए।

# पुरानी पेंशन बाहली को लेकर सड़क पर उतरे अधिकारी व कर्मचारी

◆सरकार के खिलाफ विभागीय कर्मचारी व अधिकारियों ने निकाली रैली
◆जल्द पुरानी पेंशन बहाल नहीं होने पर दी आंदोलन की चेतावनी



कोटद्वार में पुरानी पेंशन बहाली को लेकर आक्रोश रैली निकालते कर्मचारी व अधिकारी।

जयन्त प्रतिनिधि।

**कोटद्वार :** पुरानी पेंशन बहाल करने की मांग को लेकर विभागीय अधिकारी व कर्मचारियों ने सड़क पर उतरकर प्रदर्शन किया। कर्मचारी व अधिकारियों ने सरकार पर उनकी उपेक्षा का आरोप लगाया। कहा कि वह पिछले कई वर्षों से पुरानी पेंशन बहाल करने की मांग उठा रहे हैं। बावजूद इसके सरकार चुप्पी साधे हुए है। जबकि, कई प्रदेशों में पुरानी पेंशन बाहल करने की तैयारी की जा रही है। ऐसे में सरकार को उत्तराखंड के कर्मचारियों के हित पर भी ध्यान देना चाहिए।

शुक्रवार को कर्मचारी व अधिकारियों ने राजकीय इंटर कालेज कोटद्वार से नजीबाबाद रोड, बदरीनाथ मार्ग से होते हुए तहसील तक आक्रोश रैली निकाली। इसके उपरांत उन्होंने उपजिलाधिकारी प्रमोद कुमार के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजा। कर्मचारियों ने कहा कि नई पेंशन योजना में जो कर्मचारी सेवानिवृत्त हो रहे हैं उनकी पेंशन तीन से चार हजार के करीब बन रही है। नई पेंशन योजना किसी भी तरह से कर्मचारियों के हित में नहीं है। इतनी कम पेंशन में सेवानिवृत्ति के बाद कर्मचारियों को आर्थिक परेशानी का सामना करना पड़ेगा। कहा कि वर्तमान में राजस्थान, छत्तीसगढ़, झारखंड व पंजाब के साथ ही हिमाचल में पुरानी पेंशन बहाल करने की प्रक्रिया गतिमान है। लेकिन, उत्तराखंड में सरकार कर्मचारियों के हितों को लेकर गंभीर नहीं है। कहा कि कर्मचारियों व अधिकारियों के हित को देखते हुए जल्द ही पुरानी पेंशन योजना लागू की जानी चाहिए। इस मौके पर जनपद पौड़ी के अध्यक्ष सुजीत रावत, सचिव अनूप जदली, मनमोहन चौहान, महावीर बिष्ट, भाष्कर भारद्वाज, सरिता रौतेला, राजी नेगी, वरदान बुड़ाकोटी, केके राजा आदि मौजूद रहे।

## विवेकानंद जयंती पर बालीबाल प्रतियोगिता का आयोजन

जयन्त प्रतिनिधि।

**कोटद्वार** : अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद कोटद्वार इकाई द्वारा स्वामी विवेकानंद जयंती को राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर परिषद की ओर से बालीबाल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला नवयुग पब्लिक स्कूल और स्कॉलर्स एकेडमी खेला गया जिसमें नवयुग पब्लिक स्कूल की टीम ने जीत हासिल करते हुए ट्रॉफी अपने नाम की। इस अवसर पर परिषद के उत्तरांचल प्रांत मंत्री ऋतांशु कंडारी ने खेलों के महत्व को समझाया। इस दौरान जिला संगठन मंत्री मृदुल भट्ट, जिला संयोजक तरुण इष्टवाल, नगर मंत्री मयंक विश्नोई, अतिन रावत, दीक्षा ठाकुर, शिवांगी ध्यानी, शिवांशु शाह, मंजीत थपलियाल और दीपिका जखमोला आदि थे।

## दौड़ में सुमित व आरती रही प्रथम



दालमीखेत में आयोजित प्रतियोगिता में प्रतिभाग करते बच्चे

**कोटद्वार** : दालमीखेत में आयोजित बच्चों की दौड़ प्रतियोगिता में सुमित व आरती ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। इस दौरान विभिन्न प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया गया।

आयोजित प्रतियोगिताओं का शुभारंभ सरस्वती पूजन के साथ किया गया। मेला समिति के संरक्षक भगवती प्रसाद कंडवाल ने ग्रामीणों को मेले के महत्व के बारे में बताया। कहा कि मेले हमारी संस्कृति व सभ्यता के प्रतीक है। इसके संरक्षण के लिए हमें एकजुट होकर प्रयास करना चाहिए। इस दौरान सौ मीटर दौड़ सीनियर बालक वर्ग में सुमित, पंकज व श्रेष्ठ बलूनी और बालिका वर्ग में आरती, कामिनी व साजिया प्रथम, द्वितीय व तृतीय रहे।

सौ मीटर दौड़ प्राथमिक बालक वर्ग में शौर्य, शिवांश व अक्षत और बालिका वर्ग में वनीषा, लक्ष्मी व आकृति ने प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया। महिलाओं की कुर्सी दौड़ प्रतियोगिता में सरोज प्रथम, प्रीति द्वितीय व परमेश्वरी तृतीय स्थान पर रही। इस मौके पर मधुसूदन बलूनी, दिनेश चंद्र कंडवाल, प्रदीप भट्ट, नरेश चंद्र शर्मा, ऋषि कंडवाल, हिमांशु कंडवाल, रतन कंडवाल, पंकज कंडवाल, गबर सिंह रावत आदि मौजूद रहे।

# रैली निकालकर यातायात के प्रति किया जागरूक

### सड़क सुरक्षा सप्ताह के तीसरे दिन विभाग ने चलाया अभियान



राजकीय इंटर कॉलेज कोटद्वार में स्वयं सेवियों को यातायात के प्रति जागरूक करती यातायात पुलिस

जयन्त प्रतिनिधि

**कोटद्वार:** सड़क सुरक्षा सप्ताह के तीसरे दिन सहायक संभागीय परिवहन कार्यालय की टीम व अन्य सामाजिक संगठनों ने बाइक रैली निकाल जनता को यातायात के प्रति जागरूक किया।

इस दौरान दुर्घटनाओं को रोकने के लिए रेहड़ी-ठेली, साइकिल व विद्युत पोल के साथ ही कृषि कार्यों में प्रयुक्त ट्रेक्टर-ट्रॉली में रिफ्लेक्टर लगाए गए।

शुक्रवार को सहायक संभागीय परिवहन कार्यालय ने लायंस क्लब सहित अन्य सामाजिक संस्थाओं के साथ मिलकर शहर में यातायात जागरूकता बाइक रैली निकाली। रैली के दौरान आमजन को यातायात नियमों के बारे में बताया गया।

रैली मालवीय उद्यान से बदरीनाथ मार्ग, झंडाचौक, नजीबाबाद रोड, बालासौड़, देवी रोड होते हुए गढ़वाल टंकी के समीप पहुंची। रैली में लाउडस्पीकरण के माध्यम से आमजन को यातायात के प्रति जागरूक किया जा रहा था। परिवहन अधिकारी पंकज श्रीवास्तव ने बताया कि इसके उपरांत बाजार क्षेत्र में घूमकर 14 रेहडी–ठेली, 17 साइकिल व दस से अधिक ट्रैक्टर–ट्राली के साथ ही विद्युत पोल पर रिफ्लेक्टर लागाए।

सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी ने बताया कि रात के अंधेरे में हिट एंड रन की घटनाओं को रोकने के लिए उक्त वाहनों पर रिफ्लेक्टर लगाए जा रहे हैं। वहीं, यातायात पुलिस ने राजकीय इंटर कॉलेज के एनएसएस शिविर में स्वयं सेवियों को यातायात के प्रति जागरूक किया। कहा कि सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए आमजन का जागरूक होना आवश्यक है।

## नयार नदी में गिरी बालिका, मौत

जयन्त प्रतिनिधि।

**सतपुली।** जनपद पौड़ी गढ़वाल के ग्राम सरोड़ा निवासी एक बालिका पैर फिसलने के कारण नयार नदी में गिर गई। नदी डूबने से बालिका की मौत हो गई। जिससे क्षेत्र में मातम का माहौल है। बालिका का शव बरामद कर लिया गया है। मिली जानकारी के अनुसार ग्राम सरोडा से ग्राम मरोड़ा पैदल मार्ग जाने वाले रास्ते पर सतपुली व्यास घाट मोटर मार्ग का मलबा पैदल रास्ते पर आने के कारण 14 वर्षीय बालिका का पैर फिसल गया। जिससे फिसलकर बालिका नयार नदी में गिर गई और बालिका की डूबने से मौत हो गई। क्षेत्र के राजस्व उपनिरीक्षक मनोज कुमार ने बताया कि शैली पुत्री अशोक कुमार उम्र 14 वर्ष अपनी माता के साथ ग्राम सरोड़ा से वापस अपने ननिहाल ग्राम मरोड़ा जा रही थी। ग्राम सरोड़ा से मरोड़ा के पैदल रास्ते में सतपुली व्यास घाट मोटर मार्ग के मलबे के गिरे होने के कारण पैर फिसलने से शैली नयार नदी में जा गिरी। नयार नदी में गिरने से बालिका की मौत हो गई। बालिका का शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम कर मृत शरीर परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया है।

# सांसद ने किया पुरानी पेंशन बहाली का समर्थन



सांसद गढ़वाल तीरथ सिंह रावत को ज्ञापन सौंपते हुए राष्ट्रीय पुरानी पेंशन बहाली सयुंक्त मोर्चा पदाधिकारी।

**पौड़ी** : राष्ट्रीय पुरानी पेंशन बहाली सयुंक्त मोर्चा का एक प्रतिनिधि मंडल प्रांतीय महासचिव सीताराम पोखरियाल के नेतृत्व में पुरानी पेंशन बहाली को लेकर जिला मुख्यालय पौड़ी के विकास भवन में सांसद गढ़वाल एवं पूर्व मुख्यमंत्री उत्तराखण्ड तीरथ सिंह रावत से मिला। प्रतिनिधि मंडल ने सांसद को ज्ञापन सौंपकर पुरानी पेंशन बहाल करने की मांग की। सांसद ने कर्मचारियों की पुरानी पेंशन बहाली का पुरजोर समर्थन किया और इसकी शीघ्र बहाली की वकालत भी की।

प्रदेश महासचिव सीताराम पोखरियाल ने बताया कि पुरानी पेंशन बहाली हेतु मोर्चा संघर्षरत है और विगत 18 दिसंबर एवं 8 जनवरी को मोर्चा द्वारा कर्णप्रयाग और देहरादून में पुरानी पेंशन बहाली को लेकर विशाल रैलियों का आयोजन किया गया। जल्द ही पूरे प्रदेश में सयुंक्त मोर्चा विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से पुरानी पेंशन बहाली हेतु अपनी आवाज बुलंद करेगा। इन कार्यक्रमों में बजट सत्र में विधानसभा का घेराव, कुमाऊं मंडल के सबसे बड़े शहर हल्द्वानी में पेंशन हुंकार रैली और मुख्यमंत्री के विधानसभा क्षेत्र चंपावत में पेंशन बहाली के लिए रैलियां प्रस्तावित हैं। मोर्चा के श्रीनगर शाखा के अध्यक्ष राकेश रावत ने कहा कि श्रीनगर में जल्द ही शिक्षक कार्मिकों के बीच बैठक कर पेंशन बहाली हेतु हुंकार रैली की जाएगी। मंडल संयोजक अनसुया प्रसाद ने कहा कि सभी शिक्षक कार्मिक एकजुट हैं और पुरानी पेंशन बहाली तक यह संघर्ष जारी रहेगा। प्रतिनिधि मंडल में मोर्चा के महासचिव सीताराम पोखरियाल, प्रेम चंद्र ध्यानी, राकेश रावत, अनुसूया प्रसाद जुगरान, निखिल, दीपक गोदियाल आदि शामिल थे।

## विधायक ने किया महिला मिलन केंद्र का उद्घाटन

**पौड़ी** : लैंसडौन विधायक दिलीप रावत ने महिला मिलन केंद्र उटिड़ा तल्ला का उदघाटन किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों के समुचित विकास और ग्रामीणों को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए सरकार प्रतिबद्ध है।

सात लाख की विधायक निधि से महिला मिलन केंद्र का निर्माण हुआ। जिस पर ग्रामीणों ने विधायक दिलीप रावत का आभार जताया। विधायक रावत ने कहा कि जड़ाऊखांद मजेड़ाबैंड मोटर मार्ग पर कोचियार से किनाथ मल्ला तक चौड़ीकरण-डामरीकरण का कार्य भी शीघ्र ही शुरू हो जाएगा। ग्राम प्रधान सावित्री देवी की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में ज्येष्ठ उप प्रमुख ललित पटवाल, सत्यपाल सिंह रावत, गोविंद सिंह रावत, सुनील चौहान, विजयपाल सिंह आदि उपस्थित रहे।

# डॉक्टरों का अटैचमेंट तत्काल रद्द करें : तीरथ

### सांसद ने ली जिला विकास एवं निगरानी समिति की बैठक



गढ़वाल सांसद तीरथ सिंह रावत को गुलदस्ता भेंटकर स्वागत करते हुए डीएम डॉ. आशीष चौहान।

जयन्त प्रतिनिधि।

**पौड़ी :** गढ़वाल सांसद तीरथ सिंह रावत की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में शुक्रवार को जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक आयोजित हुई। सांसद ने जिन विभागों के कार्य शेष रह गये हैं, उन्हें निर्देशित किया कि गुणवत्ता के साथ जल्द कार्य पूर्ण करना सुनिश्चित करें। बैठक में जनप्रतिनिधियों ने डॉक्टरों का अटैचमेंट की शिकायत का मुद्दा उठाया। जिस पर सांसद ने मुख्य चिकित्साधिकारी को तत्काल अटैचमेंट रद्द करने के निर्देश दिये। सांसद ने विभिन्न क्षेत्रों में तेंदुए की सक्रियता की शिकायत पर वन विभाग को पिंजरा लगाने को कहा।

बैठक में सांसद ने निर्माण इकाईयों को सड़क निर्माण करते समय अनिवार्य रूप से पानी निकासी की व्यवस्था करने के निर्देश दिये। उन्होंने एकेश्वर विकासखंड के अंतर्गत नौंगांवखाल-तूनाखाल मोटर मार्ग की जद में आ रहे भवनों की क्षति का आंकलन करने के निर्देश संबंधित अधिकारी को दिये। साथ ही जनासू मोटर मार्ग में रेलवे के कार्यों से गड्ढों की शिकायत पर सांसद ने रेलवे विभाग को तत्काल मार्ग सुधारीकरण करने को कहा। बैठक में जनप्रतिनिधियों द्वारा पाईप लाइनों की गुणवत्ता, चिनवाड़ी-डांडा, भैरवगढ़ी पंपिंग योजना के पाइप लाइन जगह-जगह पर क्षतिग्रस्त होने, जयहरीखाल के अंतर्गत होटल व्यवसायियों द्वारा मोटी पाईप लाईन बिछाने व ज्वाल्पा नौगांवखाल पंपिंग योजना में टैंकों के निर्माण की शिकायत उठाई गई। इस दौरान कल्जीखाल के नलई गांव में जल जीवन मिशन के अंतर्गत पाईप लाइन के अनियमितता से संबंधित शिकायत पर जिलाधिकारी ने सांसद को अवगत कराया कि संबंधित प्रकरण में आरोप पत्र दाखिल कर दिये गये हैं। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष शांति देवी, पौड़ी विधायक राजकुमार पोरी, मुख्य विकास अधिकारी अपूर्वा पाण्डे, परियोजना निदेशक डीआरडीए संजीव कुमार रॉय, ब्लाक प्रमुख द्वारीखाल महेंद्र राणा, एकेश्वर नीरज पांथरी, कल्जीखाल बीना राणा, कोट पूर्णिमा देवी, जिलाध्यक्ष भाजपा सुषमा रावत, अधीक्षण अभियंता पीएस बृजवाल, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. प्रवीण कुमार, मुख्य कृषि अधिकारी अमरेंद्र चौधरी सहित अन्य अधिकारी व जनप्रतिनिधि उपस्थि थे।

## अधिकारी से बोले पार्षद साहब सड़कों की मरम्मत करवा दो

जयन्त प्रतिनिधि।

**कोटद्वार :** शहर में बदहाल सड़कों की मरम्मत के लिए पार्षदों ने लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता डीपी सिंह से मुलाकात की। कहा कि पूर्व में कई बार शिकातय के बाद भी शहर की सड़कों की मरम्मत नहीं करवाई जा रही है। इससे दुर्घटनाओं का अंदेशा बना हुआ है।

लोक निर्माण विभाग के कार्यालय में पहुंचे पार्षदों ने अधिशासी अभियंता डीपी सिंह को समस्याओं से अवगत करवाया। कहा कि कोटद्वार गढ़वाल का द्वार है। बाजवूद यहां सड़कों की हालत बदहाल पड़ी हुई है। जगह-जगह खस्ताहाल सड़कें दुर्घटनाओं को न्योता दे रही हैं। वार्ड नंबर 37 में सड़क भारी डंपरों की आवाजाही से पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो चुकी है। मार्ग पर डामर तक नहीं दिखाई दे रहा है। कई सड़कें ऐसी भी हैं जो कुछ समय पूर्व ही लोक निर्माण विभाग की ओर से बनवाई गई थी। लेकिन, वर्तमान में यह पूरी तरह खस्ताहाल हो चुकी हैं। यहीं नहीं, सड़क किनारे बनी लोक निर्माण विभाग की नालियां भी बंद पड़ी हुई हैं, जिससे जलभराव की स्थिति बनी रहती है।

पार्षदों ने कहा कि भाबर क्षेत्र में जंगल से सटी सड़कों के किनारे झाड़ियों का कटान भी नहीं किया गया है। ऐसे में जंगली जानवरों का खतरा बढ़ने लगा है। मुलाकात के दौरान अधिशासी अभियंता ने पार्षदों को जल्द ही समस्याओं के निराकरण का आश्वासन दिया। इस मौके पर पार्षद सुखपाल शाह, अमित नेगी, रोहणी देवी, पिंकी रावत आदि मौजूद रहे।

# समाज सेवी अप्रवासी सतीश काला को किया सम्मानित



अप्रवासी सतीश काला को सम्मानित करते पंड़ित राकेश चंद्र लखेड़ा

जयन्त प्रतिनिधि।

**कोटद्वार :** ग्रामीण क्षेत्र के विकास में अपना योगदान दे रहे अप्रवासी सतीश काला को ग्रामीण विकास मंच व शिव शक्ति कथा समिति की ओर से सम्मानित किया गया।

इस दौरान सदस्यों ने युवाओं से भी अपनी संस्कृति व सभ्यता के संरक्षण के लिए आगे आने की अपील की।

डाडामंडी में आयोजित कार्यक्रम के दौरान समिति ने सतीश काला को सम्मानित किया। राज्य आंदोलनकारी व शिव कथा वाचक पं. राकेश चंद्र लखेड़ा ने कहा कि सतीश काला लगातार अपने क्षेत्र के विकास के लिए कार्य कर रहे हैं। विदेश की धरती में रहने के बाद भी उनका अपनी पैतृक भूमि से लगाव है।

सतीश काला की ओर से प्रत्येक वर्ष ग्रामीणों के लिए निःशुल्क स्वास्थ्य कैंप लगाया जाता है। समय-समय पर वह गरीब व असहाय लोगों की मदद के लिए भी कार्य करते हैं। डाडामंडी में होने वाले गेंद मेले को संपन्न करवाने में भी उनका विशेष योगदान रहता है।

ग्रामीण विकास मंच के अध्यक्ष प्रवेश चंद्र नवानी ने युवाओं से अपनी संस्कृति व सभ्यता को आगे बढ़ाने की लिए कार्य करने की अपील की। इस मौके पर डाडामंडी समिति के अध्यक्ष प्रमोद चौहान, जनार्दन प्रसाद काला, राकेश देवरानी, राजीव तोमर आदि मौजूद रहे।

# भर्ती घोटाले की सीबीआई जांच और सरकार को बर्खास्त करने की मांग की

### यूथ और युवा कांग्रेस ने किया भर्ती घोटाले के विरोध में प्रदर्शन, फूंका पुतला

**पौड़ी** : पटवारी लेखपाल भर्ती परीक्षा में धांधली पर यूथ कांग्रेस व युवा कांग्रेस ने आक्रोश जताया। आक्रोशित कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन करते हुए सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। वहीं युवा कांग्रेस ने राज्यपाल को ज्ञापन भेजकर भर्ती घोटाले की सीबीआई जांच कराने और राज्य सरकार को बर्खास्त करने की मांग उठाई है।

पटवारी लेखपाल भर्ती परीक्षा में धांधली के विरोध में शुक्रवार को यूथ कांग्रेस विधानसभा अध्यक्ष आयुष भंडारी के नेतृत्व में युवा कार्यकर्ताओं ने पुराने डीएम कार्यालय के आगे सरकार का पुतला दहन किया। इस दौरान युवाओं ने सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। वहीं, युवा कांग्रेस ने डीएम के माध्यम से राज्यपाल को ज्ञापन भेजते हुए भर्ती घोटाले की सीबीआई जांच करवाते हुए राज्य सरकार को बर्खास्त करने की मांग की। युवा कांग्रेस के प्रदेश महासचिव आशीष नेगी, जिलाध्यक्ष मोहित सिंह ने कहा कि बीती 8 जनवरी को हुई पटवारी लेखपाल भर्ती परीक्षा में धांधली से युवा अपने को ठगा हुआ महसूस कर रहे है। इससे पूर्व जेई, एई व प्रवक्ता भर्ती में भी धांधली की शिकायत सामने आ रही है। सरकार कोई भी भर्ती परीक्षा करवाने में सक्षम नहीं है। कहा कि सरकार बार-बार युवाओ को ठगने का काम कर रही है। पुतला दहन करने वालों में अनीता रावत, भरत रावत, अर्जुन गोदियाल, आदित्य, दिवाकर, शुभंकर आदि थे।

# लिखित समझौते के बाद किया धरना समाप्त



बागेश्वर : लिखित समझौते के बाद दफौट क्षेत्र के आंदोलित लोग मान गए हैं। उन्होंने अपना अनिश्चितकालीन धरना समाप्त कर दिया है। पालिका अब ट्रंचिंग ग्राउंड बनने तक माल्ता में कूड़ा नहीं डालेगी। ग्रामीणों ने कहा कि यदि चोरी छिपे पालिका ने रात में कूड़ा माल्ता क्षेत्र में डाला तो वह दोबारा जिला मुख्यालय में तंबू गाढ़कर आंदोलन का बिगुल बजा देंगे। मालूम हो कि गुरुवर को दफौट घाटी युवा संघर्ष समिति से जुड़े लोग माल्ता में पहुंचे और अनिश्चितकालीन धरना शुरू कर दिया। इस दौरान कूड़ा फेंकने आई नगर पालिका की गाड़ी को भी वापस कर दिया और दोबारा कूड़ा वाहन लाने पर आंदोलन तेज करने की धमकी दी। इस दौरान उनकी एसडीएम से वार्ता विफल हो गई। देर शाम एक बार फिर आंदोलनकारियों की वार्ता डीएम से हुई। डीएम ने नगर पालिका से ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान करने के निर्देश दिए। ग्रामीण माल्ता में कूड़ा नहीं फेंके जाने की मांग पर डटे रहे। शुक्रवार को पालिका ने लिखित आश्वासन दिया इसके बाद ग्रामीण माने और धरने से उठ गए। पालिका ने ग्रामीणों को बताया कि पालिका माल्ता में कूड़ा निस्तारण नहीं करेगी। उन्होंने बताया कि उनका निर्माणाधीन ट्रंचिंग ग्राउंड एक साल के भीतर तैयार हो जाएगा। तब तक पालिका अन्य चयनित स्थल पर कूडा निस्तारा करेगी। इसके बाद ग्रामीणों ने अपना आंदोलन स्थगित कर दिया।

## शारदा खनन यूनियन के चुनाव कराने की मांग

चम्पावत : संरक्षक मंडल के पदाधिकारियों और खनन स्वामियों ने शारदा खनन यूनियन के चुनाव कराए जाने की मांग की है। उन्होंने इस संबंध में एसडीएम को ज्ञापन सौंपा। शुक्रवार को संरक्षक मंडल के सदस्यों ने एसडीएम सुंदर सिंह को ज्ञापन सौंपते हुए कहा कि शा-रदा खनन यूनियन के तीन साल पूर्व चुनाव हुए थे। जिसमें आनन्द सिंह महर को अध्यक्ष चुना गया था। बताया अध्यक्ष महर का कार्यकाल पूरा हो चुका है। शारदा खनन के अधिकतम वाहन स्वामी चुनाव कराने की माँग को लेकर अपने नए पदाधिकारी को स्वयं चुनना चाहते है। उन्होंने खनन कार्य शुरू करने से पहले चुनाव कराए जाने की मांग की है। यहां बच्चन सिंह अधिकारी, तनवीर हुसैन, लियाकत हुसैन, भुवन कलोनी, अमन ठाकुर आदि रहे। (एजेंसी)



## पेपर लीक मामले में कांग्रेस ने फूंका सरकार का पुतला

अल्मोड़ा : पटवारी-लेखपाल भर्ती परीक्षा पेपर लीक होने के मामले में कांग्रेस कार्यकर्ताओं में रोष व्याप्त है। नाराज युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने विधानसभा क्षेत्र अध्यक्ष के नेतृत्व में शुक्रवार को अल्मोड़ा के चौघानपाटा में प्रदर्शन किया। विरोध में भाजपा सरकार का पुतला फूंका। सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। प्रदर्शन करने वालों में कांग्रेस के कार्यकारी जिलाध्यक्ष भूपेंद्र भोज, युवा कांग्रेस विधानसभा क्षेत्र अध्यक्ष विपुल कार्की, कांग्रेस नगर अध्यक्ष पूरन रौतेला, जिलाध्यक्ष अशुराज, प्रदेश महासचिव मोहन देवाली, दीपक कुमार, धीरेंद्र सिंह गैलाकोटी, व्यापार मंडल महासचिव मयंक बिष्ट, युवा कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष गोविंद प्रसाद, सूरज कुमार, प्रदीप बिष्ट, बाल विक्रम सिंह रावत, दिनेश नेगी, अशोक सिंह, अमर सिंह बिष्ट, रोहित रौतेला, गौरव वर्मा, अमित बिष्ट, विक्रम सिंह बिष्ट, संजीव सिंह कर्मियाल, पारितोष जोशी समेत कई कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे। (एजेंसी)

# हंस ने बनबसा थाने में लगवाया वाटर कूलर



चम्पावत : हंस फाउंडेशन की ओर से शुक्रवार को बनबसा थाने में वाटर कूलर लगवाया गया। समाजसेवी अनिल चौधरी पिंकी ने बताया कि हंस फाउंडेशन द्वारा चम्पावत जिले में लगातार सामाजिक कार्य किए जा रहे हैं, इसी क्रम में आज हंस फाऊंडेशन के संस्थापक भोले जी महाराज माता श्री मंगला जी और हंस फाऊंडेशन के उत्तराखंड प्रभारी पदमेन्द्र सिंह के सौजन्य से बनबसा पुलिस थाने में आरो सहित वाटर कूलर लगवाया गया है, वहीं थानाध्यक्ष लक्ष्मण सिंह जगवाण ने आभार व्यक्त करते हुए कहा की हंस फाउंडेशन द्वारा थाने में वाटर कूलर लगाए जाने से यहां आने वाले लोगों को भीषण गर्मी में स्वच्छ और ठंडा जल पीने को मिलेगा। इस अवसर थानाध्यक्ष लक्ष्मण सिंह जंगवाण, समाजिक कार्यकर्ता अनिल चौधरी पिंकी, चौकी प्रभारी हेमंत सिंह कठैत, एसआई अरविंद कुमार, हिमांशु राज आशु, वीरेंद्र बिष्ट, रोहित भट्ट रोनी, जतिन चंद, राहुल भण्डारी, लोकेश चंद उपस्थित रहे। (एजेंसी)

## बेस्ट फायरर को किया पुरस्कृत

बागेश्वर : 81 यूके बटालियन एनसीसी कैडेटों ने वार्षिक प्रशिक्षण शिविर में फायरिंग के गुर सीखे। फारिंग रेंज बिलौना में एडम ऑफिसर ले. कर्नल रवींद्र सिंह भंडारी के निर्देशन में फायरिंग कराई गई। कैंप के समापन पर बेस्ट फायरर को पुरस्कृत किया जाएगा। सेवायोजन विभाग के प्रशासनिक अधिकारी विक्रम सिंह टंगड़िया ने अपने विभाग में पंजीकरण प्रक्रिया के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने बताया कि हाईस्कूल व इंटर मीडिएट परीक्षा के बाद विभिन्न प्रतियोगी परीक्षा के बारे में बताया। शिविर के दौरान चारों कंपनी में विभक्त कैडेटों की क्विज, वाद-विवाद, रस्साकसी प्रतियोगिता कराई गई। विजेताओं पुरस्कृत किया जाएगा।

# पटवारी परीक्षा पेपर लीक पर कांग्रेस ने फूंका सरकार का पुतला, सीबीआई जांच की मांग



बागेश्वर : प्रदेश में पटवारी भर्ती प्रक्रिया का पेपर लीक होने पर युवक कांग्रेस ने प्रदेश सरकार का पुतला फूंका। कहा कि प्रदेश सरकार भ्रष्टाचार को बढ़ावा दे रही है तथा युवाओं के साथ अन्याय हो रहा है। उन्होंने भर्ती प्रक्रिया की सीबीआई जांच की मांग की। प्रदेश सरकार द्वारा आयोजित पटवारी लेखपाल की परीक्षा संपन्न होने के बाद पेपर लीक का मामला सामने आने के बाद युवक कांग्रेस ने आक्रोश व्यक्त किया तथा एसबीआई तिराहे पर प्रदेश सरकार का पुतला फूंका। इस दौरान आयोजित सभा में वक्ताओं ने कहा कि प्रदेश सरकार के अधिकारी व कर्मचारी भ्रष्टाचार को बढ़ावा दे रहे हैं। कहा कि जनपद में भी भ्रष्टाचार बढ़ गया है अधिकारियों में किसी प्रकार का भय नहीं है तथा वे जनता के कार्यों को तवज्जो नहीं दे रहे हैं। उन्होंने प्रदेश सरकार द्वारा जारी संपूर्ण भर्ती प्रक्रिया की सीबीआई जांच कराने की मांग की। साथ ही शंका व्यक्त की कि पुलिस भर्ती प्रक्रिया में भी धांधली की आशंका व्यक्त की है। इस दौरान कांग्रेस जिलाध्यक्ष भगत सिंह डसीला, युवक कांग्रेस जिलाध्यक्ष गोकुल सिंह परिहार, भीम कुमार, संस्कार भारती, सुनील कुमार, गणेश कुमार आदि उपस्थित थे। (एजेंसी)

# सड़क दुर्घटना से बचने के उपाय बताएं




अल्मोड़ा : थाना पुलिस ने मुख्य बाजार में सड़क सुरक्षा सप्ताह के तहत जन जागरूकता रैली निकाली। इस दौरान स्थानीय वाहन चालकों, व्यापारियों एवं स्थानीय जनता को यातायात के नियमों की विस्तृत जानकारी दी गयी। तथा उन्हें सडक दुर्घटना से बचने के उपाय बताए गये। इस अवसर पर सड़क सुरक्षा से सम्बन्धित पम्पलेट भी वितरित किये गये।

उप निरीक्षक धर्म सिंह ने वाहन चालकों और आम जनता को यातायात के नियमों का पालन करने, वाहनों में ओवर लोडिंग या ओवर स्पीडिंग नहीं करने, वाहन चलाते समय मोबाइल फोन से बात नहीं करने, नशापान कर वाहन नहीं चलाने के निर्देश दिए गए। कहा गया कि नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कठोर कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। कार्यक्रम में एसआई धर्म सिंह, एसआई मोनी टम्टा, एएसआई रंजीत सिंह, हेड कांस्टेबल गोपाल गिरी, कांस्टेबल सूरज सिंह बोरा आदि मौजूद रहे। (एजेंसी)

## बिजली चोरी के आरोप में लगा एक लाख जुर्माना

चम्पावत : टनकपुर में ऊर्जा निगम के एसडीओ विकास भारती ने अपनी विभागीय टीम के साथ बिजली चोरी रोकने के लिए अभियान चलाया। इस दौरान दो उपभोक्ताओं पर बिजली चोरी करते हुए पकड़े जाने पर 1.25 लाख रुपए का जुर्माना लगाया गया। शुक्रवार को ऊर्जा निगम ने सघन चेकिंग अभियान चलाया। ऊर्जा निगम के एसडीओ भारती ने बताया कि टनकपुर तहसील के ककराली गेट क्षेत्र में बिजली चोरी की सूचना मिलने पर चेकिंग की गई तो वहां एक होटल में चोरी पकड़ी गई। बताया चोरी करने के आरोप में होटल संचालक पवनेश पाटनी पर एक लाख का जुर्माना लगाया गया।

# सरकार विस्थापन व निर्माण कार्य जल्द करें : ऐरी



पिथौरागढ़ : उत्तराखंड क्रांति दल के अध्यक्ष काशी सिंह ऐरी धारचूला पहुंचे। यूकेडी के पूर्व नेता स्व. लाल सिंह खम्पा के आवास पहुंचकर उनके श्राद्ध में शामिल होकर परिवार जनों को सांत्वना दी। लोक निर्माण विभाग के विश्राम गृह में पत्रकार वार्ता में उन्होंने बताया कि धारचूला सीमांत आपदा की जद में है। उन्होंने सरकार से आपदा ग्रस्त क्षेत्रों में निर्माण कार्य कराने सहित पीड़ितों के विस्थापन की मांग की। उन्होंने जोशीमठ में पीड़ित परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए केंद्र सरकार से भी अतिरिक्त राहत देने की मांग की है। इस दौरान केंद्रीय महासचिव रमेश थलाल, संसदीय बोर्ड के अध्यक्ष चंद्रशेखर कापड़ी, जिला अध्यक्ष चंद्रशेखर पुनेड़ा, ब्लॉक अध्यक्ष राजेंद्र डिगारी, राजेंद्र रायपा, नरेश ग्वाल, किशन ऐरी, हरि सिंह आदि मौजूद रहे। (एजेंसी)

# छः साल में भी नहीं बन पाई 5 किमी. सड़क

अल्मोड़ा : मनियागर से तोली-मैचून-बरतोली सड़क का निर्माण कार्य छह साल में भी पूरा नहीं होने से ग्रामीणों में रोष व्याप्त है। ग्रामीणों ने जल्द से जल्द सड़क का काम पूरा करने की मांग की है। मांग पूरी नहीं होने पर ग्रामीणों ने उग्र आंदोलन की चेतावनी दी है। ग्रामीणों ने कहा कि मनियागर से तोली-मैचून-बरतोली सड़क का काम धीमी गति से चल रहा है।

एक और जहां सड़क का काम छह साल में भी पूरा नहीं हो सका है, वहीं दूसरी और निर्माण काम की गुणवत्ता भी ठीक नहीं है। जिससे अब ग्रामीण खुद को ठगा सा महसूस कर रहे हैं। कहा कि छः साल बीत जाने के बाद अब तक रोड कटिंग का काम ही पूरा नहीं हो सका है। वहीं ग्रामीणों ने कहा कि बीते दिनों भ्रमण पर मैंचून गांव पहुंचे स्थानीय विधायक मोहन सिंह मेहरा को भी समस्या के बारे में अवगत कराया गया है। इधर, जिलापंचायत सदस्य शिवराज बनौला ने कहा कि जल्द ही कार्य पूरा नहीं किया और गुणवत्ता ठीक नहीं हुई तो विभाग में तालाबंदी की जाएगी। (एजेंसी)

## पटवारी-लेखपाल पेपर लीक होना सरकार की नाकामी : यूकेडी

पिथौरागढ़ : प्रदेश में पटवारी-लेखपाल भर्ती परीक्षा का पेपर लीक होने से सरकार चौतरफा घिर गई है। उत्तराखंड क्रांति दल ने पेपर लीक को सरकार का लापरवाही बताया है। उन्होंने सरकार से अपनी नाकामी स्वीकार करते हुए परीक्षा में शामिल युवाओं को मुआवजा देने की मांग की है। शुक्रवार को नगर के तिलढुकरी में यूकेडी केंद्रीय अध्यक्ष काशी सिंह ऐरी के नेतृत्व में कार्यकर्ता एकत्र हुए। इस दौरान उन्होंने विरोध-प्रदर्शन करते हुए सरकार का पुतला जलाया। ऐरी ने कहा कि भाजपा शासन में युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। लगातार भर्ती परीक्षाओं में धांधली होना सरकार की नाकामी को दर्शाता है। कहा युवा नौकरी के सपने लिए कड़ी मेहनत करते हैं, लेकिन उनके सपनों को इस तरह चकनाचूर किया जा रहा है।

## अल्मोड़ा ने जीती खो-खो प्रतियोगिता

चम्पावत : टनकपुर डिग्री कॉलेज में अंतर महाविद्यालयी खो-खो प्रतियोगिता का समापन हो गया। प्रतियोगिता के समापन पर अल्मोड़ा ने कपकोट को 8-7 से परास्त किया। शुक्रवार को महाविद्यालय में दो दिवसीय अंतर महाविद्यालयी खो-खो प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला अल्मोड़ा और कपकोट के बीच खेला गया। क्रीडा प्रभारी पंकज उप्रेती ने बताया कि अल्मोड़ा ने कपकोट को 8-7 से परास्त किया। समापन समारोह के मुख्य अतिथि प्राचार्य प्रोफेसर नगेंद्र द्विवेदी ने विजेता और उपविजेता टीम को पुरुस्कार देते हुए बधाई दी। साथ ही वहां मौजूद अतिथियों को प्रतीक चिन्ह् देकर सम्मानित किया।

# भर्ती घोटाले से व्यापारी भड़के, सीएम से मांगा इस्तीफा



चम्पावत : पटवारी लेखपाल भर्ती घोटाले के विरोध में नगर लोहाघाट के व्यापारियों ने सरकार के खिलाफ आक्रोश प्रदर्शन किया। उन्होंने सीएम से इस्तीफे की मांग करते हुए दोषियों के खिलाफ सख्त सजा देकर उनकी संपत्तियों को सीज करने की मांग उठा-ई।

शुक्रवार को एकता चौक बाजार में व्यापारी शैलेन्द्र राय के नेतृत्व में व्यापारियों ने ताजा पटवारी लेखपाल लिखित परीक्षा पर घोटाला होने पर सरकारी सिस्टम पर गहरा आक्रोश जताया। उन्होंने वर्तमान सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए सीएम से इस्तीफे की मांग की। व्यापारियों ने कहा कि प्रदेश में लगातार घोटाले होते जा रहे हैं, जिससे युवाओं का भविष्य अंधकार में पड़ गया है। उन्होंने कहा कि अब पढाई लिखाई और मेहनती युवा भी सरकारी नौकरी की परीक्षा देने में कतरा रहा है। उन्होंने कहा यह वर्तमान सरकार केवल मीडिया तक बयानबाजी करके वाहवाही लूटने की कोशिष कर रहे हैं, लेकिन वास्तविक रूप पर यह उत्तराखंड की छवि को खराब कर रहे हैं। उन्होंने दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने और उनकी संपत्ति को सीज करने की मांग उठाई। प्रदर्शन करने वाले व्यापारियों में प्रकाश साह, महेश जोशी, दीपक सिंह देव,नवीन साह, अनस सिद्दकी, मनीष वर्मा, जोगा गोरखा, संजय अधिकारी, सतीश गड़कोटी, सोनू वर्मा, नवीन जोशी आदि मौजूद रहे। (एजेंसी)

# मेले को सम्पन्न कराने में पुलिस की अहम भूमिका, ईमानदारी व सर्तकता से करें डयूटी

**मेला क्षेत्र दो जोन और छः सेक्टर में बांटा**

बागेश्वर : उत्तरायणी मेला एवं मुख्यमंत्री के प्रस्तावित भ्रमण कार्यक्रम देखते हुए जिलाधिकारी अनुराधा पाल एवं पुलिस अधीक्षक हिमांशु वर्मा ने जोनल, सेक्टर मजिस्ट्रेटों, पुलिस के जोनल, सेक्टर अधिकारियों एवं पुलिस कार्मिकों की ब्रीफिंग करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। शुक्रवार को नरेंद्रा पैलेस में आयोजित कार्यक्रम में जिलाधिकारी ने कहा कि पूरे मेले क्षेत्र को दो जोन तथा छः सेक्टर में विभाजित किया गया है। उन्होंने सभी मजिस्ट्रेटों व पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे आपसी तालमेल से कार्य कर शांतिपूर्वक मेला संपन्न कराना सुनिश्चित करेंगे। मेले को संपन्न कराने में पुलिस की अहम भूमिका होती है, इसलिए जिस किसी को जो ड्यूटी दी गई है उसे पूरी सर्तकता व ईमानदारी के साथ करें। उन्होंने कहा कि उत्तरायणी मेला दो साल बाद हो रहा है, इस वर्ष अत्यधिक भीड़ होने की संभावना है, सभी अपनी-अपनी तैनाती स्थल पर सतर्क होकर ड्यूटी करें तथा सख्ती बरतें। उन्होंने कहा कि कलाकारों के सेफ हाउस पर सुरक्षा व्यवस्था पुख्ता रखी जाए, तांकि कोई भी असमाजिक तत्व वहां तक न पहुंच पाए। मंच से दर्शक दीर्घा तक उचित दूरी बनाए रखने में अपनी अहम भूमिका निभाएंगे। उन्होंने कहा कि 14 जनवरी को निकलने वाली झांकी के समय यातायात पूर्णत प्रतिबंधित रहेगा, पुलिस कर्मी इसका विशेष ध्यान रखते हुए सुरक्षा व्यवस्था पर पैनी नजर बनाए रखना सुनिश्चित करेंगे। पुलिस अधीक्षक वर्मा ने कहा कि कोई भी असमाजिक तत्व मेले में व्यवधान करने की कोशिश करता है तो उससे सख्ती से निपटा जाएगा। उन्होंने पुलिस कार्मिकों को ऐसे तत्वों पर पैनी नजर रखते हुए उनके मंसूबों को हत्तोसाहित करने को कहा।

सभी पुलिस अधिकारी अपने-अपने तैनाती स्थल का निरीक्षण कर अन्य कार्मिकों से समन्वय करते हुए आपस में फोन नंबर साझा करना सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने कहा कि यातायत चॉक-चौबंद रखेंगे तथा जहां यातायात प्रतिबंधित है वहां वाहनों का आवागमन किसी भी दशा में न हो, इसका विशेष ध्यान रखा जाए, इस कार्य में कोताही या शिथिलता कतई बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

## पेंशनर्स की समस्याओं पर चर्चा की

पिथौरागढ़ : गवर्नमेंट पेंशनर्स वेलफेयर आर्गनाइजेशन ने बैठक कर विभिन्न समस्याओं पर चर्चा की। नगर के स्व. हुक्म सिंह पांगती शहीद स्मारक में बीते रोज आर्गनाइजेशन के अध्यक्ष राजेंद्र सिंह दासपा की अध्यक्षता में बैठक हुई। इस दौरान पिछली बैठक के दौरान विभिन्न बिंदुओं पर हुए कार्यों की समीक्षा की गई। अध्यक्ष दासपा ने राज्य सरकार स्वास्थ्य योजना में शामिल नहीं होने का विकल्प भरने वाले पेशनर्स से अपील कि है कि वे स्वयं उपकोषागार मुनस्यारी में विकल्प पत्र, बैंक विवरण जमा करने को कहा है। कहा आगामी दस फरवरी को फिर से बैठक की जाएगी।

# सितारगंज में रंगयात्रा संग तीन दिवसीय उत्तरायणी कौतिक शुरू



रुद्रपुर। उत्तरांचल विकास समिति के संयोजन में तीन दिवसीय उत्तरायणी कौतिक रंगयात्रा के साथ शुरू हुआ। इस दौरान हिमालय जनसेवा समिति के कलाकारों ने रंगारंग कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। वहीं, लोकगायकों ने एक से बढ़कर गीत पेश कर दर्शकों को झूमने पर मजबूर कर दिया।

शुक्रवार को कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा, ऊधमसिंह नगर जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष योंगेंद्र सिंह रावत, समिति के अध्यक्ष गोपाल सिंह बिष्ट ने रंगारंग कार्यक्रमों का शुभारंभ किया। इस दौरान उन्होंने आयोजकों को बधाई देते हुए एकजुट होकर उत्तरायणी पर्व को धूमधाम से मनाने की अपील की। इससे पहले पर्वतीय रामलीला मैदान से रंगयात्रा शुरू हुई।

जो नकुलिया चौराहा, कोतवाली, पुरानी तहसील होते हुए मुख्य चौक से खटीमा रोड होते हुए मुख्य बाजार के रामलीला मैदान में पहुंची। रंगयात्रा में पहाड़ के साथ ही देश की अलग-अलग संस्कृतियों का संगम देखने को मिला। पारंपरिक वेशभूषा में सजी महिलाएं भी यात्रा में शामिल हुई। यात्रा में मां नंदादेवी की झांकी आकर्षण का केंद्र रही।

# यूथ कांग्रेस ने फूंका प्रदेश सरकार का पुतला

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : यूथ कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने पटवारी लेखपाल भर्ती परीक्षा का पेपर लीक होने पर प्रदेश सरकार का पुतला दहन किया। कहा कि जब से प्रदेश में भाजपा सरकार बनी है तब से पेपर लीक होना आम बात हो गई है। यूथ कांग्रेस ने सभी भर्ती घोटालों की सीबीआई जांच करवाने की मांग की है। कहा कि प्रदेश के युवाओं का शोषण किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं की जाएगी।



कोटद्वार में प्रदेश सरकार का पुतला दहन करते यूथ कांग्रेस कार्यकर्ता।

शुक्रवार को कार्यकर्ताओं ने तहसील तिराहे के समीप प्रदर्शन करते हुए प्रदेश सरकार का पुतला दहन किया। इस अवसर पर यूथ कांग्रेस जिलाध्यक्ष विजय रावत ने कहा कि लगातार पेपर लीक होने से युवाओं का मनोबल टूट रहा है और ऐसी स्थिति में उनका सरकारी नौकरी का सपना केवल सपना ही बनकर रहने वाला है। विधानसभा अध्यक्ष पंकज खत्री ने कहा कि पटवारी लेखपाल का पेपर लीक होने से युवाओं में आक्रोश पनप रहा है, जो कभी भी जनांदोलन का रूप ले सकता है। छात्र संघ अध्यक्ष अंकुश घिल्डियाल ने कहा कि अभी तक तमाम भर्तियों में हुई घोटालों की जांच सीबीआइ से करानी चाहिए और मुख्यमंत्री को इस्तीफा दे देना चाहिए। तत्पश्चात कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी करते हुए पुतले को आग के हवाले कर दिया। पुतला दहन में नीरज बहुगुणा, दिव्यांश रावत, बाबी बिष्ट, ऋषभ गर्ग, आकाश रावत, पियूष नेगी, हिमांशु बहुखंडी और अरविंद रावत सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## जड़ाऊखांद समिति ने जीता क्रिकेट टूर्नामेंट का खिताब

**जयन्त प्रतिनिधि।**

पौड़ी : दुर्गा मंदिर स्टेडियम जड़ाऊखांद संगलिया में आयोजित स्व. मुकुंद सिंह रावत व स्व. अजीत सिंह रावत स्मृति क्रिकेट टूर्नामेंट के फाइनल मैच में जड़ाऊखांद समिति की टीम ने पटेलिया की टीम को 8 विकेट से हराकर ट्राफी पर कब्जा किया। फाइनल मैच में पहले खेलते हुए पटेलिया की टीम ने निर्धारित 10 ओवर में 7 विकेट खोकर कुल 132 रन बनाए। जड़ाऊखांद समिति की टीम ने 9.3ओवर में 2 विकेट खोकर 136 रन बनाकर जीत दर्ज की। इससे पूर्व पहले सेमीफाइनल में जड़ाऊखांद समिति की टीम ने शंकरपुर की टीम को व दूसरे सेमीफाइनल में पटेलिया की टीम ने काशीपुर की टीम को हराकर फाइनल में जगह बनाई। विजेता, उप विजेता खिलाड़ियों को ट्राफी व पुरस्कार प्रदान किए गए।

# सीएम बोले कानून व्यवस्था का बेहतर होना जरूरी

**जयन्त प्रतिनिधि।**

देहरादून : मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा पर्वतीय क्षेत्रों में बेहतर कानून व्यवस्था के दृष्टिगत वर्तमान पुलिस राजस्व व्यवस्था के स्थान पर नियमित पुलिस व्यवस्था का निर्णय लिया गया है। कहा कि उत्तराखण्ड पर्यटन प्रदेश के साथ देवभूमि भी है प्रतिवर्ष लाखों श्रद्धालु प्रदेश में आते हैं, इस दृष्टि से भी राज्य की कानून व्यवस्था का बेहतर होना जरूरी है।



राज्य सरकार द्वारा पर्वतीय क्षेत्रों के कतिपय भागों में विद्यमान राजस्व पुलिस व्यवस्था को समाप्त कर नियमित पुलिस व्यवस्था स्थापित किये जाने की कार्यवाही की जा रही है। इस सम्बन्ध में राज्य के सामरिक, पर्यटन एवं आपराधिक गतिविधियों वाले स्थानों पर 6 नये थाने एवं 20 रिपोर्टिंग पुलिस चौकियों का गठन करते हुए कुल 1444 ग्रामों को अधिसूचित किया गया है। जिसमें देहरादून की 1 चौकी के 14 गांव, पौड़ी के 1 थाना व 1 चौकी 270 गांव, टिहरी के 1 थाना व 3 चौकी के 267 गांव, चमोली के 1 थाना व 3 चौकी के 120 गांव, रूद्रप्रयाग के 2 चौकी के 104 गांव, उत्तरकाशी के 2 चौकी के 47 गांव, नैनीताल के 1 थाना व 4 चौकी के 121 गांव, अल्मोड़ा के 2 थाना व 3 चौकी के 398 गांव तथा चम्पावत के 1 चौकी के कुल 103 गांव हैं। इन क्षेत्रों में नवीन थाने एवं पुलिस चौकियां स्थापित होने से अपराध एवं असामाजिक गतिविधियों में कमी आयेगी। नागरिकों की सुरक्षा व्यवस्था बढ़ने से पर्यटन एवं व्यावसायिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा। उक्त विषय पर राज्य सरकार पर्यटन गतिविधि, संवेदनशील एवं महत्वपूर्ण क्षेत्रों का चिन्हीकरण करते हुए चरणबद्ध रूप में कार्यवाही कर रही है।

# अदालत ने सुनाई दुष्कर्म के दोषी को 20 साल की सजा

नई टिहरी : विशेष न्यायाधीश पोक्सो योगेश कुमार गुप्ता की अदालत ने नाबालिग से दुष्कर्म के दोषी को पोक्सो ऐक्ट में 20 वर्ष के कठोर कारावास तथा 20 हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई है। अर्थदंड न दिए जाने की स्थिति में अभियुक्त को छह माह का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा। विशेष न्यायाधीश ने अर्थदंड की धनराशि में से 15 हजार रुपये पीड़िता को दिए जाने के आदेश दिए हैं।



विशेष लोक अभियोजक पोक्सो चंद्रवीर नेगी ने बताया कि पीड़िता के चचेरे भाई ने ग्राम विलोगी, मुनिकीरेती टिहरी गढ़वाल निवासी प्रभुदयाल के खिलाफ उनकी चचेरी बहन के साथ दुष्कर्म की रिपोर्ट बीते अक्तूबर 2021 में थाना मुनीकिरेती में दर्ज कराई। पुलिस को दी तहरीर में पीड़िता के चचेरे भाई ने बताया कि वह मसूरी स्थित एक होटल में नौकरी करता है तथा पीड़िता, जो कि मानसिक रुप में कमजोर भी है, अपने माता–पिता के साथ गांव में रहती हैं। बताया कि पीड़िता जब अपने रिश्तेदार के यहां गई थी, तो आरोपी प्रभुदयाल ने उनकी चचेरी बहिन के साथ दुष्कर्म किया, जिसकी जानकारी कुछ दिनों बाद पीड़िता मां ने उसे दी। जिसके बाद वादी ने आरोपी के खिलाफ थाना मुनिकीरेती में तहरीर दी। थाना पुलिस ने मामले की छानबीन के बाद संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज करते हुए आरोपी के खिलाफ न्यायालय में चार्जशीट दाखिल की। पीड़िता के अधिवक्ता विशेष लोक अभियोजक पोक्सो चंद्रवीर नेगी ने मामले में 9 साक्ष्य व 8 दस्तावेज पेश किए। जिसके बाद बीते गुरुवार को विशेष न्यायाधीश पोक्सो योगेश कुमार गुप्ता ने आरोपी प्रभुदयाल पुत्र जगदीश प्रसाद को पोक्सो एक्ट की धाराओं में दोषी पाते हुए 20 साल कठोर कारावास तथा 20 हजार अर्थदंड की सजा सुनाई। (एजेंसी)

## डीएम ने लिया व्यवस्थाओं का जायजा

चमोली : डीएम हिमांशु खुराना ने नगर में बने रैन बसेरों का निरीक्षण कर यहां ठहरने वालों को उपलब्ध करने जाने वाली व्यवस्थाओं का जायजा लेकर पालिका के ईओ एमएल शाह को आवश्यक निर्देश दिये।

डीएम ने कहा कि कोई भी व्यक्ति ठंड में परेशान न हो, सभी को बेड, गद्दे, कंबल, तकिया, बेड सीट, रूप हीटर की व्यवस्था की जाए।

उन्होंने रैन बसेरों की साफ सफाई भी दुरुस्त करने को कहा। डीएम ने बस स्टेशन के पास झूलती विद्युत तारों को हटाने, अंधेरे वाले स्थानों पर लाइट लगाने, सुलभ शौचालयों की साफ सफाई के निर्देश भी दिये। मौके पर एसडीएम अपूर्वा सिंह, ईई डीएम गुप्ता, ईओ एमएल शाह, अरविंद जोशी, भजनी भंडारी आदि मौजूद थे। (एजेंसी)

# गुरू ही छात्र को अच्छे संस्कार देता है : सांसद

**जयन्त प्रतिनिधि।**

पौड़ी : राजकीय इंटर कॉलेज पौड़ी में शुक्रवार को सांसद स्थानीय क्षेत्र विकास योजना के अंतर्गत राष्ट्रभाषा हिन्दी के विकास और बढ़ावा देने हेतु पुस्तक वितरण सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। सांसद ने कहा कि विद्यालय में आने वाले छात्र-छात्राओं को एक गुरू ही अच्छे संस्कार देता है। वर्तमान में सरकार द्वारा सरकारी स्कूलों में हर तरह की सुविधा दी जा रही है। उन्होंने वहां उपस्थित सभी अध्यापकों को कहा कि विद्यालय में पठन-पाठन को लेकर कैसे माहौल बनाना है उसके लिए विशेष तैयारी करें, जिससे बच्चों को भविष्य के लिए तैयार किया जा सकेगा।



सांसद गढ़वाल तीरथ सिंह रावत पुस्तक वितरित करते हुए।

जीआईसी पौड़ी में आयोजित पुस्तक वितरण सम्मान समारोह में का शुभारंभ मुख्य अतिथि सांसद तीरथ सिंह रावत, विशिष्ट अतिथि स्थानीय विधायक राजकुमार पोरी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। सांसद स्थानीय क्षेत्र विकास योजना के अंतर्गत राष्ट्रभाषा हिन्दी के प्रचार-प्रसार हेतु सांसद तीरथ सिंह रावत की अनुशंसा पर पौड़ी गढ़वाल जिले के चयनित स्कूलों/कॉलेजों प्राथमिक/उच्च प्राथमिक, उच्च विद्यालय, कॉलेज) में हिंदी साहित्य से संबंधित हिन्दी के महान लेखकों की रचनाओं से समृद्ध एक मिनी लाइब्रेरी की पुस्तकें प्रदान की गई। पुस्तक वितरण सम्मान समारोह में साहित्यकार रामेन्द्र कुशवाहा, वरिष्ठ कथाकार, मनोहर चमोली, बाल साहित्यकार, वीरेन्द्र पंवार गढ़वाली साहित्यकार, धीशराज शाह, जनकवि को सांसद द्वारा सम्मान पत्र एवं शाल देकर सम्मानित किया। इसके अलावा कार्यक्रम में उपस्थित चयनित सभी 108 स्कूलों/कॉलेजों के प्रधानाचार्य/प्राध्यापक को सांसद द्वारा सम्मान पत्र देकर सम्मानित कर पुस्तकों का वितरण किया। इस अवसर पर पीडी डीआरडीए संजीव कुमार रॉय, जिलाध्यक्ष भाजपा सुषमा रावत, प्रधानाचार्य बीसी बहुगुणा, राजकमल प्रकाशन से मुकेश कुमार सहित अन्य अधिकारी, शिक्षक व छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

# आपदा से त्रस्त असी गंगाघाटी की नहीं ली जा रही सुध

उत्तरकाशी : संगमचट्टी–गंगोरी मोटर मार्ग सहित असी गंगाघाटी की अन्य बदहाल सड़कों के सुधारीकरण की मांग को लेकर क्षेत्र के ग्रामीणों का कलक्ट्रेट परिसर में धरना आठवें दिन भी जारी रहा। शुक्रवार को होटल एसोसिएशन के पदाधिकारी भी ग्रामीणों के धरने को समर्थन देने धरनास्थ पर पहुंचे। असी गंगाघाटी क्षेत्र में संगमचट्टी गंगोरी मार्ग समेत अन्य मार्गों की स्थिति दयनीय बनी है। सड़कों की हालत में सुधार की मांग को लेकर ग्रामीण पिछले आठ दिन से कलक्ट्रेट परिसर में धरने पर बैठे हैं। होटल एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने ग्रामीणों के धरने का समर्थन करते हुए कहा कि संगमचट्टी–गंगोरी मोटरमार्ग वर्ष 2012–13 में आई भीषण आपदा के दौरान बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया था। आपदा से त्रस्त असी गंगा घाटी क्षेत्र की सुध नहीं ली गई है,



जिससे क्षेत्रीय ग्रामीणों को भारी असुविधाओं का सामना करना पड़ रहा है। धरना स्थल पर होटल एसोसिएशन के अध्यक्ष शैलेंद्र मटूड़ा, राजेंद्र पंवार, प्रकाश भद्री, सुरेश राणा, मनोज रावत, पूर्व क्षेपंस कमल सिंह रावत, महादेव रावत, उमेद पंवार, बलवीर सिंह, मुकेश आदि थे। (एजेंसी)

## पेपर लीक पर कांग्रेस ने सरकार पर साधा निशाना

चमोली : पटवारी भर्ती पेपर लीक मामले में सरकार विपक्ष के निशाने पर आ गई है। इसको लेकर कांग्रेस ने भाजपा सरकार पर जमकर निशाना साधा है। युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष सूर्य प्रकाश पुरोहित ने कहा कि प्रदेश में हर जगह अफरा-तफरी का माहौल है। ऐसा लगता ही नहीं कि राज्य सरकार काम कर रही है। उन्होंने कहा कि पटवारी भर्ती प्रकरण में भी पेपर लीक हो गए हैं, ये सरकार के लिए बड़ी शर्मनाक बात है। सूर्य ने कहा कि जब यूकेएसएसएससी पेपर लीक होने के बाद तमाम लोग जेल में बंद हैं। उसके बावजूद जवाबदेह पदों पर बैठे हुए लोग इस बात का स्मरण नहीं रख रहे हैं कि अब तो कम से कम परीक्षा के पेपर लीक ना हो। (एजेंसी)

# एनटीपीसी गो बैक के पोस्टर लगाए

चमोली : हर रोज जोशीमठ में भू धंसाव बढ़ता ही जा रहा है। प्रशासन चाहे लाख दावे कर ले कि पिछले कुछ दिनों से जोशीमठ नगर में भूधंसाव रुक गया है, लेकिन सच्चाई कुछ और है। जोशीमठ के लोगों ने शुक्रवार को नगर के मुख्य बाजार की दुकानों के बाहर एनटीपीसी गो बैक के पोस्टर चस्पा करने शुरू कर दिए हैं। इस मुहिम को समर्थन दे रहे संतोष कुंवर कहते हैं कि जोशीमठ नगर बर्बाद हो रहा है, यहां का एक बड़ा भाग धंस गया है।



सिंहधार निवासी विक्रांत रावत कहते हैं कि दो दिनों से उनके घरों में दरारें आनी शुरू हो गई हैं, जिससे वे काफी परेशान हैं। सिंहधार के जैन मोहल्ला निवासी मनोज जैन कहते हैं कि न सिर्फ उनके मोहल्ले में दरारें चौड़ी हो रही हैं, बल्कि नई दरारें भी आ रही हैं। वहीं मनोहरबाग के 71 वर्षीय मान सिंह कहते हैं कि उनके घर और मकान के पीछे से गुजरने वाले रास्ते में रोज नई दरारें आ रही हैं। वहीं लगातार नगर में बढ़ रहे भूधंसाव और दरारों के कारण लोगों में आक्रेश बढ़ने लगा है। शुक्रवार को इसरो ने एक सेटेलाइट इमेज जारी की है, जिसमें बताया गया है कि जोशीमठ का एक बड़ा भाग लगातार धंस रहा है, बावजूद प्रशासन जोशीमठ धंसाव के लिए मात्र ड्रेनेज न होना और नगर में अधिक निर्माण को जिम्मेदार बता रहा है। जबकि वास्तव में एनटीपीसी की टनल एवं बाईपास इसके लिए उत्तरदायी हैं। लेकिन प्रशासन ने अभी तक एनटीपीसी को क्लीन चिट दे रहा है।

कहते हैं कि एनटीपीसी परियोजना को तुरंत बंद किया जाना चाहिए, साथ ही नगर में यदि भार बढ़ रहा है तो यहां से पूरी आर्मी एवं आईटीबीपी को हटया जाना चाहिए। (एजेंसी)

# पौराणिक माघ मेले को लेकर पुलिस सक्रिय, सीओ ने किया निरीक्षण

उत्तरकाशी : पौराणिक माघ मेले में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस भी सक्रिय हो गई है। एसपी अर्पण यदुवंशी के निर्देशन में उत्तरकाशी पुलिस ने मेले में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुख्ता इंतजाम कर लिये हैं।

माघ मेले में सुरक्षा नोडल अधिकारी की जिम्मेदारी संभाल रहे सीओ उत्तरकाशी अनुज कुमार शुक्रवार को मेला स्थल का स्थलीय निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने रामलीला मैदान में पहुंचकर मेले से सम्बन्धित सभी विभागों जिला पंचायत, नगरपालिका, ठेकेदारों, फायर सर्विस, एसडीआरएफ, पुलिस, स्थानीय अभिसूचना इकाई, पुलिस दूरसंचार आदि व्यवस्थाओं की समीक्षा की। इस दौरान मेले में चरखी व झूला को सही व सुरक्षित तरीके से लगाने तथा दुकानों व स्टॉल को सुव्यवस्थित व उचित दूरी पर लगाने के निर्देश दिये। सीओ ने बताया कि विगत दो तीन वर्षों से कोरोना महामारी के चलते उत्तरकाशी में माघ मेला का आयोजन नहीं हो सका। इस बार मेलार्थियों की भारी मात्रा में भीड़ उमड़ने की संभावना है। मेले में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किये गये हैं। सम्पूर्ण मेला स्थल व बाजार सीसीटीवी कैमरों की निगरानी पर है।

मेलास्थल के आस–पास लगभग 30 सीसीटीवी कैमरे एक्टिव रहेंगे, जिनमें चप्पे–चप्पे पर पुलिस की निगरानी रहेगी। इस मौके पर एएमओ एमएस राणा, कोतवाली प्रभारी दिनेश कुमार, प्रकाश राणा, पुष्पेन्द्र थे। (एजेंसी)

## दो छात्रों का इंस्पायर अवॉर्ड के लिए किया चयन

रुद्रपुर। हीरावती माधवानंद जोशी सरस्वती विहार सीनियर सेकंडरी स्कूल शांतिपुरी के दो छात्रों का चयन इंस्पायर अवॉर्ड के लिए हुआ है।

प्रतिवर्ष हर विद्यालय से 5 छात्रों के नाम नवीन शोध के लिए भेजे जाते हैं। स्कूल के कक्षा सातवीं की छात्रा शिवांगी जोशी व दसवीं के छात्र आशीष द्विवेदी का शोध उत्तम पाए जाने पर इस वर्ष के राज्य स्तरीय इंस्पायर अवार्ड के लिए उनको चुना गया है।

प्रधानाचार्य राजेश कुमार शर्मा व स्टाफ ने छात्रों को शुभकामनाएं दी हैं।

# चिकित्सकों की तैनाती को लेकर क्रमिक धरना जारी

चमोली : सीएचसी गैरसैंण में विशेषज्ञ चिकित्सकों की तैनाती की मांग को लेकर रामलीला मैदान गैरसैंण में महिलाओं का क्रमिक धरना शुक्रवार को भी जारी रहा। उक्रांद के रानीखेत जिलाध्यक्ष गजे सिंह नेगी ने आंदोलन का सर्मथन करते हुए शीघ्र सरकार से यहां विशेषज्ञ चिकित्स तैनात करने की मांग करते हुए कहा कि जब ग्रीष्मकालीन राजधानी की स्वास्थ्य व्यवस्था का यह हाल है तो प्रदेश के अन्य क्षेत्रों के हाल का बखूबी अंदाजा लगाया जा सकता है। शुक्रवार को क्रमिक धरने के दसवें दिन महिला मंगल दल ग्वाड़ तल्ला की अध्यक्ष पुष्पा देवी के नेतृत्व में विनोद पंवार, धर्मा, देवकी,



शकुंतला, बीना, विमला, सुनीता, जमुना, सुमन, मन्ना, जानकी, गंगा आदि आंदोलनकारी महिलाएं शामिल रहीं। आंदोलन के संयोजक व्यापार संघ अध्यक्ष सुरेन्द्र सिंह बिष्ट का कहना है कि जब तक उनकी मांग पूरी नहीं होती है उनका आंदोलन जारी रहेगा। (एजेंसी)

## सरकार के खिलाफ प्रदर्शन, फूंका पुतला

रुद्रपुर। पटवारी भर्ती परीक्षा का पेपर लीक होने से गुस्साए यूथ कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने नगर के मुख्य चौराहे पर सरकार के खिलाफ नारोबाजी कर पुतला फूंका।

शुक्रवार को यूथ कांग्रेस के विधानसभा क्षेत्र अध्यक्ष सुमिंदर यादव के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं नगर के मुख्य चौराहे पर पेपर लीक प्रकरण में सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया।


उत्तर रेलवे

निविदा सूचना

[illegible] www.ireps.gov.in पर देखें।

| टेण्डर संख्या दिनांक | 265-DRM-MB-22-23 दिनांक 13.01.2023 | 266-DRM-MB-22-23 दिनांक 13.01.2023 |
|---|---|---|
| कार्य का नाम | [illegible] | [illegible] |
| टेण्डर क्लोजिंग दिनांक/समय | 07.02.2023, 16.00 बजे | 07.02.2023, 16.00 बजे |
| अनुमानित लागत (रु.) | 25,27,71,816.55 | 83,43,543.92 |
| बयाना राशि (रु.) | 14,13,900.00 | 1,67,000.00 |
| बिडिंग स्टार्ट तिथि | 24.01.2023 | 24.01.2023 |
| ऑफर की वैधता | 90 दिन | 60 दिन |
| कार्य पूर्ण करने की अवधि | 15 माह | 06 माह |

सं.: 75-W/2/3/WA/Publication दिनांक: 13.01.2023 1459/2023

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


# प्रभारी मंत्री ने प्रभावितों को बांटे चेक

**जयन्त प्रतिनिधि।**

चमोली : जनपद के प्रभारी मंत्री डा. धनसिंह रावत ने जोशीमठ नगर पालिका क्षेत्रान्तर्गत प्रभावित 61 भू-भवन स्वामियों को विशेष पुनर्वास पैकेज एवं एकमुश्त ग्रांट के तहत प्रति भवन स्वामी को डेढ़ लाख अतंरिम राहत धनराशि के चेक वितरित किए।



वहीं जोशीमठ में प्रभावित एवं जरूरतमंद लोगों को रेडक्रॉस टीम द्वारा जीवन रक्षक दवाओं के साथ-साथ प्रतिदिन उपयोग की सामग्री यथा साबुन, पेस्ट, शैंपू, ब्रश आदि का वितरण किया जा रहा है। जोशीमठ नगर पालिका क्षेत्र में भू-धंसाव से असुरक्षित होटल मलारी इन और माउंट व्यू को जनहित में सुरक्षा के दृष्टिगत सीबीआरआई के सहयोग से ध्वस्तीकरण किया जा रहा है। जिला प्रशासन द्वारा जोशीमठ में प्रभावितों एवं जरूरतमंदों को ड्राई राशन किट, गरम कपडे, कंबल एवं छोटे बच्चों को बेबी किट वितरण कराया जा रहा है।

सम्पादकीय

# विकास के नाम पर दखलंदाजी नहीं

उत्तराखंड के जोशीमठ में जैसे-जैसे दिन गुर्जर रहे हैं वैसे वैसे क्षेत्र की स्थिति को लेकर चिंताएं भी बढ़ रही हैं। जोशीमठ का नरसिंह मंदिर भी अब खतरे की जद में है जहां शीतकाल में भगवान बद्रीनाथ विश्राम करते हैं। उधर भू विज्ञानियों ने स्पष्ट किया है कि जोशीमठ की जमीन धीरे-धीरे बैठ रही है और इसका क्रम अभी भी जारी है। भू-धंसाव को लेकर इसरो की ओर से जारी रिपोर्ट में बताया गया है कि 12 दिन में जोशीमठ की जमीन 5.4 सेंटीमीटर धंसी है। इसरो के नेशनल रिमोट सेंसिंग सेंटर की ओर से सैटेलाइट इमेज जारी की गई। जिसमें यह साफ दिखाई दे रहा है। इस संबंध में इसरो की ओर से सेटेलाइट तस्वीरें भी जारी की गई है जिसमें बताया गया है कि जोशीमठ शहर 27 दिसंबर से 8 जनवरी के बीच 5.4 सेमी नीचे धंसा है। चिंता की बात यह है कि 12 दिनों के अंदर शहर 5.4 सेंटीमीटर नीचे चला गया। नरसिंह देवता के मंदिर के अतिरिक्त सेना का हेलीपैड भी जमीन दरकने से प्रभावित हुआ है। धंसने का केंद्र 2180 मीटर की ऊंचाई पर जोशीमठ-औली रोड के पास स्थित है। इसरो ने इस संबंध में कुछ और भूगर्भीय बिंदु भी जारी किए है जिसके तहत बताया गया है अप्रैल से नवंबर 2022 के बीच धंसने की दर बहुत कम थी। इस दौरान जोशीमठ 9 सेमी तक धंसा था जबकि अप्रैल और नवंबर 2022 के बीच 7 महीने की अवधि में जोशीमठ शहर के भीतर 9 सेमी तक जमीन धंसी। यह तो स्पष्ट है कि जोशीमठ और इसके आसपास हुए अवैध निर्माण तथा विभिन्न परियोजनाओं के कारण आज यह पूरा शहर खतरे की चपेट में है। जोशीमठ के इस प्रकरण ने यह भी साफ कर दिया है कि विकास के नाम पर पहाड़ों में जो कुछ हो रहा है वह एक बड़े खतरे की घंटी है। पहाड़ों की भौगोलिक परिस्थितियों के विपरीत किए जा रहे निर्माण कार्य स्थानीय लोगों एवं क्षेत्र को भारी नुकसान पहुंचा रहे हैं। जोशीमठ में पैदा हुए खतरे से वर्तमान एवं आने वाली सरकारों को भी यह सोचना होगा कि विकास के नाम पर पहाड़ों का दोहन बेहद खतरनाक साबित हो रहा है। भविष्य की योजनाओं को फलीभूत करने से पूर्व पहाड़ों के हित एवं भौगोलिक परिस्थितियों का अध्ययन करना भी बेहद जरूरी है। उत्तराखंड के पहाड़ी क्षेत्र तो वैसे भी हमेशा से ही संवेदनशील रहे हैं और यहां प्रातिक आपदाओं का ङ्मींजतं हमेशा से ही बना रहा है। जोशीमठ में बने हालात प्रातिक आपदा से अधिक मानवीय दखलअंदाजी का एक परिणाम है जिसका खामियाजा एक खूबसूरत एवं धार्मिक महत्व के शहर को अपने भविष्य के संकट के तौर पर उठाना पड़ रहा है।

# चुनाव और यात्रा से बदलता विमर्श

**भाजपा के नेता भले कहें कि भारत टूटा कहां है, जो राहुल गांधी उसे जोडने निकले हैं लेकिन विश्व हिंदू परिषद के नेता चंपत राय ने यात्रा को देशहित में बताया है और कहा है कि वे भगवान राम से प्रार्थना करेंगे कि वे राहुल को आशीर्वाद दें और यात्रा अपना लक्ष्य हासिल करे। जिस भव्य राममंदिर के उद्घाटन की तारीख का ऐलान अमित शाह ने किया उसी मंदिर के मुख्य पुजारी महंत सत्येंद्र दास ने चिट्ठी लिख कर राहुल गांधी की यात्रा का समर्थन किया और उनको शुभकामना दी। समाजवादी पार्टी और बहुजन समाज पार्टी दोनों ने राहुल को उनकी यात्रा के लिए शुभकामना दी। राष्ट्रीय लोकदल ने अपनी गठबंधन सहयोगी समाजवादी पार्टी की परवाह किए बगैर यात्रा का समर्थन किया और उसके कार्यकर्ता यात्रा में शामिल हुए। भारतीय किसान यूनियन ने राहुल की यात्रा को समर्थन दिया और यात्रा जब पश्चिमी उत्तर प्रदेश से गुजरी तो बड़ी संख्या में किसान इसमें शामिल हुए। सो, ऐसा लग रहा है कि 10 साल की केंद्र सरकार की एंटी इन्कंबैंसी, भाजपा शासित राज्यों में सत्ता विरोधी माहौल और राहुल गांधी की यात्रा से बन रहे नैरेटिव को चुनौती देने के लिए ध्रुवीकरण का विमर्श खड़ा किया जा रहा है।**



**अजीत द्विवेदी**

देश का राजनीतिक विमर्श बदल रहा है। जैसे जैसे लोकसभा चुनाव नजदीक आ रहे हैं और राहुल गांधी के नेतृत्व में चल रही भारत जोड़ो यात्रा पूर्णता की ओर बढ़ रही है वैसे वैसे देश की राजनीति का नैरेटिव ध्रुवीकरण की ओर बढ़ रहा है। अब डबल इंजन की सरकार में विकास की बात कम होने लगी है और मंदिर की बात ज्यादा होने लगी है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह कर्नाटक की यात्रा पर गए तो वहां उन्होंने डबल इंजन सरकार की उपलब्धियां कम बताईं या नहीं बताईं लेकिन यह जरूर कहा कि देश में ऐसा प्रधानमंत्री है, जो मंदिर बनवाता है न कि टीपू सुल्तान की जयंती मनाता है। सबको पता है कि कर्नाटक में टीपू सुल्तान का नाम सांप्रदायिक ध्रुवीकरण का बड़ा मुद्दा है। हिजाब पर पाबंदी और हलाल मीट पर पाबंदी के प्रयासों के बीच मंदिर और टीपू सुल्तान का जिक्र नैरेटिव बदलने का संकेत है।

कर्नाटक के बाद अमित शाह पूर्वोत्तर के दौरे पर गए तो उन्होंने त्रिपुरा में कहा कि राहुल बाबा कान खोल कर सुन लें, एक जनवरी 2024 को गगनचुंबी राममंदिर का निर्माण पूरा हो जाएगा और इसका उद्घाटन होगा। कर्नाटक से शुरू हुआ मंदिर नैरेटिव वे त्रिपुरा तक चलाते रहे, जहां अगले महीने चुनाव होना है। अमित शाह ने कहा- सिर्फ राम मंदिर नहीं, एकाध साल जाने दीजिए मां त्रिपुर सुंदरी का मंदिर भी ऐसा भव्य बनेगा कि पूरी दुनिया यहां देखने आएगी। उन्होंने कहा- काशी विश्वनाथ का करिडोर बनाया, महाकाल का करिडोर बनाया। सोमनाथ और अंबा जी का मंदिर सोने का हो रहा है। मां विंध्यवासिनी का मंदिर नया बन रहा है।

त्रिपुरा के बाद अमित शाह झारखंड और छत्तीसगढ़ के दौरे पर गए, जहां सांप्रदायिक ध्रुवीकरण का नैरेटिव जारी रहा। झारखंड के चाईबासा में अमित शाह ने श्घुसपैठियों के बारे में विस्तार से बताया। झारखंड में भाजपा के बनाए नैरेटिव के मुताबिक सीमावर्ती राज्य बिहार और बंगाल से बड़ी संख्या में बांग्लादेशी मुसलमान झारखंड में बस रहे हैं। इसी का हवाला देते हुए अमित शाह ने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन घुसपैठियों को रोकें, जो झारखंड की जमीन अवैध रूप से कब्जा कर रहे हैं और झारखंड की बहनों को बरगला कर उनसे शादी कर रहे हैं।

संथालपरगना इलाके में इस तरह की कुछ घटनाएं हुई हैं लेकिन ऐसा नहीं लग रहा था कि भाजपा का शीर्ष नेतृत्व इसे इतना महत्व देगा और राजनीति का एजेंडा सेट करने में इसका इस्तेमाल करेगा। कर्नाटक, त्रिपुरा और झारखंड तीनों जगह कही गई बातें अपवाद नहीं हैं। राजस्थान, महाराष्ट्र और बिहार से लेकर उत्तराखंड जैसे राज्य में भी भाजपा ध्रुवीकरण के मुद्दे राजनीतिक विमर्श के तौर पर स्थापित कर रही है।

इसका मुख्य कारण इस साल 10 राज्यों के विधानसभा चुनाव हैं और अगले साल का लोकसभा चुनाव है। भाजपा को पता है कि वह विकास के चाहे जितने दावे करे और कूटनीतिक आयोजनों से भारत और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विश्वगुरू होने का चाहे जैसा डंका बजाए, 10 साल की एंटी इन्कंबैंसी बहुत बड़ी होती है। कथित विकास की बातों से 10 साल की एंटी इन्कंबैंसी को बेअसर नहीं किया जा सकता है। उलटे अगर उपलब्धि बताने का प्रयास हुआ तो विपक्ष को नाकामियां गिनाने का मौका मिलेगा। केंद्र सरकार लोकसभा चुनाव के बचे हुए समय में अर्थव्यवस्था को ठीक करने का प्रयास कर रही है ताकि गुलाबी तस्वीर दिखाई जा सके लेकिन उसका नुकसान दूसरी तरफ हो सकता है।

वित्तीय अनुशासन के लिए सरकार ने प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना बंद की है। जनवरी के महीने से देश के नागरिकों को 10 किलो की बजाय सिर्फ पांच किलो अनाज मिलेगा। यह पांच किलो अनाज पूरी तरह से मुफ्त मिलेगा लेकिन बाकी पांच किलो जो 10 से 15 रुपए में मिल रहा था उसके लिए उन्हें बाजार की दर पर सौ से डेढ़ सौ रुपए खर्च करने पड़ सकते हैं। यह गरीबों को चुभने वाली बात होगी।ऊपर से राहुल गांधी के नेतृत्व में चल रही कांग्रेस की भारत जोड़ो यात्रा धीरे धीरे लोगों के मन मस्तिष्क में जगह बना रही है। यात्रा के बीच में भाजपा के आईटी सेल ने उससे बनने वाले नैरेटिव को बदलने का जितना भी प्रयास किया वह सफल नहीं हुआ। उलटे भाजपा नेताओं को राहुल गांधी की ओर से उठाई गई बातों का जवाब देना पड़ रहा है। कांग्रेस इस बात का श्रेय ले सकती है कि भारत जोड़ो यात्रा के जरिए वह पिछले आठ साल में पहली बार राजनीति का एजेंडा सेट कर रही है और भाजपा उस पर प्रतिक्रिया दे रही है। कांग्रेस इस बात पर भी संतोष कर सकती है कि लगातार दूसरा लोकसभा चुनाव हारने के बाद कांग्रेस की अनदेखी कर रही क्षेत्रीय पार्टियां अब उसे गंभीरता से लेने लगी हैं। कांग्रेस पार्टी जमीन पर दिखने लगी है। उसके नेताओं में जान लौटी है। भारत जोड़ो यात्रा का मैसेज दूर-दराज के गांवों तक पहुंचा है।

भाजपा के नेता भले कहें कि भारत टूटा कहां है, जो राहुल गांधी उसे जोडने निकले हैं लेकिन विश्व हिंदू परिषद के नेता चंपत राय ने यात्रा को देशहित में बताया है और कहा है कि वे भगवान राम से प्रार्थना करेंगे कि वे राहुल को आशीर्वाद दें और यात्रा अपना लक्ष्य हासिल करे। जिस भव्य राममंदिर के उद्घाटन की तारीख का ऐलान अमित शाह ने किया उसी मंदिर के मुख्य पुजारी महंत सत्येंद्र दास ने चिट्ठी लिख कर राहुल गांधी की यात्रा का समर्थन किया और उनको शुभकामना दी। समाजवादी पार्टी और बहुजन समाज पार्टी दोनों ने राहुल को उनकी यात्रा के लिए शुभकामना दी। राष्ट्रीय लोकदल ने अपनी गठबंधन सहयोगी समाजवादी पार्टी की परवाह किए बगैर यात्रा का समर्थन किया और उसके कार्यकर्ता यात्रा में शामिल हुए। भारतीय किसान यूनियन ने राहुल की यात्रा को समर्थन दिया और यात्रा जब पश्चिमी उत्तर प्रदेश से गुजरी तो बड़ी संख्या में किसान इसमें शामिल हुए।

सो, ऐसा लग रहा है कि 10 साल की केंद्र सरकार की एंटी इन्कंबैंसी, भाजपा शासित राज्यों में सत्ता विरोधी माहौल और राहुल गांधी की यात्रा से बन रहे नैरेटिव को चुनौती देने के लिए ध्रुवीकरण का विमर्श खड़ा किया जा रहा है। वह चाहे मंदिर के नाम पर हो, घुसपैठियों के नाम पर हो, या हिजाब और हलाल मीट पर पाबंदी के नाम पर हो या जम्मू कश्मीर में मई तक चुनाव करा कर हिंदू मुख्यमंत्री बनाने के नाम पर हो, देश की राजनीति अगले एक सवा साल ध्रुवीकरण के मुद्दों के ईर्द-गिर्द घूमती हुई रहेगी। अगर कांग्रेस और दूसरी विपक्षी पार्टियां उन मुद्दों में उलझने की बजाय अपने एजेंडे पर कायम रहती हैं तभी मुकाबले में उनके लिए कोई गुंजाइश बनेगी।

# लोकतंत्र का यह दौर!

यह लोकतंत्र का कैसा दौर है? समाजों में बढ़ते ध्रुवीकरण के साथ चुनाव नतीजों को सहजता से स्वीकार कर लेने का चलन कमजोर पड़ता जा रहा है। इस प्रवृत्ति के लिए सिर्फ कुछ गुमराह लोगों को जिम्मेदार ठहराना समस्या का सतहीकरण होगा।

ब्राजील में छह जनवरी को 2021 को वशिंगटन में हुई घटना दोहराई गई है। फर्क सिर्फ यह है कि अमेरिकी संसद भवन पर डनल्ड ट्रंप समर्थकों ने तब धावा बोला था, जब उनके नेता अभी ह्वाइट हाउस में मौजूद थे। ब्राजील में राष्ट्रपति भवन, संसद भवन और सुप्रीम कोर्ट पर पूर्व राष्ट्रपति जायर बोल्सोनारो के समर्थकों ने नए राष्ट्रपति लुइज इनेसियो लूला दा सिल्वा के पदभार ग्रहण करने के ठीक एक हफ्ते बाद धावा बोला।

हालांकि कुछ घंटों की मशक्कत के बाद सुरक्षा बलों ने इन सत्ता केंद्रों को उस धुर-दक्षिणपंथी भीड़ से खाली करा लिया, लेकिन देश के दूसरे हिस्सों में सरकारी प्रतिष्ठानों के सामने बोल्सोनारो समर्थक की छिटपुट हिंसा उसके बाद भी जारी रही। गौरतलब है कि बोल्सोनारो ने अक्टूबर में हुए राष्ट्रपति चुनाव में अपनी हार को ट्रंप की तर्ज पर ही स्वीकार करने से इनकार कर दिया था। ट्रंप समर्थकों की तर्ज पर उनके समर्थक भी अभी तक चुनाव नतीजे को स्वीकार नहीं कर पाए हैं। गुजरे तीन महीनों में उन्होंने लगातार सेना से अपील की है कि वह सत्ता संभाल ले।

सवाल है कि यह लोकतंत्र का कैसा दौर है? समाजों में बढ़ते ध्रुवीकरण के साथ चुनाव नतीजों को सहजता से स्वीकार कर लेने का चलन कमजोर पड़ता जा रहा है। इस प्रवृत्ति के लिए सिर्फ कुछ गुमराह लोगों को जिम्मेदार ठहराना समस्या का सतहीकरण होगा। दरअसल, हुआ यह है कि गुजरे दशकों में समाजों में लोकतंत्र की प्रक्रिया आगे बढने के साथ परंपरागत रूप से सत्तासीनध्वर्चस्वशाली रहे तबकों के हित प्रभावित हुए। अब हाल के दशकों में उन्होंने पलटवार किया है। इसके लिए धर्म, नस्ल, आदि के आधार पर उन्माद फैलाने की सुविचारित योजना के जरिए उन्होंने अपना एक बड़ा समर्थक बनाया है। सोशल मीडिया ने उनके लिए इस मकसद को हासिल करना आसान बनाया है। इस सारी योजना के जरिए लोकतंत्र को पलट कर कुलीनतंत्र (अलिगार्की) लागू करने के प्रयास होते हम देख रहे हैं। ब्राजील से आई खबरों के मुताबिक बोल्सोनारो समर्थकों के पीटे मुख्य रूप से खनन, भूमि और वित्तीय स्वार्थ रखने वाले समूहों का हाथ है। तमाम लोकतांत्रिक देशों को इस घटना और इस प्रवृत्ति पर विचार करना चाहिए। यह सतर्क होने का वक्त है।

# बिहार में भाजपा सबसे ज्यादा बेचैन!



भारतीय जनता पार्टी वैसे तो 2024 के लोकसभा चुनाव में कई राज्यों में अपनी संभावना को लेकर चिंता में है लेकिन सबसे ज्यादा बेचौनी बिहार को लेकर है। बिहार में भाजपा को लग रहा है कि अगर राजद, जदयू और कांग्रेस का तालमेल बना रहा तो विधानसभा की तरह लोकसभा में भी उसके लिए कोई गुंजाइश नहीं रहेगी। इसलिए किसी तरह से राजद और जदयू का तालमेल तुड़वाने का प्रयास चल रहा है। मंत्री पद से हटाए गए राजद के नेता सुधाकर सिंह लगातार नीतीश कुमार के खिलाफ बयान दे रहे हैं और भाजपा के नेता दावा कर रहे हैं लालू प्रसाद और तेजस्वी यादव के कहने पर वे नीतीश को अपमानित कर रहे हैं।

इस बीच भारतीय जनता पार्टी की ओर से यह दावा किया जा रहा है कि नीतीश कुमार एक बार फिर भाजपा के साथ जुड़ सकते हैं। जानकार सूत्रों के मुताबिक मुख्यमंत्री पद के लिए दावेदारी किए बिना एनडीए में वापस लौटेंगे क्योंकि उनको पता है कि भाजपा इस बार उनको मुख्यमंत्री पद नहीं देगी। तभी यह प्रचार किया जा रहा है कि नीतीश कुमार केंद्र सरकार में मंत्री बनेंगे और बिहार में भाजपा का मुख्यमंत्री होगा। भाजपा सूत्रों के हवाले से जो प्रचार कर रही है उसमें सबसे बड़ी बात यह कही जा रही है कि नीतीश कुमार भाजपा पर दबाव डाल रहे हैं कि वह सुशील कुमार मोदी को मुख्यमंत्री बनाए।

ध्यान रहे सुशील मोदी के साथ नीतीश के बहुत सहज और करीबी संबंध रहे हैं और इस वजह से सुशील मोदी भाजपा के मौजूद आलाकमान की आंखों में खटकते रहे हैं।

उनको 2020 के विधानसभा चुनाव के बाद इसी वजह से उप मुख्यमंत्री नहीं बनाया गया और सांसद बन कर वे दिल्ली आए तो केंद्र में मंत्री भी नहीं बनाया गया। लेकिन उन्होंने हार नहीं मानी और बिहार के मुद्दों को लेकर लगातार सक्रिय रहे। कहा जा रहा है कि वे इस बात का आधार तैयार कर रहे हैं कि नीतीश कुमार की एनडीए में वापसी हो और साथ ही जाति जनगणना के नतीजों का भी फायदा एनडीए को मिले।

इसके लिए सुशील मोदी लगातार दावा कर रहे हैं कि जातीय जनगणना का फैसला महागठबंधन सरकार का नहीं है, बल्कि एनडीए की सरकार ने किया था। पहले भाजपा के कुछ नेताओं ने जाति जनगणना का विरोध किया लेकिन अब सब चुप हो गए हैं। अब सिर्फ सुशील मोदी बयान दे रहे हैं और ट्विट कर रहे हैं। कहा जा रहा है कि ऐसा इसलिए किया जा रहा ताकि अगर फिर जदयू और भाजपा साथ आएं तो जाति जनगणना का श्रेय एनडीए को मिले और अगले चुनाव में उसका फायदा भी हो। हालांकि भाजपा नेताओं की ओर से किए जा रहे इस दावे का कोई आधार दिख नहीं रहा है। यह भी सही है कि नीतीश ने इस बार जिस दावे के साथ कहा है कि वे फिर भाजपा के साथ नहीं जाएंगे उसे देखते हुए उनकी वापसी मुश्किल है। ऊपर से जाति जनगणना के सहारे वे लोकसभा चुनाव में भाजपा को सबक सिखाने का संकल्प किए हुए हैं। तभी जदयू के जानकार सूत्रों का कहना है कि अगर वापसी होगी भी तो लोकसभा चुनाव में भाजपा को सबक सिखाने के बाद। एक दिलचस्प बात यह भी है कि बिहार भाजपा का ही एक गुट नीतीश की एनडीए में वापसी और सुशील मोदी के मुख्यमंत्री बनने के दावे का खंडन कर रहा है।

# वेजिटेबल रिफाइंड तेल की जगह खाना पकाने के लिए इस्तेमाल करें ये 5 स्वस्थ तेल



वेजिटेबल रिफाइंड तेल बहुत सारे रसायनों का उपयोग करके बनाए जाते हैं और यह अत्यधिक प्रोसेस्ड होते हैं। इसके अलावा इनकी शेल्फ लाइफ बढ़ाने के लिए इन्हें प्रोसेस्ड और दुर्गन्धित करके ठंडा किया जाता है। इसके बाद इन्हें ब्लीच किया जाता है और अधिक रसायनों के साथ मिलाया जाता है, जिससे ये अनहेल्दी हो जाते हैं। आइए आज वेजिटेबल रिफाइंड तेल के विकल्प के तौर पर अन्य स्वस्थ तेलों के बारे में जानते हैं।

**जैतून का तेल**

कई विशेषज्ञ मानते हैं कि जैतून का तेल सबसे स्वस्थ और बहुमुखी खाना पकाने के तेलों में से एक है। इसका उपयोग तब तक किया जा सकता है जब तक यह अतिरिक्त कच्चा हो। अतिरिक्त कच्ची जैतून के तेल में मोनोअनसैचुरेटेड वसा और कुछ पलीअनसैचुरेटेड फैटी एसिड की अच्छी मात्रा होती है, जो शरीर के लिए स्वस्थ होते हैं। इसके अलावा कई अध्ययनों में इस तेल को बेहतर हृदय स्वास्थ्य से ङ्की जोड़ा गया है।

**एवोकाडो का तेल** एवोकाडो का तेल जैतून के तेल जितना ही अच्छा और स्वस्थ होता है। इस तेल में ज्यादा स्वाद नहीं होता है, जो इसे पकाने के लिए और अधिक उपयुक्त बनाता है। इसके अलावा इसमें मोनोअनसैचुरेटेड और पलीअनसैचुरेटेड फैटी एसिड होने के साथ-साथ विटामिन ई ङ्की होता है, जो अवशोषित करने के लिए अच्छा है। बाजार में एवोक-ाडो का तेल महंगा मिल सकता है, लेकिन यह अन्य तेलों से बेहतर है।

**घी** घी बनाने के लिए सफेद मक्खन का इस्तेमाल किया जाता है। इसमें विटामिन ए, डी, ई, के, ओमेगा-3 फैटी एसिड और एंटी-कैंसर गुण मौजूद होते हैं। दुनियाङ्कार के कई अध्ययनों में घी को इंसुलिन प्रतिरोध में सुधार करने में मदद्गार बताया गया है। हालांकि, यह उन लोगों के लिए अनुकूल नहीं है जो अपना वजन कम करना चाहते हैं। फिर ङ्की यह रिफाइंड तेलों की तुलना में खाना पकाने के लिए एक बेहतर विकल्प है।

**तिल का तेल** तिल के तेल में एंटी-अक्सीडेंट की मात्रा ङ्करपूर होती है, जो सेहत के लिए लाङ्कादायक होते हैं। इसके अलावा इसमें मौजूद सीसमोल और सेसमिनल दिल के लिए काफी अनुकूल हैं और ये पार्किंसंस रोग के खिलाफ न्यूरोप्रोटेक्टिव प्रङ्काव प्रदान करने के लिए ङ्की जाने जाते हैं। यह तेल खाना पकाने के लिए उपयुक्त है और इसमें हल्का पौष्टिक स्वाद होता है, जो कई तरह के व्यंजनों के साथ अच्छी तरह से काम कर सकता है।

**अखरोट का तेल** अखरोट का तेल विटामिन के और ई, जिंक, कोलीन और फास्फोरस से ङ्करपूर होता है, जो इसे वेजिटेबल रिफाइंड तेल का एक स्वस्थ विकल्प बनाते हैं। इसमें एंटी-अक्सीडेंट्स की ङ्की अधिक मात्रा मौजूद है, जो हृदय स्वास्थ्य को बेहतर रखने, मधुमेह को नियंत्रित करने और बेहतर त्वचा प्रदान करने के लिए जाने जाते हैं। इस तेल का लो स्मोक पइंट इसे बहुत आदर्श विकल्प नहीं बनाता है, लेकिन फिर ङ्की इसे ङ्कोजन में इस्तेमाल किया जा सकता है।

# ब्राजील : उत्पात से उपजी चिंताएं

**रहीस सिंह**

ब्रासीलिया (ब्राजील) में बाते दिनों जो हुआ वह अब लोकतंत्र की नई परंपरा सी बनती हुई दिख रही है।

भले ही इसे अमेरिका के कैपिटल हिल कांड की एक प्रतिति या पुनरावृत्ति मानकर विषय की तीव्रता कम कर दी जाए अथवा बोल्सोनारो-ट्रंप बण्डिंग के आधार पर इसे डोनाल्ड ट्रंप की ओर धकेलने दिया जाए, लेकिन यह सच नहीं है। ऐसी घटनाएं देश की राजनीति में आ रही विति, राष्ट्रीय नेतृत्व की महवाकांक्षाएं और लोकतांत्रिक संस्थाओं की कमजोरी से जन्म लेती हैं। ब्राजील के संदर्भ में ये तीनों ही कारक जिम्मेदार हैं या फिर सिर्फ कोई एक, यह कहना मुश्किल होगा। फिर भी यह सवाल तो उठता ही है कि आखिर वह वजह कौन सी थी जिसके कारण बोल्सोनारो ने स्वस्थ लोकतांत्रिक राजनीति का परिचय देते हुए लूला दा सिल्वा के शपथ ग्रहण में शामिल होना उचित नहीं समझा? लूला दा सिल्वा के शपथ लेने से पहले ही उन्हें अमेरिका जाकर अरलैंडो में अस्थाई निवास बनाना क्यों पड़ गया? उनके सांसद पुत्र एडुआडरे बोल्सोनारो अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साथ बैठक किस रणनीति के तहत कर रहे थे? क्या वे श्ट्रंपियन मडल अफ डेमोक्रेसी जिसकी झलक जनवरी 2020 में पूरी दुनिया प्रतीकात्मक रूप में ही सही पर अमेरिकी शक्ति की विछिन्नता के रूप में देख चुकी है। यदि ऐसा है तो वे जिस बोल्सोनारोवाद की कल्पना भी कर रहे थे वह परिणामविहीन ही रहना था क्योंकि कैपिटल हिल घटना के परिणाम ट्रंप के अनुरूप नहीं आए थे। फिर ब्रासीलिया में कोई नई उम्मीद कैसे की जा सकती थी? दरअसल, राजनीति में कोई शर्टकट होता नहीं है। भले ही ऐसे कुछ उदाहरण दुनिया के सामने आ गए हों। राजनीति में शार्टकट मेरी दृष्टि में सिर्फ एक मनोदशा (स्टेट आफ माइंड) भर है जो कभी संक्षिप्त अवधि के लिए सफल हो भी सकती है, लेकिन दीर्घकाल में तो इसे असफल होना ही है। ऐसा इसलिए क्योंकि यह कोई राजनीति की मूल्य आधारित समृद्ध परंपरा नहीं है। हां संक्रमण काल में यह सफल भी हो जाती है, लेकिन सामान्य स्थितियों में नहीं। फिर भी अमेरिका जैसे समृद्ध लोकतांत्रिक देश की ग्रांड ओल्ड पार्टी के राष्ट्रपति ने अपनी हार के बाद ऐसा किया। इसे ही बोल्सोनारो ने ब्राजील में दोहराने की कोशिश की। इसमें कोई संदेह नहीं कि अक्टूबर 2022 में ब्राजील में राष्ट्रपति पद के लिए हुए चुनाव में बोल्सोनारो की हार हुई और लूला दा सिल्वा की बहुत ही सूक्ष्म अंतर से विजय, लेकिन सत्य तो यह है कि चुनाव में विजय और पराजय के बीच अंतर चाहे जितना भी कम हो, लेकिन हार हार होती है और जीत जीत। इसे लेकर आरोप-प्रत्यारोप भी लगाए जाते हैं, लेकिन सत्ता का हस्तांतरण शांतिपूर्ण ढंग से संविधान की भावनाओं के अनुरूप हो जाता है, मगर यह बात बोलसोनारो को समझ में नहीं आई। यही वजह है कि पहले उन्होंने पद छोडने में काफी समय लगाया और जब छोड़ा भी तो उनके समर्थकों ने लोकतांत्रिक संस्थाओं पर हमले की साजिश रच ली। उनके समर्थकों में ऐसी हलचल भी काफी समय तक रही। उनके समर्थकों ने तो सेना से दखल की मांग भी शुरू कर दी थी, लेकिन ब्राजील की सर्वोच्च अदालत ने राजधानी ब्रासीलिया की सुरक्षा बढ़ाई और एहतियातन गन लेकर चलने पर प्रतिबंध लगा। ऐसा शपथ ग्रहण के दौरान हिंसा और उपद्रव जैसी स्थितियों को रोकने के लिहाज से किया गया था। फिर भी ऐसा हुआ। आखिर क्यों? प्रथमदृष्टया तो यह लूला दा सिल्वा की ब्रासीलिया में हैरतअंगेज वापसी और बोलसोनारो की उम्मीदों के विपरीत पराजय इसका तात्कालिक कारण हो सकती है, लेकिन इसके अन्य आयामों को जानने के लिए तो ब्राजील के अंदर झांकना होगा। सिल्वा इससे पहले भी दो बार ब्राजील के राष्ट्रपति रह चुके हैं। उनकी विचारधारा वामपंथी है किंतु उनकी यह विजय सही अथरे में वामपंथ की विजय नहीं है बल्कि उस विश्वास की विजय है जो आज की अनिश्चित और जोखिम भरी दुनिया में आम आदमी को जीवन जीने की गारंटी देने का ढांढस बंधाती है। हम सीमित अथरे में यह भी कह सकते हैं कि ग्लोबलाइजेशन के उद्देश्यों से दुनिया का धीरे-धीरे भटकना और ग्लोबलाइजेशन की नियति लिखने का दावा करने वाली पश्चिमी लीडरशिप का संकीर्णता से भर जाना, जिसके कारण दुनिया में भ्रम, भय और अनिश्चितता के दौर से गुजरने लगी। दुनिया में रहने वाले अधिकतर लोग अपने-अपने देश की तरक्की चाहते हैं, लेकिन इस तरक्की में वे अपनी हिस्सेदारी भी चाहते हैं। वे भी चाहते हैं देश की उन्नति का थोड़ा सा हिस्सा उनकी जेब में भी जाए और उनका भविष्य भी सुरक्षित दिखे। ब्राजीलियन मीडिया रिपोर्ट्स बताती हैं कि कुछ वर्षो में ब्राजील इस तरह के विकास से भटक गया। बोल्सोनारो ने ब्राजील को जिस ट्रैक पर चलाना चाहा उसमें लोगों का भला संभव नहीं हो सका। वे भूल गए कि यह वही ब्राजील है जिसमें वर्ष 2013 में किराया वृद्धि के खिलाफ साओ पाउलो, ब्रासीलिया और रियो डि जेनेरियो में जो आंदोलन हुए थे, उन्होंने तत्कालीन सत्ता की चूलें हिला दी थीं। उन्होंने शायद इस बात पर भी गौर नहीं किया होगा कि जब दुनिया वैीकरण के दरवाजे पर खड़ी थी और प्रवेश करने की तैयारी कर रही थी उस समय लातिन अमेरिकी देशों में पूंजीवादी वर्चस्व के खिलाफ तीव्र प्रतिक्रिया हुई थी। इस समय वहां की स्थिति यह है कि राजनीतिक आधार पर पैदा हुए विभाजन और अंतर विभाजन लोगों की अपनी मौलिक पहचान खत्म कर रहे हैं। इसे ही देखते हुए संभवतरू सिल्वा ने आह्वान किया था कि मध्यमार्गी और दक्षिणपंथी एक साथ मिलकर देश के समृद्ध अतीत की पुनरू प्रतिष्ठा करें। संभवतरू ब्राजील के नागरिकों पर इसका असर पड़ा और सिल्वा की जीत हुई। बहरहाल, ब्राजील इस समय सही अथरे में लोकतांत्रिक मूल्यों और सत्ता की महवाकांक्षाओं के बीच टकराव से गुजर रहा है। अच्छी बात है कि ब्राजील दक्षिण अमेरिका की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है और दुनिया के सर्वाधिक पोटेंशियल वाले मंच ब्रिक्स का सदस्य है जो ब्राजील को आगे ले जाने में मदद करता रहेगा, लेकिन 21वीं सदी जहां औद्योगीकरण की फोर्थ जनरेशन नई पटकथा लिखने के लिए तैयार हो और जहां वि व्यवस्था संक्रमण से बाहर आने की कोशिश हो अथवा नई बुनियाद रखने की कशमकश से गुजर रही हो, वहां ऐसी घटनाएं किसी भी देश को पीटे ले जाकर खड़ कर देती हैं।

# जम्मू कश्मीर में हुए आतंकी हमलों की जांच करेगा एनआईए

## पीड़ित परिवार को अमित शाह का आश्वासन, अगली बार जरूर मिलूंगा



**श्रीनगर, एजेंसी।** राजौरी में हुए आतंकवादी हमले की जांच राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण को सौंपी गई है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को जम्मू दौरे के वक्त इसकी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि राजौरी आतंकवादी हमले की जांच एनआईए को सौंपी गई है। एनआईए और जम्मू पुलिस दोनों मिलकर इस घटना की जांच करेगी। विगत डेढ़ साल में जितनी भी घटनाएं हुई हैं उन्हें भी सामने रखते हुए जांच की जाएगी।

केंद्रीय गृह मंत्री आतंकवादी हमले के पीड़ित परिवारों से मिलने जाने वाले थे लेकिन मौसम में खराबी की वजह से उनका राजौरी दौरा टल गया। हालांकि उन्होंने पीड़ित परिवारों से फोन पर बात की और उनकी बातों को गौर से सुना। उन्होंने कहा कि मृतकों के परिवार वालों से मैंने फोन पर बात की है। मैं उनसे मुलाकात के लिए वहां खुद जाने वाला था लेकिन आज मौसम के कारण हम वहां नहीं पहुंच पाए। उनकी बातों को सुना है और मैंने उपराज्यपाल मनोज जी से भी बात की है। उन्होंने कहा कि जम्मू-कश्मीर की सुरक्षा में लगी सभी प्रकार की एजेंसियों से सभी पहलुओं पर विस्तृत चर्चा हुई है। आने वाले दिनों में एक बहुत सुरक्षित ग्रीड बनाने की तैयारी की जाएगी। बीएसएफ, सीआरपीएफ, सेना और जम्मू कश्मीर पुलिस समेत सभी पूरी तरह से मुस्तैद है। साथ ही बताया कि संपूर्ण 360 डिग्री सुरक्षा चक्र को लेकर भी चर्चा हुई है।

पीड़ित परिवार की एक सदस्य ने समाचार एजेंसी को बताया कि हमारी केंद्रीय गृह मंत्री के साथ फोन पर बात हुई है। उन्होंने अपनी अगली यात्रा के दौरान हम लोगों से मिलने का आश्वासन दिया है। पीड़ित परिवारों में शामिल सरोज बाला नामक महिला ने बताया कि मैंने अपने दोनों बेटों को ढांगरी हमले (जनवरी, 2023 के पहले सप्ताह) में खो दिया और मैंने उनसे (अमित शाह) आग्रह किया कि वे हमें न्याय दें और उनके हत्यारों को कड़ा जवाब दें।

## अमेरिकी राष्ट्रपति बाइडेन के निजी आवास में तलाशी, गोपनीय दस्तावेज मिलने से हड़कंप

**वशिंगटन , एजेंसी।** अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन के निजी आवास से गोपनीय दस्तावेज बरामद हुए हैं। डेलावेयर के विलमिंगटन में उनके घर से मिले दस्तावेज ओबामा प्रशासन के कार्यकाल के हैं। बाइडेन तब उप राष्ट्रपति थे। व्हाइट हाउस ने इसकी पुष्टि की है और कहा है कि कम मात्रा में गोपनीय दस्तावेज मिले हैं। बाइडेन के घर के अलावा वशिंगटन थिंक टैंक में भी गोपनीय दस्तावेज मिले हैं, जो बाइडेन का कार्यालय हुआ करता था।

राष्ट्रपति बाइडेन ने गोपनीय दस्तावेजों के मिलने पर हैरानगी जताई है और कहा है कि वह जांच में सहयोग करने को तैयार हैं। अमेरिकी अटर्नी जनरल मेरिक गारलैंड ने गुप्त दस्तावेजों के मिलने की जांच के लिए एक विशेष वकील रबर्ट हूर की नियुक्ति की घोषणा की है।

## अल्फाबेट रोबोटिक्स डिवीजन इंट्रिंसिक 40 कर्मचारियों को नौकरी से निकालेगी

**सैन फ्रांसिस्को , एजेंसी।** गूगल की मूल कंपनी अल्फाबेट, वैश्विक व्यापक आर्थिक स्थितियों के बीच कर्मचारियों की टंटनी करने वाली तकनीकी दिग्गजों में शामिल हो गई है। कंपनी का श्अदर बेट्स डिवीजन सबसे पहले प्रभावित हुआ है। मीडिया रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है। टेकक्रंच की रिपोर्ट के अनुसार, अल्फाबेट की रोबोट सफ्टवेयर फर्म इंट्रिंसिक 40 कर्मचारियों या अपने कुल कार्यबल के 20 प्रतिशत की टंटनी करेगी। कंपनी ने प्रवक्ता ने बताया, इंट्रिंसिक के नेतृत्व ने हमारी टीम के कई सदस्यों को अलविदा कहने का कठिन निर्णय लिया है।उन्होंने आगे कहा, यह सुनिश्चित करेगा कि इंट्रिंसिक हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता वाली पहलों के लिए संसाधन आवंटित करना जारी रख सकता है, जैसे कि हमारे सफ्टवेयर और एआई प्लेटफर्म का निर्माण, हाल ही में विकरियस और ओएसआरसी (कमर्शियल आर्म ओपन रोबोटिक्स) के रणनीतिक अधिग्रहण को एकीत करना, और प्रमुख उद्योग भागीदारों के साथ काम करना है।अल्फाबेट के तहत स्वास्थ्य-केंद्रित कंपनी वेरिली ने बुधवार को घोषणा की थी कि वह पुनर्गठन के कदम में अपने 15 प्रतिशत कर्मचारियों की टंटनी करेगी।हमने मेयो क्लीनिक, स्विस रे, डेक्सकम, लोरियल, ओत्सुका, हाईमार्क हेल्थ, आईरिदम, रेसमेड और सोसी-हेप्टारेस सहित कई अन्य स्वास्थ्य देखभाल और उद्योग जगत के प्रमुखों के साथ सहयोग किया है।उन्होंने कहा कि तेजी से जुड़े स्वास्थ्य देखभाल समाधानों के साथ वास्तव में व्यवसाय की कई पंक्तियों से एक केंद्रीत उत्पाद संगठन की ओर बढ़ेगा।गूगल एक बड़ी टेक कंपनी है जिसने कर्मचारियों के जाने से परहेज किया है।

## न्यायिक अधिकारियों को हाईकोर्ट का निर्देश, उपहार लेने से करें इन्कार, बताया कारण

**चेन्नई , (एजेंसी)।** तमिलनाडु और केंद्र शासित प्रदेश पुडुचेरी के न्यायिक अधिकारियों को त्योहारी सीजन के दौरान गिफ्ट हैम्पर्स, मिठाई के डिब्बे या पटाखों के डिब्बे स्वीकार नहीं करने का निर्देश दिया गया है। यह देखते हुए कि कुछ न्यायिक अधिकारी त्योहारों के मौसम में श्तीसरे पक्ष से उपहार स्वीकार कर रहे हैं, मद्रास उच्च न्यायालय के रजिस्ट्रार जनरल ने 11 जनवरी के एक परिपत्र में कहा कि इस तरह के त्यों से पूरी न्यायपालिका की बदनामी होती है।

न्यायिक अधिकारियों में जिला न्यायाधीश और अधीनस्थ न्यायाधीश शामिल हैं, जिनमें सिविल जज और मजिस्ट्रेट शामिल हैं। परिपत्र पोंगल त्योहार से पहले आया है, जिसे दो तमिल भाषी क्षेत्रों में भव्य रूप से मनाया जाता है।

## कथा सुनने जाते ग्रामीण, बीच रास्ते में पलटी ट्रेक्टर-ट्रॉली, दो महिलाओं की मौके पर मौत..! कई घायल

**मंदसौर, एजेंसी।** जिले के गरोठ थाना क्षेत्र से एक बड़ी खबर सामने आ रही है। यहां एक ट्रेक्टर ट्रली असंतुलित होकर पलट गई, घटना में दो महिलाओं की मौत होने की जानकारी सामने आ रही है। हादसा शुक्रवार दोपहर करीब 1230 बजे का ग्राम बोलियां के समीप का बताया जा रहा है।

प्रारंभिक जानकारी में सामने आया है कि, गांव की कई महिलाएं ट्रेक्टर ट्रली में सवार होकर ग्राम बोलियां में चल रही भागवत कथा में शामिल होने जा रहे थे। इसी दौरान पोला डूंगर के समीप खाई में ट्रली पलट गई, और यह हादसा हो गया। घटना में दो महिलाओं की मौत की सूचना सामने आ रही है, वहीं कई लोगों के घायल होने की जानकारी भी है, हालांकि जानकारी मिलते ही पुलिस और एम्बुलेन्स भी मौके पर पहुंची है।

## पीएम मोदी ने दुनिया के सबसे लंबे गंगा विलास क्रूज को दिखाई हरी झंडी, 3200 किमी की यात्रा करेगा तय



**नई दिल्ली , (एजेंसी)।** वाराणसी के रविदास घाट से गंगा विलास क्रूज असम के डिब्रूगढ़ जाने के लिए तैयार है। पीएम मोदी ने 13 जनवरी को गंगा विलास क्रूज को वर्चुअली हरी झंडी दिखाई। ये भारत की पहली स्वदेशी क्रूज होगी, जो लगभग 3200 किलोमीटर की नदी यात्रा को तय करेगी। इसके बाद प्रधानमंत्री ने हल्दिया मल्टी मडल टर्मिनल और उत्तर प्रदेश और बिहार की सामुदायिक जेटी का उद्घाटन किया। इसके साथ ही उन्होंने गुवाहाटी में पांडु टर्मिनल में एक जहाज मरम्मत सुविधा और एक एलिवेटेड रोड का लोकार्पण किया।

इस दौरान पीएम मोदी ने कहा कि, श्एमवी गंगा विलास क्रूज सेवा से पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा, रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे।

बता दें कि 51 दिन की यात्रा में क्रूज 50 जगहों से होकर गुजरेगा, जिसमें पर्यटकों को न सिर्फ गंगा के किनारे दिखेंगे, बल्कि यहां की संसति की झलक भी देखने को मिलेगी।

मंगलवार को 31 स्विस मेहमानों का एक जत्था वाराणसी पहुंचा और गंगा विलास क्रूज पर सवार हुआ। स्विस और जर्मन मेहमान देश के सबसे लंबे रिवर क्रूज गंगा विलास क्रूज पर सवार हुए। भारत में जल परिवहन की सबसे लंबी और रोमांचकारी नदी क्रूज यात्रा आज वाराणसी से रवाना होगी। यह क्रूज 51 दिनों बाद बांग्लादेश की राजधानी ढाका होते हुए असम के डिब्रूगढ़ पहुंचेगा। यह यात्रा कुल 3200 किलोमीटर की होगी। 51 दिनों की यह यात्रा भारत और बांग्लादेश की 27 नदी प्रणालियों से होकर गुजरेगी। यह यात्रा विश्व धरोहर से जुड़े 50 से अधिक स्थानों पर रुकेगी। यह सुंदरबन डेल्टा और काजीरंगा राष्ट्रीय उद्यान सहित जलयान राष्ट्रीय उद्यानों और अभयारण्यों से भी गुजरेगा। बताते चलें कि गंगा विलास क्रूज में जिम, स्पा सेंटर, लेक्चर हाउस, लाइब्रेरी है। 40 क्रू मेंबर भी क्रूज में सवार लोगों को सभी सुविधाएं मुहैया कराने के लिए रहेंगे। गंगा विलास क्रूज में 31 यात्रियों को फाइव स्टार होटल से ज्यादा सुविधाएं मिलेंगी। इस जहाज को विशेष रूप से वाराणसी और गंगा बेल्ट के धार्मिक पर्यटन पर ध्यान केंद्रित करने के साथ डिजाइन किया गया है।क्रूज उच्च तकनीक सुरक्षा, सीसीटीवी निगरानी और पूर्ण लक्जरी सुविधाओं से भी सुसज्जित है। यात्रा उबाऊ न हो, इसलिए क्रूज पर संगीत, सांसतिक कार्यक्रम, जिम आदि की सुविधाएं होंगी। जर्मनी के पर्यटक सिल्विया ने कहा कि वाराणसी से नदी की सवारी के माध्यम से यह एक अविश्वसनीय अनुभव रहा है और गंगा नदी की यात्रा के लिए वह उत्साहित हैं।

क्रूज की सवारी के लिए आपको हर दिन का किराया 50000 रुपये देना होगा। यानी एक आदमी अगर 51 दिन का सफर करता है तो उसे 25 लाख रुपये देने होंगे। यह वाराणसी से कोलकाता तक एक तरफ की सवारी या वाराणसी से डिब्रूगढ़ तक की यात्रा कराएगा। पर्यटक इस क्रूज को वेबसाइट के माध्यम से बुक कर सकते हैं लेकिन शुरुआत में मांग बहुत अधिक है, और जहाज एक वर्ष में पांच यात्राएं करेगा।

## एससी/ एसटी एक्ट मामले में गिरफ्तार डॉक्टर आनंद राय को बड़ी राहत, एससी ने दिए रिहा करने के आदेश



**नई दिल्ली, एजेंसी।** एससी/एसटी एक्ट मामले में गिरफ्तार व्यापमं घोटाले के व्हिसल ब्लोअर डक्टर आनंद राय को बड़ी राहत देते हुए सुप्रीम कोर्ट ने उन्हें जमानत पर रिहा करने का आदेश दिया है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि ट्रायल कोर्ट जमानत की शर्तें तय करेगा। ब्श्र॰ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ और जस्टिस पीएस नरसिम्हा की पीठ ने रिहाई के लिए जमानत शर्त तय करने के लिए मध्य प्रदेश की निचली अदालत को कहा है।

कोर्ट ने कहा कि जिस अदालत में मुकदमा चल रहा है, जमानत की शर्तें भी वहीं से तय की जाएंगी। बता दें कि व्यापमं घोटाले में शामिल डक्टर आनंद राय को मध्य प्रदेश हाई कोर्ट ने भी जमानत पर रिहा करने से इनकार कर दिया था। इसे चुनौती देते हुए डक्टर आनंद राय ने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया था और याचिका दायर की थी। वहीं, मध्य प्रदेश सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में हलफनामा दाखिल कर जमानत याचिका खारिज करने की मांग की है।

हलफनामे में मध्यप्रदेश सरकार ने कहा है कि अपराध की गंभीरता और बड़े पैमाने पर समाज पर इसके बड़े प्रभाव को देखते हुए जमानत ना दी जाए। सरकार ने सुप्रीम कोर्ट से कहा है कि आनंद राय का सरकारी रिकर्ड्स के मुताबिक भी आपराधिक इतिहास रहा है। वो न्याय की प्रक्रिया से भाग सकते हैं।

बता दें कि जमानक की याचिका में कहा गया है कि आनंद राय के खिलाफ साजिश रचकर उन्हें प्रताड़ित किया गया है। सरकार के अधिकारियों द्वारा याचिकाकर्ता से कई बार बदला लेने की कोशिश की जा चुकी है।

## विकास के साथ लोक कलाओं व संस्कृति का संवर्धन करने में जुटे सीएम योगी : रविकिशन

**गोरखपुर , (एजेंसी)।** महोत्सव के समापन समारोह में सांसद रविकिशन शुक्ल ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ हर वक्त गोरखपुर और पूरे प्रदेश को कुछ नया देने का चिंतन करते रहते हैं। उनकी कोशिश प्रदेश के विकास के साथ लोक कलाओं व संसति के संवर्धन की रहती है। गोरखपुर महोत्सव इसी की महत्वपूर्ण कड़ी है जहां बड़े पैमाने पर स्थानीय कलाकारों को मजबूत मंच मिला है।

इस अवसर पर सांसद कमलेश पासवान, विधायक विपिन सिंह, फतेह बहादुर सिंह, महेंद्रपाल सिंह, प्रदीप शुक्ल, ड विमलेश पासवान, भाजपा के जिलाध्यक्ष युधिष्ठिर सिंह, महानगर अध्यक्ष राजेश गुप्ता, कालीबाड़ी के महंत रविंद्रदास, एडीजी जोन अखिल कुमार, जीडीए उपाध्यक्ष महेंद्र सिंह तंवर, सीडीओ संजय मीना, गीडा के सीईओ पवन अग्रवाल, क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी रविन्द्र मिश्र आदि भी उपस्थित रहे।

## जेट एयरवेज के फिर से उड़ान भरने की राह आसान, कंसोर्टियम को स्वामित्व सौंपने का निर्देश




**नई दिल्ली , एजेंसी।** आईबीसी के तहत जेट एयरवेज का अधिग्रहण करने के लिए बोली जीतने वाली जालान-कालरक कंसोर्टियम को एनसीएलटी ने एक बड़ी राहत दी है। नेशनल कंपनी ल ट्रिब्यूनल (छब्स्ज्) ने शुक्रवार को ग्राउंडेड एयरलाइंस का स्वामित्व कंसोर्टियम को स्थानांतरित करने को मंजूरी दे रही है। ट्रिब्यूनल ने पूर्व में स्वीत एयरलाइंस के पुनरोद्धार योजना के तहत स्वामित्व सौंपने का निर्देश दिया है। एनसीएलटी ने बोली जीतने वाले कंसोर्टियम को बकाएदारों का बकाया चुकाने के लिए अतिरिक्त समय भी दे दिया है।

एनसीएलटी का ताजा फैसला कंसोर्टियम की ओर से दाखिल की गई दो याचिकाओं की सुनवाई के बाद आया है। एक याचिका में कंसोर्टियम ने जेट एयरवेज का स्वामित्व हस्तांतरण की मांग की थी। वहीं, दूसरी याचिका में कर्जदारों का पैसा चुकाने के लिए और समय देने की मांग की गई थी। इससे पहले ट्रिब्यूनल ने कंसोर्टियम को जेट एयरवेज के कर्जदारों का पैसा चुकाने के लिए 16 नवंबर 2022 का समय दिया था।

बीते चार साल से ग्राउंडेड जेट एयरवेज के संबंध में ट्रिब्युनल का यह फैसला ऐसे समय में आया है जब कसोर्टियम और एयरलाइंस के ।णदाताओं के बीच मनमुटाव की खबरें आ रही थीं। शुक्रवार को ट्रिब्युनल ने जलान-कलरक कंसोर्टियम को एयरलाइन का स्वामित्व हस्तांतरण करने का निर्देश दिया है। साथ ही एनसीएलटी ने सभी बकायेदारों का पैसा चुकाने के लिए कंसोर्टियम को अतिरिक्त छह महीने का समय दिया है। ऐसे में अब कंसोर्टियम को जेट एयरवेज के सभी बकाएदारों और कर्मचारियों का पैसा चुकाने के लिए मई मध्य तक का समय मिल गया है।

कंसोर्टियम ने एक बयान में कहा, ष्हम विस्तृत फैसले का इंतजार कर रहे हैं, फैसला आने के बाद ही हम उससे जुड़े विवरणों के बारे में बता पाएंगे।

बयान में कहा गया है, ष्हम जेट एयरवेज के ऋणदाताओं और सभी हितधारकों को हमारे पक्ष में उनके निरंतर समर्थन के लिए धन्यवाद देते हैं। हम एयरवेज के विमानों को फिर से आकाश में भेजने के लिए तत्पर हैं।

## हिंदू कार्यकर्ता की मौत : कर्नाटक पुलिस ने शुरू की जांच

**दक्षिण कन्नड़, एजेंसी।** कर्नाटक पुलिस ने दक्षिण कन्नड़ जिले के बंटवाल कस्बे के पास पानामंगलोर में एक हिंदू कार्यकर्ता की संदिग्ध मौत के मामले की जांच शुरू कर दी है। 38 वर्षीय राजेश पुजारी का शव गुरुवार को नेत्रवती नदी से बरामद किया गया। राजेश हिंदुत्व गतिविधियों में सक्रिय रूप से शामिल थे और उन्होंने प्रकंद गोरक्षा प्रमुख के रूप में भी काम किया। लोगों ने नदी पुल के पास उनकी बाइक देखी और पुलिस को सूचना दी। विश्व हिंदू परिषद (विहिप) के सह संयोजक शरण पंपवेल ने घटना की उच्चस्तरीय जांच की मांग की है। राजेश की संदिग्ध मौत से सांप्रदायिक रूप से संवेदनशील क्षेत्र में तनावपूर्ण स्थिति पैदा हो गई है। पुलिस सूत्रों ने कहा कि उन्होंने लोगों से पूछताछ शुरू कर दी है। इससे पहले भाजपा युवा मोर्चा के सदस्य प्रवीण कुमार नेतारे की पिछले साल इस क्षेत्र में बदमाशों के एक गिरोह ने हत्या कर दी थी। जांच से पता चला कि हिजाब संकट की पृष्ठभूमि में उन्हें निशाना बनाया गया था।

## शरद यादव के निधन पर नीतीश, लालू, तेजस्वी सहित भाजपा नेताओं ने जताया शोक

**पटना, एजेंसी।** देश के वरिष्ठ समाजवादी नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री शरद यादव के निधन से बिहार की राजनीति में शोक की लहर दौड़ गई है। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार सहित राजद के नेता लालू प्रसाद, उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव सहित भाजपा के नेताओं ने उनके निधन पर दुख प्रकट किया है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शरद यादव के निधन पर शोक प्रकट करते हुए कहा कि पूर्व केंद्रीय मंत्री शरद यादव जी का निधन दुरूखद है। शरद यादव से मेरा बहुत गहरा संबंध था। मैं उनके निधन की खबर से स्तब्ध एवं मर्माहत हूं।

उन्होंने कहा कि वे एक प्रखर समाजवादी नेता थे। उनके निधन से सामाजिक एवं राजनीतिक क्षेत्र में अपूरणीय क्षति हुई है।

राजद के अध्यक्ष और उनके साथ राजनीति करने वाले लालू प्रसाद ने शोक प्रकट करते हुए ट्वीट कर लिखा कि अभी सिंगापुर में रात्रि में शरद भाई के जाने का दुखद समाचार मिला। बहुत बेबस महसूस कर रहा हूं। आने से पहले मुलाकात हुई थी और कितना कुछ हमने सोचा था समाजवादी व सामाजिक न्याय की धारा के संदर्भ में। शरद भाई, ऐसे अलविदा नही कहना था। भावपूर्ण श्रद्धांजलि।

उनके निधन पर शोक व्यक्त करते हुए उपमुख्यमंत्री तेजस्वी प्रसाद ने कहा कि मंडल मसीहा, राजद के वरिष्ठ नेता, महान समाजवादी नेता मेरे अभिभावक आदरणीय शरद यादव जी के असामयिक निधन की खबर से मर्माहत हूँ। कुछ कह पाने में असमर्थ हूँ।

उन्होंने कहा कि दुरूख की इस घड़ी में संपूर्ण समाजवादी परिवार उनके परिजनों के साथ है।

इसके साथ हीं राजद के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष शिवानंद तिवारी, उदय नारायण चौधरी, प्रदेश अध्यक्ष जगदानंद सिंह, प्रदेश के प्रधान महासचिव आलोक कुमार मेहता, प्रदेश प्रवक्ता चित्तरंजन गगन ने भी शरद जी के निधन पर शोक प्रकट करते हुए कहा कि समाजवादी आन्दोलन के महान सेनापति के साथ हीं मंडल मसीहा के रूप में हमेशा याद किए जाएंगे।

भाजपा के नेताओं ने भी शरद यादव के निधन पर शोक प्रकट किया है। भाजपा के बिहार प्रदेश अध्यक्ष संजय जायसवाल ने यादव के निधन पर कहा कि पूर्व केंद्रीय मंत्री, समाजवादी नेता आदरणीय श्री शरद यादव जी का निधन अत्यंत दुखद है। वे एक सुलझे हुए राजनेता थें। उनके निधन से राजनीतिक जगत को गहरा झटका लगा है।

बिहार विधानसभा में विपक्ष के नेता विजय सिन्हा ने कहा कि शरद यादव का निधन दुखद है।

## यूपी की मंत्री ने रामचरितमानस पर टिप्पणी के लिए बिहार के मंत्री की खिंचाई की

**झांसी, एजेंसी।** उत्तर प्रदेश की माध्यमिक शिक्षा राज्य मंत्री गुलाब देवी ने रामचरितमानस पर टिप्पणी के लिए बिहार के शिक्षा मंत्री चंद्रशेखर की निंदा की है। उन्होंने कहा, वह रामचरितमानस के बारे में नहीं जानते। जिन्हें अपने पवित्र शास्त्रों के बारे में ज्ञान नहीं है, अगर वो जानते वे ऐसा बयान नहीं देते। उन्होंने अपनी सीमित बुद्धि के अनुसार बात की है। वे नहीं जानते कि रामचरितमानस हमें मानवता और समाजवाद सिखाता है।

चंद्रशेखर ने हाल ही में कहा था कि रामचरितमानस समाज में नफरत फैलाती है।

राजद नेता ने यह टिप्पणी तब की थी जब वह नालंदा मुक्त विश्वविद्यालय के 15वें दीक्षांत समारोह को संबोधित कर रहे थे। इस मौके पर बिहार के राज्यपाल फागू चौहान भी मौजूद थे।

## अब अपराध नहीं, आस्था और विकास का समन्वित केंद्र है गोरखपुर : सीएम योगी

**गोरखपुर , (एजेंसी)।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि बीस वर्ष पूर्व गोरखपुर को आतंक और अपराध का पर्याय समझा जाता था। पर, विगत छह सालों में यह विकास की नई आभा के साथ आगे बढ़ा है। यहां के नागरिकों और नौजवानों को एक नई पहचान मिली है। गोरखपुर अब अपराध नहीं, आस्था और विकास का समन्वित केंद्र है। मुख्यमंत्री शुक्रवार को तीन दिवसीय गोरखपुर महोत्सव 2023 के समापन समारोह को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि सम व विपरीत परिस्थितियों में विगत छह सालों से गोरखपुर महोत्सव का आयोजन पूरी भव्यता से हो रहा है। गोरखपुर ने विकास की नई यात्रा प्रारंभ की है। इस जनपद पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की विशेष अनुकम्पा भी है। पीएम मोदी के नेतृत्व में भारत वैश्विक मंच पर विकास की नई यात्रा पर है तो इसमें उत्तर प्रदेश भी नई सोच के साथ आगे बढ़ा है। इस विकास यात्रा में गोरखपुर कैसे पीटे रह जाता। गोरखपुर भी नई पहचान के साथ इसमें सहभागी बना है। गोरखपुर महोत्सव नई पहचान की महत्वपूर्ण कड़ी है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी पहचान अच्छाई से होनी चाहिए। इसी के दृष्टिगत गोरखपुर ने विकास की हर उस योजना को टुआ है, जिसकी तड़पन थी। कभी खुद बीमार रहे बीआरडी मेडिकल कलेज की स्थिति तो ठीक हुई ही, यहां एम्स भी खुल गया। 1990 में बंद खाद कारखाने की जगह 2021 में नया कारखाना चालू हो गया।

## सोनू निगम के एलबम श्रीहनुमान चालीसा का विमोचन किया सीएम योगी ने

**गोरखपुर , (एजेंसी)।** महोत्सव के मंच से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रख्यात गायक पद्मश्री से सम्मानित सोनू निगम के एलबम (सीडी) श्रीहनुमान चालीसा का विमोचन किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि हनुमान चालीसा गोस्वामी तुलसीदास जी की ति है। इसके रचते समय अनेक चुनौतियां भी आईं लेकिन हनुमान जी की पा से सभी संकट दूर होते गए।

हनुमान चालीसा आज जन-जन का मंत्र है। बच्चे की प्रारंभिक बोली की तरह यह सहज और सरल तरीके से शिक्षित-अनपढ़ सबके रोम रोम में बसा है। ऐसे दौर में जब अयोध्या में श्रीराम मंदिर का निर्माण अंतिम चरणों में है।

## सीमा पार आतंकवाद का उपयोग करने वाले देशों को जवाबदेह ठहराया जाना चाहिए :भारत

**संयुक्त राष्ट्र , एजेंसी।** भारत ने सीमा पार आतंकवाद का इस्तेमाल करने वाले देशों को जवाबदेह ठहराने के लिए अंतरराष्ट्रीय एकजुटता का आह्वान किया है। संयुक्त राष्ट्र में भारत की स्थायी प्रतिनिधि रुचिरा कंबोज ने गुरुवार को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में कहा, संकीर्ण राजनीतिक उद्देश्यों की पूर्ति के लिए सीमा पार आतंक का इस्तेमाल करने वाले राज्यों को जवाबदेह ठहराया जाना चाहिए।

उन्होंने कहा, यह तभी संभव है जब सभी देश आतंकवाद जैसे सामान्य खतरों के खिलाफ एक साथ खड़े हों और राजनीतिक लाभ के लिए दोहरे मानकों में शामिल न हों।

उन्होंने पाकिस्तान का नाम लिए बिना कहा, अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर कानून के शासन को लागू करने के लिए राष्ट्रों की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता को आतंकवाद और सीमा पार आतंकवाद सहित अन्य आक्रामकता से बचाना चाहिए।

जापान के विदेश मंत्री योशिमासा हयाशी ने कहा कि कानून का शासन आधुनिक राष्ट्र राज्यों का आधारभूत आधार है इसे राष्ट्रों के बीच भरोसे पर टिका होना चाहिए।

उन्होंने कहा, यदि समझौतों का सद्भावपूर्वक पालन नहीं किया जाता है, तो कानून का शासन नहीं रह जाता और दुनिया में जंगल राज आ जाता है।संयुक्त राष्ट्र के महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने चेतावनी दी, हम अराजकता के शासन के गंभीर खतरे का सामना कर रहे हैं।उन्होंने कहा, परमाणु हथियारों के अवैध विकास से लेकर बल के अवैध इस्तेमाल तक, विभिन्न देश अंतरराष्ट्रीय कानून की धज्जियां उड़ा रहे हैं।

उन्होंने यूक्रेन पर रूस के आक्रमण पर ध्यान केंद्रित करते हुए कहा, इसने एक मानवीय और मानवाधिकार तबाही पैदा की है, बच्चों की एक पीढ़ी को आघात पहुंचाया है, और वैश्विक खाद्य और ऊर्जा संकट को तेज किया है।

कंबोज ने सीधे तौर पर यूक्रेन की स्थिति का उल्लेख नहीं किया, लेकिन कहा, कानून के शासन के लिए आवश्यक है कि देश एक-दूसरे की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता का सम्मान करें, क्योंकि वे अपनी खुद की संप्रभुता का सम्मान करने की उम्मीद करते हैं।

## 31 जनवरी से 6 अप्रैल तक चलेगा संसद सत्र, पीएम मोदी ने बजट के लिए अर्थशास्त्रियों से लिए सुझाव

**नई दिल्ली, एजेंसी।** संसद का बजट सत्र 31 जनवरी से शुरू होकर 6 अप्रैल तक चलेगा। उक्त जानकारी केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री प्रह्लाद जोशी ने ट्वीट करके दी। सामान्य अवकाश के साथ 66 दिनों में कुल 27 बैठकें आयोजित की जाएंगी। संसद का अवकाश 14 फरवरी से 12 मार्च तक रहेगा। जोशी ने कहा कि अमृत काल के बीच राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव, केंद्रीय बजट और अन्य मदों पर चर्चा के लिए उत्सुक हूं। उन्होंने बताया कि बजट सत्र 2023 के दौरान अवकाश 14 फरवरी से 12 मार्च तक रहेगा, ताकि विभाग संबंधित संसदीय स्थायी समितियां अनुदान मांगों की जांच कर सकें और अपने मंत्रालयों और विभागों से संबंधित रिपोर्ट तैयार कर सकें।

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण 1 फरवरी को केंद्रीय बजट पेश करेंगी। बजट सत्र की शुरुआत राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा संसद के सेंट्रल हल में लोकसभा और राज्यसभा की संयुक्त बैठक को संबोधित करने से होगी।

# दूसरा वनडे जीतकर सीरीज में अजेय बढ़त बनाने उतरेगा भारत

कोलकाता ,। पहले वनडे में मेहमान टीम को 67 रन से रौंदने के बाद भारत यहां ईडन गार्डन में श्रीलंका के खिलाफ दूसरा एकदिवसीय मुकाबला जीतकर तीन मैचों की सीरीज में 2–0 की अजेय बढ़त बनाने उतरेगा।गुवाहाटी में खेले गये पहले मुकाबले में जहां रोहित शर्मा और शुभमन गिल के बीच पहले विकेट के लिये हुई 143 रन की साझेदारी ने भारत को मजबूत स्थिति में पहुंचाया, वहीं विराट कोहली के 73वें अंतरराष्ट्रीय शतक की मदद से टीम 373 रन का विशाल स्कोर खड़ा कर सकी।



भारत के शीर्ष तीन बल्लेबाजों ने भले ही बड़े स्कोर बनाये, लेकिन निचला क्रम ज्यादा कुछ कमाल नहीं दिखा सका। इसका नतीजा यह हुआ कि भारत ने आखिरी नौ ओवरों में सिर्फ 70 रन जोड़े। यूं तो श्रेयस अय्यर (28) और केएल राहुल (39) दोनों ही अच्छी शुरुआत का फायदा नहीं उठा सके, लेकिन राहुल की खराब फॉर्म कुछ समय से भारत के लिये चिंता का विषय रही है।

राहुल ने 2022 में भारत के लिये नौ वनडे मैच खेले, जिसमें उन्होंने 27.9 की औसत से सिर्फ 251 रन बनाये। साथ ही उनका स्ट्राइक रेट 80.2 का रहा जो एक फिनिशर की भूमिका निभाने वाले बल्लेबाज के लिहाज से कम है। ऋषभ पंत की गैरमौजूदगी में भारत के विकेटकीपर की भूमिका निभाने वाले राहुल को दूसरे वनडे में बड़ा स्कोर बनाने की जरूरत होगी।

दूसरी ओर, श्रीलंका को गुरुवार से पहले ऊपरी क्रम की लचर बल्लेबाजी का कुछ इलाज ढूंढना होगा। सलामी बल्लेबाज पथुम निसंका (72) की अर्द्धशतकीय पारी के अलावा किसी बल्लेबाज ने महत्वपूर्ण योगदान नहीं दिया। अंत में कप्तान दसुन शनाका ने आकर 88 गेंदों पर 108 रन की पारी खेली, लेकिन तब तक मैच उनकी टीम के हाथ से निकल चुका था। श्रीलंका के पास गेंदबाजी और फील्डिंग से जुड़ी हुई कुछ चिंताएं भी हैं। गेंदबाजों ने जहां शुरुआती ओवरों में ढीली गेंदबाजी करके रोहित और गिल को हाथ खोलने का मौका दिया, वहीं खराब फील्डिंग के कारण भी श्रीलंका को कई रनों की क्षति हुई। कसुन रजिता की गेंदबाजी पर रन मशीन विराट कोहली का कैच क्रमशः 51 और 82 रन पर दो बार छूटा और उन्होंने इसका भरपूर फायदा उठाते हुए 113 रन जड़ डाले। शनाका की टीम अगर ईडन गार्डन में जीत दर्ज करके सीरीज 1–1 से बराबर करना चाहती है तो उसे इन गलतियों को दोहराने से बचना होगा। ईडन गार्डन अब तक 30 एकदिवसीय मैचों की मेजबानी कर चुका है, हालांकि इस मैदान पर पिछला एकदिवसीय मैच 2017 में भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच खेला गया था। दक्षिण अफ्रीका को 2020 में यहां वनडे खेलना था लेकिन उस मुकाबले को कोविड महामारी के कारण रद्द करना पड़ा। अब जब छह साल बाद क्रिकेट कोलकाता लौट रहा है तो टॉस जीतने वाली टीम पहले बल्लेबाजी करते हुए बड़ा स्कोर खड़ा करना चाहेगी। ईडन गार्डन में पहले बल्लेबाजी करने वाली टीम ने 18 मुकाबले जीते हैं, जबकि लक्ष्य का पीछा करने वाली टीम को सिर्फ 11 बार विजय मिली है। इस मैदान से रोहित शर्मा की खास यादें भी जुड़ी हैं क्योंकि उन्होंने यहां 2014 में अपना पहला दोहरा शतक जड़कर भारत को श्रीलंका के खिलाफ 404 रन तक पहुंचाया था।

# पाक को एशिया कप की मेजबानी छिनने का डर

## जय शाह से मिलेंगे पीसीबी अध्यक्ष नजम सेठी



इस्लामाबाद । पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड को अब एशिया कप की मेजबानी छिनने का डर सताने लगा है। जानकारी है कि पीसीबी अध्यक्ष नजम सेठी इन दिनों भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड के सचिव जय शाह से मिलना चाह रहे हैं। दरअसल नजम सेठी को इसी साल होने वाले एशिया कप की मेजबानी को लेकर बात करनी है।

बता दें कि आज दुबई में इंटरनेशनल लीग टी20 का उद्घाटन होना है। नजम सेठी ने भी इस मौके पर पहुंचकर बीसीसीआई सचिव जय शाह के आने पर उनसे एशिया कप की मेजबानी अधिकारों को लेकर बात करने का प्लान बनाया है।

पीसीबी के एक सूत्र ने बताया कि नजम सेठी एसीसी (एशियन क्रिकेट काउंसिल) सदस्यों से संबंधों पर काम करना चाहेंगे, ताकि सितंबर में पाकिस्तान में एशिया कप की मेजबानी सुनिश्चित हो सके।

हालांकि बीसीसीआई की तरफ से इस बात की पुष्टि नहीं की है कि इंटरनेशनल लीग टी20 के उद्घाटन समारोह में जय शाह या कोई और अधिकारी जाएंगे भी या नहीं। इसके अलावा अभी यह भी स्पष्ट नहीं है कि शाह पीसीबी अध्यक्ष से अनौपचारिक बात करना चाहेंगे भी या नहीं।

# एमआई अमीरात का ऑफिशियल पार्टनर बना ऊषा इंटरनेशनल



नयी दिल्ली ,। इलेक्ट्रिक उपकरण बनाने वाले प्रमुख भारतीय ब्रांड ऊषा ने संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) की इंटरनेशनल लीग टी20 (आईएलटी20) की फ्रेंचाइजी एमआई अमीरात के साथ अपनी आधिकारिक साझेदारी की घोषणा गुरुवार को की। ऊषा इंटरनेशनल ने यहां जारी बयान में कहा कि इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में मुंबई इंडियन्स की सफलता ने एमआई अमीरात के साथ उन्हें यह साझेदारी करने के लिये प्रेरित किया। ऊषा इंटरनेशनल के खेल पहल और साझेदारी विभाग की प्रमुख कोमल मेहरा ने इस साझेदारी पर कहा, यह साझेदारी खेल भावना का समर्थन करने और उसे प्रोत्साहित करने की हमारी प्रतिबद्धता पर जोर देती है। हमारी टी–20 साझेदारी बहुत पुरानी है, और हमें विश्वास है कि एमआई अमीरात एक स्वस्थ जीवनशैली हासिल करने के हमारे लक्ष्य को नये आयाम प्रदान करेगी। हम टीम के खिताब जीतने की उम्मीद करते हैं। एमआई अमीरात टीम को हमारी तरफ से शुभकामनाएँ। एमआई अमीरात के प्रवक्ता ने कहा, हम ऊषा इंटरनेशनल के साथ अपनी साझेदारी को बरकरार रखने को लेकर बहुत खुश हैं। स्थायी साझेदारी की दिशा में यह कदम ब्रांड के साथ हमारे मजबूत और निरंतर संबंधों को दर्शाता है। हम यूएई में एक सफल सीजन देने के लिये तत्पर हैं। एमआई अमीरात 14 जनवरी को कीरन पोलार्ड के नेतृत्व में अपने आईएलटी20 अभियान की शुरुआत करेगी। इस टीम में ड्वेन ब्रावो, निकोलस पूरन, इमरान ताहिर और ट्रेंट बाउल्ट जैसे अंतरराष्ट्रीय सितारों के साथ मुहम्मद वसीम, बासिल हमीद, जहूर खान, और वृति अरविंद जैसी स्थानीय प्रतिभाएं भी शामिल हैं।

## अफगानिस्तान के साथ क्रिकेट नहीं खेलेगा आस्ट्रेलिया, तालिबान के महिलाओं पर जुल्म की वजह से लिया फैसला

सिडनी । ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट बोर्ड ने अफगानिस्तान के खिलाफ होने वाली 3 मैचों की वनडे सीरीज खेलने से इनकार कर दिया है। यह सीरीज मार्च के आखिर में यूएई में खेली जानी थी। जानकारी के अनुसार महिलाओं और लड़कियों की शिक्षा और रोजगार पर तालिबान के बढ़ते प्रतिबंधों के जवाब में क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने अफगानिस्तान के खिलाफ मार्च में होने वाली वनडे सीरीज से हटने का फैसला किया है।

मैचों में अफगानिस्तान का सामना करना था, लेकिन आज की घोषणा के बाद यह सीरीज योजना के मुताबिक आगे नहीं बढ़ेगी। ऑस्ट्रेलियाई बोर्ड ने तालिबान के कुछ फैसलों के विरोध में यह बड़ा कदम उठाया है और सीरीज खेलने से इनकार कर दिया है।

# सौराष्ट्र ने हैदराबाद को पारी और 57 रन से रौंदा



हैदराबाद । सौराष्ट्र ने गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन की मदद से हैदराबाद को रणजी ट्रॉफी के ग्रुप–बी मुकाबले में पारी और 57 रन से रौंद दिया।

सिर्फ पांच सत्र चले मुकाबले में सौराष्ट्र ने पहली पारी में 248 रन की बढ़त ली, जबकि हैदराबाद दूसरी पारी में 191 रन पर ही ऑलआउट हो गयी।

हैदराबाद के गेंदबाजों ने दूसरे दिन की शुरुआत अच्छी की, हालांकि उनके बल्लेबाज कोई कमाल नहीं कर सके।

सौराष्ट्र ने दिन की शुरुआत 250/5 से करते हुए सिर्फ 77 रन के बदले अपने आखिरी पांच विकेट गंवा दिये। अबरार मोहिउद्दीन (35/1) ने शेल्डन जैकसन को आउट करके हैदराबाद को दिन की पहली सफलता दिलाई, जबकि अनिकेत रेड्डी (95/7) ने तीव्रता के साथ आखिरी चार विकेट चटकाये और सौराष्ट्र 327 पर ऑलआउट हो गयी।

पहली पारी में सिर्फ 79 रन जोड़ सकने वाले हैदराबादी बल्लेबाजों के सामने 248 रन की बड़ी बढ़त समाप्त करने की चुनौती थी मगर वे ऐसा नहीं कर सके। शुरुआती तीन विकेट सिर्फ 18 रन पर गिरने के बाद मध्यक्रम के बल्लेबाज टीएस गौड़ और चंदन साहनी ने हालांकि संघर्ष किया।

गौड़ ने 125 गेंदों पर चार चौकों और एक छक्के के साथ 58 रन बनाये, जबकि साहनी ने 40 गेंदों पर छह चौकों और तीन छक्कों के साथ 49 रन की पारी खेली। दोनों के बीच चौथे विकेट के लिये 60 रन की साझेदारी हुई जिसे कप्तान जयदेव उनाडकट ने साहनी को आउट करके तोड़ा।

गौड़ ने इसके बाद भी मोर्चा संभाले रखा, हालांकि दूसरे छोर से विकेट गिरते गये। गौड़ के रूप में 10वां विकेट गिरने के साथ हैदराबाद 191 रन पर ऑलआउट हो गयी और सौराष्ट्र ने यह मुकाबला जीत लिया।

धर्मेंद्रसिंह जडेजा ने गौड़ को आउट करके के साथ–साथ कुल चार विकेट लिये, जबकि उनाडकट ने तीन विकेट हासिल किये। युवराजसिंह डोडिया ने दो विकेट लिये, जबकि चेतन सकारिया को एक विकेट हासिल हुआ।

00

# फिल्मी सफर

# फिल्म शहजादा का ट्रेलर रिलीज, एक्शन स्टार बन कार्तिक ने मारी एंट्री



कार्तिक आर्यन को पिछली बार फिल्म फ्रेडी में देखा गया था, जिसके बाद से उनसे दर्शकों की उम्मीदें और बढ़ गई हैं। इसमें कार्तिक ने अपने ऐसे अवतार से दर्शकों को मिलवाया, जो पहले कभी नहीं दिखा। उन्होंने साबित कर दिया कि वह हर तरह की भूमिका में जान फूंक सकते हैं। अब उनकी फिल्म शहजादा को लेकर भी दर्शक उत्साहित हैं। इसका ट्रेलर रिलीज हो गया है। आइए देखते हैं फिल्म में किस अवतार में नजर आएंगे कार्तिक।

ट्रेलर में शहजादे बने कार्तिक एक एक्शन स्टार बनकर एंट्री लेते हैं। उनका यह कूल अंदाज देखने लायक है। ट्रेलर की शुरुआत उस सीन से होती है, जिसमें कार्तिक गुंडों की धुनाई कर रहे हैं। उन्हें देख ऐसा लग रहा है जैसे वह पहले भी कई एक्शन फिल्में कर चुके हैं। उनकी कॉमेडी भी देखते ही बनती है। कार्तिक अपने परिवार के लिए लड़ते दिख रहे हैं। कृति सैनन संग उनके रोमांस की झलक भी इसमें दिखी है।ट्रेलर देख तो लगता है कि शहजादा दर्शकों को एक्शन के साथ कॉमेडी का भी पूरा डोज देने वाला है। इसके जरिए परिवार की अहमियत को बताया गया है। यह फिल्म एक फैमिली एंटरटेनर है, जो बेशक इसकी रिलीज को लेकर उत्सुकता जगाती है।

फिल्म का ट्रेलर देखने के बाद सोशल मीडिया पर प्रशंसक कार्तिक की तारीफ करते नहीं थक रहे हैं। उनका कहना है कि कार्तिक का स्वैग ही अलग है। एक ने लिखा, कार्तिक एक ऐसे स्टार हैं, जिन्हें नजरअंदाज नहीं किया जा सकता है। दूसरे ने लिखा, बॉलीवुड के अगले एक्शन हीरो। एक ने लिखा, फायर है भाई फायर। ज्यादातर लोगों ने कार्तिक की तारीफ के कसीदे पढ़े हैं। एक ने लिखा, ट्रेलर इतना शानदार है तो फिल्म कितनी दमदार होगी?

शहजादा साउथ फिल्म अला वैकुंठपुरमलो का हिंदी रीमेक है। फिल्म में कार्तिक और कृति के अलावा रोनित रॉय, परेश रावल और मनीषा कोइराला भी हैं। रोहित धवन इस फिल्म के निर्देशक हैं, वहीं फिल्म का निर्माण भूषण कुमार, कृष्ण कुमार, अल्लू अरविंद, एस राधा कृष्ण और अमन गिल ने मिलकर किया है। फिल्म में परेश, कार्तिक के पिता की भूमिका निभाएंगे, जबकि मनीषा उनकी मां की भूमिका में होंगी। यह फिल्म 10 फरवरी को सिनेमाघरों में आने वाली है।

कार्तिक जल्द ही फिल्म प्यार का पंचानामा 3 में नजर आएंगे। इसके लिए उन्होंने एक बार फिर निर्देशक लव रंजन से हाथ मिलाया है। उन्हें उनकी हिट फिल्म लुका छिपी के सीक्वल लुका छिपी 2 में भी देखा जाएगा। इसके अलावा कार्तिक निर्देशक हंसल मेहता की फिल्म कैप्टन इंडिया में मुख्य भूमिका निभाएंगे। साजिद नाडियाडवाला की फिल्म सत्यप्रेम की कथा भी उनके खाते से जुड़ी है। कार्तिक फिल्म आशिकी 3 का हिस्सा भी हैं।



## महात्मा गांधी की बायोपिक सीरीज की शूटिंग इसी साल शुरू होगी

मशहूर फिल्म निर्माता हंसल मेहता भारत के स्वाधीनता संग्राम के अग्रणी नेता रहे महात्मा गांधी के जीवन पर एक वेब सीरीज बनाने जा रहे हैं, जिसकी शूटिंग वह जल्द शुरू करेंगे। वह रामचंद्र गुहा की प्रतिष्ठित पुस्तकों गांधी बिफोर इंडिया और गांधी–द इयर्स दैट चेंज द वर्ल्ड पर आधारित सीरीज बनाएंगे, जिसका नाम गांधी रखा गया है। महात्मा गांधी की बायोपिक में प्रतीक गांधी मुख्य भूमिका में नजर आएंगे। अप्लॉज एंटरटेनमेंट ने गुहा से इसके राइट्स खरीदे हैं।इस सीरीज के जरिए गांधी की अनकही कहानियों को दर्शकों के बीच लाया जाएगा। यह दूसरी बार है जब हंसल और प्रतीक एक साथ काम कर रहे हैं। इससे पहले ये जोड़ी स्कैम 1992 का हिस्सा रही है। प्रतीक के वर्कफ्रंट की बात करें तो वह समाज सुधारक और लेखक ज्योतिराव फुले की बायोपिक में भी नजर आएंगे।

# हसीन दिलरुबा के सीक्वल से तापसी पन्नू का फर्स्ट लुक जारी, शूटिंग शुरू



तापसी पन्नू ने अपनी नई फिल्म हसीन दिलरुबा का पोस्टर शेयर किया है. वो अक्सर अपने बोल्ड बयानों और दमदार फिल्मों के लिए जानी जाती हैं. फिल्म के निर्माता आनंद एल राय ने इसके बाद खुद टिटर हैंडल के जरिए इस बात की पुष्टि की है. आनंद ने लिखा, ओ हमारी हसीन दिलरुबा. शूटिंग शुरू हो गई है फिर आई हसीन दिलरुबा की. उन्होंने आगे लिखा है, तापसी तुझे बोला था ना 9 बजे पोस्टर लगाने के लिए डाला क्यों नहीं अभी तक.तापसी ने उन्हें जवाब देते हुए ट्वीट किया, सर, मैं अभी तैयार नहीं हूं... इस बार तो कहां ले गई है किरदार को कनिका ढिल्लों! पता नहीं क्या खाके लिखी है ये कहानी. और हर बार मेरे साथ ही क्यों ऐसी.

साथ ही इसके बाद, कनिका ढिल्लन ने उन्हें एक ट्वीट के साथ चिढ़ाया, क्यों डर गई क्या? तापसी ने जवाब दिया, तडक़ और भडक़ ठीक है!! पर इस बार कहानी सुन कर मेरा जो बीपी हाई हुआ है बाय गॉड! कुछ तो हद में रहकर सोच लिया करो. भगवान! कम से कम हद में तो सोचो.तापसी ने ट्विटर पर फिर आई हसीन दिलरुबा का पहला पोस्टर शेयर किया. पोस्टर में एक्ट्रेस लाल साड़ी में ताजमहल को देखते हुए बैक पोज देते हे नजर आ रही हैं. कहानी आगरा में घटित होगी. तापसी के अलावा फिल्म में विक्रांत मैसी और सनी कौशल भी होंगे. पोस्टर को शेयर करते हुए, तापसी ने पोस्ट को कैप्शन दिया, एक नए शहर में, फिर एक बार... तहलका मचाने आ रही है, हमारी हसीन दिलरुबा (एक नए शहर में, फिर से ... हमारी हसीन दिलरुबा अराजकता पैदा करने आ रही है) !इस महीने की शुरुआत में, विक्रांत ने अपनी रोमांटिक थ्रिलर फिल्म हसीन दिलरुबा की दूसरी किस्त की पुष्टि की. विनी मैथ्यू द्वारा निर्देशित और कनिका ढिल्लन द्वारा लिखित, हसीन दिलरुबा का प्रीमियर विशेष रूप से जुलाई 2021 में नेटफ्लिक्स पर हुआ और दर्शकों से पॉजिटिव रिव्यूज मिले. इस फिल्म में विक्रांत, तापसी पन्नू और हर्षवर्धन राणे मुख्य भूमिका में हैं. फिर आयी हसीन दिलरुबा के अलावा, तापसी की राजकुमार हिरानी की एक फ़िल्म भी पाइपलाइन में है.

# पैन स्टूडियो ने 100 करोड़ रुपये में खरीदे पुनर्जन्म पर आधारित सूर्या 42 के अधिकार



ताजा रिपोर्ट की मानें तो तमिल सुपरस्टार सूर्या की 42वीं फिल्म के अधिकार पैन स्टूडियोज के जयंतिलाल गढ़ा ने पूरे 100 करोड़ रुपये में खरीदे हैं। इतना ही नहीं, हैरानी की बात यह है कि यह अब तक किसी भी तमिल फिल्म के लिए हुई सबसे महंगी डील बताई जा रही है।

रिपोर्ट के अनुसार फिल्म स्टार से जुड़े करीबी सूत्रों ने कहा, सूर्या 42 के हिंदी अधिकार जयंतिलाल गढ़ा ने 100 करोड़ रुपये में खरीदे हैं। यह सूर्या की किसी भी हिंदी फिल्म के लिए अभी तक की सबसे महंगी डील है। साथ ही तमिल फिल्म इंडस्ट्री के लिए भी यह एक सबसे बड़ी महंगी फिल्म है। निर्माता इस फिल्म को खास बनाने में कोई कसर नहीं छोडने़ वाले हैं। यह फिल्म एक बड़ी धमाकेदार एडवेंचर्स एक्शन फिल्म होने वाली है। जो देशभर के सभी दर्शकों को प्रभावित करने में कामयाब होगी।

दिलचस्प बात यह है कि पैन स्टूडियो ने इस मेगा डील में फिल्म के डिजिटल, सैटेलाइट्स और थियेट्रिकल सभी हिंदी राइट्स हासिल कर लिए हैं। तमिल निर्देशक शिवा की यह फिल्म एक बिग बजट फिल्म है। जिसे बनाने में निर्माताओं ने कथित तौर पर 200 करोड़ रुपये खर्च किए हैं। दिलचस्प बात यह है कि इस फिल्म को 10 भाषाओं में प्रदर्शित किया जाएगा। इनमें हिन्दी, तमिल, तेलुगू, मलयालम, कन्नड़ विशेष रूप से शामिल हैं। इस फिल्म में सुपरस्टार सूर्या के साथ अदाकारा दिशा पाटनी लीड रोल में नजर आने वाली हैं। यह उनकी पहली तमिल फिल्म होने जा रही है। दिशा पाटनी को हिन्दी भाषी दर्शक बागी, भारत सरीखी फिल्मों में देख चुके हैं। जिसे लेकर फैंस के बीच खासा उत्साह है। सिने गलियारों में बहती हुई हवाओं का कहना है कि सूर्या की यह फिल्म पुर्नजन्म पर आधारित है। सूर्या गत वर्ष दर्शकों के सामने ईटी और विक्रम में नजर आए थे। हालांकि व्यावसायिक तौर पर ईटी हिन्दी में असफल रही थी लेकिन दक्षिण में जरूर इसने मोटी कमाई की थी। वहीं दूसरी विक्रम में वे कैमियो भूमिका में नजर आए थे लेकिन उनके किरदार की चर्चा पूरी फिल्म में रहती है।

जयन्त
संस्थापक
स्व.नरेन्द्र उनियाल
प्रकाशक,मुद्रक और स्वामी
नागेन्द्र उनियाल द्वारा प्रतिभा प्रेस से मुद्रित तथा बद्रीनाथ मार्ग कोटद्वार (गढ़वाल) से प्रकाशित
–सम्पादक
नागेन्द्र उनियाल
आर.एन.आई. 35469/79
फोन/फैक्स 01382–222383
मो. 8445596074, 9412081969
e-mail: nagendra.uniyal@gmail.com